CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 17°C

लखनऊ, रविवार 26 अक्टूबर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 355 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को लेकर एलआईसी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल पेज 2



सिडनी में रोहित का शतक व कोहली के रिकॉर्ड से जीता भारत खेल टाइम्स



पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंप दिए थे एटमी हथियार: जॉन किरियाकू पेज 11



अहमद खान बनाम शाह बानो के किरदार में दिखेंगे इमरान व यामी बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### साराभाई वर्सेस साराभाई फेम एक्टर सतीश शाह का निधन



**मुंबई।** साराभाई वर्सेस साराभाई फेम अभिनेता सतीश शाह का निधन हो गया है। भारतीय फिल्म निर्माता और निर्देशक अशोक पंडित ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया है कि अभिनेता इस दुनिया में नहीं रहे। शनिवार दोपहर किडनी फेलियर के चलते उन्हें हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। सतीश शाह बीते कुछ समय से मीडिया से दूरी बनाए हुए थे। वो काफी समय से न तो किसी पब्लिक इवेंट में नजर आए थे और न ही किसी फिल्म में। साल 2014 में उनकी आखिरी फिल्म 'हमशक्ल' रिलीज हुई थी।

### कुर्नूल बस हादसा: 234 स्मार्ट फोन में ब्लास्ट से भड़की आग, दो गिरफ्तार

**कुर्नूल।** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में हुए बस हादसे में एक नया खुलासा हुआ है। शुक्रवार सुबह जिस बस में आग लगने से 20 यात्रियों की जलकर मौत हुई, उसमें 234 स्मार्टफोन रखे हुए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फोरेंसिक टीम का कहना है कि इन फोन की बैटरी में ब्लास्ट के कारण ही आग तेजी से भड़की, जिससे यात्रियों को बचने का मौका नहीं मिला। इधर, कुर्नूल पुलिस ने हादसे के बाद भागे ड्राइवर मिरियाला लक्ष्मैया और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है।

### डाक्टर आत्महत्या केस: मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा में फलटण के होटल में सुसाइड करने वाली डाक्टर के सुसाइड केस में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने डाक्टर के मकान मालिक के बेटे प्रश्रूांत को हिरासत में लिया है। प्रशांत बांकर पर रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज है। डाक्टर ने 23 अक्टूबर को सुसाइड किया था। उसने अपने हाथ पर लिखे नोट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बांकर पर मेंटली हेरैस करने का आरोप लगाया है।

## डबल इंजन सरकार की 12000 ट्रेनों की व्यवस्था हुई बेपटरी: राहुल

■ कहा: त्योहारी सीजन में ठसाठस भरी ट्रेनों में सफर कर रहे यात्री

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि रेल मंत्री ने त्योहारी सीजन में 12000 विशेष ट्रेनें चलाने की बात कही थी, लेकिन ठसाठस भरी और अमानवीय सफर ने डबल इंजन सरकार की पोल खोल कर रख दी है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बिहार के लोगों के लिए त्योहारी सीजन में घर लौटना, परिवार और गांव से अपनेपन की लालसा का प्रतीक है, लेकिन उनके लिए अपने घर जाना एक बड़ा संघर्ष बन गया है। बिहार जाने वाली हर रेलगाड़ी में क्षमता से दो गुना लोग ठूंस-ठूंस कर भेजे जा रहे हैं। घर जाने की है यह यात्रा एक तरह से अमानवीय यात्रा हो गई है और 12 000 स्पेशल ट्रेन चलाने की डबल इंजन सरकार के दावे खोखले साबित हो गए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि त्योहारों का महीना है-दिवाली, भाईदूज, छठ। बिहार में इन त्योहारों का मतलब सिर्फ आस्था नहीं, घर लौटने की लालसा है।

# मेरठ में 35 साल पुराने कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के 10 माह बाद की गई कार्रवाई



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के शास्त्रीनगर स्थित लगभग 35 वर्ष पुराने सेंट्रल मार्केट (व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स) को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर शनिवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार अपने वर्षों पुराने कारोबार को मिट्टी में मिलते देख फूट-फूटकर रो पड़े। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था तथा पूरे इलाके की निगरानी ड्रोन के माध्यम से की गई। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने 17 दिसम्बर 2024 को आदेश जारी कर सेंट्रल मार्केट स्थित इस आवासीय भूखंड पर बने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को तीन माह के भीतर खाली कराने और उसके बाद दो सप्ताह में गिराने का निर्देश दिया था। हालांकि यह कार्रवाई निर्धारित समय से लगभग दस माह बाद पूरी की गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कॉम्प्लेक्स के 22 दुकानदारों को गत शुक्रवार रात ही दुकानें खाली करने का निर्देश दिया गया था। यह भूमि वर्ष 1986 में आवासीय प्रयोजन के लिए आवंटित की गई थी, लेकिन समय के साथ -शेष पृष्ठ दो पर

# रूस ने नाकाम की मोदी की हत्या की साजिश!

## अमेरिकी अधिकारी जैक्सन की रहस्यमयी मौत से जोड़ा जा रहा कनेक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत के आसपास, अमेरिकी खुफिया कार्रवाइयों ने संदेह और बढ़ाया

■ ऑर्गनाइजर की रिपोर्ट में आशंका

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन के तियानजिन में एससीओ बैठक के बाद एक साथ एक ही कार में सफर करते देखे गए थे। इस तस्वीर पर उस वक्त खूब चर्चा हुई, लेकिन अब इससे जुड़ा हुआ एक बड़ा दावा किया गया है।

दरअसल, इसी दिन बांग्लादेश की राजधानी ढाका में अमेरिकी विशेष बल के अधिकारी टेरेंस अर्वेल जैक्सन की रहस्यमयी स्थिति में मौत हुई थी। इस मौत ने कई अटकलों को जन्म दिया है। अमेरिका और उसकी खुफिया शाखा, सीआईए दुनिया भर में अपने कुख्यात कृत्यों के लिए जानी जाती है। ये माना जा रहा है कि बांग्लादेश और नेपाल में हाल ही में हुई शासन अस्थिरता तक, यह एक खुला रहस्य है कि दक्षिण एशिया में राजनीतिक नाटक के पीछे वास्तव में सीआईए का गुप्त हाथ है। टेरेंस अर्वेल जैक्सन नाम के एक अमेरिकी विशेष बल अधिकारी 31 अगस्त 2025 को बांग्लादेश की राजधानी ढाका के एक होटल में मृत पाए गए। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में कोई बाहरी चोट नहीं मिली और मौत को प्राकृतिक बताया गया। खास बात ये है कि शव का पोस्टमार्टम किए बिना ही अमेरिकी दूतावास को सौंप दिया गया। जैक्सन अमेरिकी सेना की प्रथम विशेष बल कमान (एयरबोर्न) इकाई से जुड़े थे और पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में मौजूद थे। बताया गया कि वह किसी बिजनेस ट्रिप पर थे, पर उनके असली उद्देश्य पर सवाल उठे हैं। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी विशेष बल अधिकारी टेरेंस अर्वेल जैक्सन की रहस्यमयी मौत की ताजा घटना ने दक्षिण एशिया, खासकर भारत के आसपास, अमेरिकी खुफिया कार्रवाइयों को लेकर संदेह और बढ़ा दिया है। अमेरिकी सुरक्षा अधिकारी की मौत ने इस आशंका को और बल दिया है कि क्या अमेरिकी अधिकारी को भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के -शेष पृष्ठ दो पर

## पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन बंद करे पाकिस्तान

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पड़ोसी देश को लताड़ा

■ भारतीय प्रतिनिधि हरीश ने पीओके का मुद्दा जोर-शोर से उठाया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की मुद्दा जोर-शोर से उठाया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान को अवैध रूप से कब्जाए इलाकों में मानवाधिकार उल्लंघन बंद करना चाहिए, खासकर जम्मू-कश्मीर के इलाकों में।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। बीते दिनों ही पीओके में बुनियादी मांगों को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिन्हें पाकिस्तान की सेना ने बेरहमी से कुचला था और इस दौरान कई लोगों की जान गई थी। भारतीय राजदूत पी. हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 80वें यूएन दिवस के अवसर पर हुई खुली बहस के दौरान अपने बयान में कहा कि हम मांग करते हैं कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए इलाकों में जारी मानवाधिकार उल्लंघन को बंद करे। वहां जनता पाकिस्तानी सेना के कब्जे, शोषण, निर्दयता और प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन के खिलाफ खुलकर विद्रोह कर रही है। पी. हरीश ने जोर देकर कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहा है और हमेशा रहेगा।

# पाक ने मध्य-दक्षिणी एयरस्पेस बंद किया, उड़ानों पर लगाई रोक



पाकिस्तान की कार्रवाई को भारत के सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' से जोड़कर देखा जा रहा

सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल सर क्रीक के पास, पाक सीमा से सटे इलाके में आयोजित होगा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' के पहले मध्य और दक्षिणी हवाई क्षेत्र को 28 और 29 अक्टूबर को बंद करने का फैसला किया। शनिवार को जारी नोटाम (नोटिस टू एयरमैन) के अनुसार, दो दिन हवाई मार्ग उपलब्ध नहीं रहेंगे और उड़ानों पर रोक रहेगी।

हालांकि, पाकिस्तान ने इस कदम के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह किसी सैन्य अभ्यास या हथियार परीक्षण से जुड़ा हो सकता है। वहीं, जानकार इसे सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' से जोड़कर देख रहे हैं। यह अभ्यास सर क्रीक के पास, यानी पाकिस्तान की सीमा से सटे इलाके में होगा। रक्षा विश्लेषक डेमियन सायमोन ने सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से बताया कि इस अभ्यास का दायरा 28 हजार फीट ऊंचाई तक फैला होगा। जो हाल के वर्षों में सबसे बड़े सैन्य अभियानों में से एक है। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 12 दिन अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30 हजार जवान थार में जाइंट एक्सरसाइज करेंगे। एक्सरसाइज की शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी, जो 10 नवम्बर तक चलेगी। इस युद्धाभ्यास के दौरान बॉर्डर कुछ एरिया में कामर्शियल फ्लाइट्स के रूट में बदलाव भी हो सकता है। एक्सरसाइज जैसलमेर के एरिया से लेकर गुजरात के सर क्रीक इलाके तक होगी। हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुजरात दौरे के दौरान सर क्रीक सीमा विवाद की चर्चा की थी इसके जरिए पश्चिमी एयर कॉरिडोर में उड़ानों के लिए चेतावनी दी गई है। इस दौरान कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए इस एरिया के रूट में बदलाव हो सकता है। हाल ही में पश्चिमी सीमा पर हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की ओर से ड्रोन गतिविधियों और घुसपैठ की कोशिशें बढ़ी हैं। इसलिए इस एक्सरसाइज में विशेष रूप से काउंटर-ड्रोन सिस्टम, संचार बाधा (जैमिंग) और ऑटोमैटिक स्पेक्ट्रम मॉनिटरिंग सिस्टम जैसी मॉडर्न तकनीकों का परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा वायुसेना प्रिंसिशन स्ट्राइक, एयर डिफेंस इंटरसेप्शन और मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस पर विशेष ध्यान देगी।


### पक्षी से टकराया एयर इंडिया का विमान

**नागपुर।** एयर इंडिया की नागपुर से दिल्ली जाने वाली उड़ान एआई-466 एक पक्षी से टकरा गई, जिसके बाद एहतियात के तौर पर विमान को मान संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत नागपुर हवाई अड्डे पर उतारने का फैसला किया गया।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# दिल्ली में AQI लेवल 400 पार

## अस्थमा-एलर्जी के मरीज बढ़े, दिवाली के बाद से दिल्ली-NCR में प्रदूषण बढ़ रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ डाक्टर्स की सलाह-मास्क लगाकर निकलें

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद से दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई लेवल 412 दर्ज किया गया। जिससे प्रदूषण गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया है।

कई इलाकों में हवा की क्वालिटी खराब है। इसलिए जनपथ रोड पर पार्टिकुलेट मैटर के हाईलेवल से निपटने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। दिवाली के बाद केवल दो दिनों के भीतर सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा के दौरे और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस के रोगियों में लगभग 30 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। डाक्टरों ने मास्क लगाने की सलाह दी है। उधर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनता नजर आ रहा है। 27 अक्टूबर को इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। तूफान का नाम मोन्था रखा जा सकता है, जो थाईलैंड ने दिया है। जिसका अर्थ है सुगंधित फूल या सुंदर फूल। आईएमडी का कहना है बंगाल की खाड़ी में बना दबाव क्षेत्र तूफान में बदल जाएगा, जिसमें 110 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इससे आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है। इधर, हिमाचल के लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान गिरकर माइनस 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। मैदानी राज्यों में से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तापमान में गिरावट जारी है। शनिवार सुबह यूपी के वाराणसी में गंगा के घाटों के पास धुंध की मोटी परत छाई रही। दबाव के कारण तमिलनाडु के कुड्डालोर, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों, पुड्डुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी

आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे हैं। वह अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। निरीक्षण के बाद उद्घाटन की तारीख पर मुहर लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का उद्घाटन हो सकता है। एयरपोर्ट के पहले चरण का काम लगभग पूरा हो गया है। शुरुआत में सालाना 50 लाख यात्री आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैयारियां जोरों पर हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है, जिसमें सीआईएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया जा रहा है।

### उत्तर प्रदेश में 54 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण पूरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में किसान पंजीकरण अभियान जोरशोर से जारी है और अब तक करीब 54 प्रतिशत किसानो की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अगले साल एक अप्रैल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त सिर्फ पंजीकृत किसानो को मिलेगी। इसलिए सरकार राज्य के किसानो का पंजीकरण करा रही है। पंजीकरण अभियान में सीतापुर अब तक पहले स्थान पर है, जहां 74 प्रतिशत किसान पंजीकृत हो चुके है वहीं बस्ती दूसरे और रामपुर तीसरे स्थान पर है। राज्य स्तर पर अब तक लगभग 54 प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है, जिससे करीब 1.5 करोड़ किसान लाभान्वित हो रहे हैं। सीएम योगी के निर्देश पर यह अभियान मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है।


# हमारे लोगों ने ही विश्वासघात किया: उमर

## भाजपा के राज्यसभा की सीट जीतने पर बोले जम्मू-कश्मीर के सीएम

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने राज्यसभा चुनावों में 'क्लीन स्वीप' का लक्ष्य रखा था लेकिन अंतिम चरण में 'कुछ लोगों ने विश्वासघात' किया जिसके कारण 3-1 का परिणाम आया।

अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि किसी को 3-1 की शिकायत नहीं करनी चाहिए। हमने 4-0 के लिए पूरी कोशिश की। जैसा कि मैंने अपने ट्विटर पोस्ट में भी कहा था, अंतिम चरण में कुछ लोगों ने हमें धोखा दिया।लगभग सभी उन लोगों के नाम जानते हैं जिन्होंने हमें धोखा दिया। उन्हें



यहां दोहराना ज़रूरी नहीं है, लेकिन यह अफसोस की बात है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस को चार राज्यसभा सीटों में से एक पर जीत हासिल करके चौंका दिया। उसे 32 वोट मिले, जो विधानसभा में उसकी 28 सदस्यीय विधानसभा संख्या से चार ज्यादा है। नेशनल कांफ्रेंस ने बाकी तीन सीटें जीतीं।

### जनता के जनादेश की जीत: फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने राज्यसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत को जनता की जीत करार देते हुए कहा है कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और आपसी समन्वय ही नेशनल कॉन्फ्रेंस की असली ताकत है। डा. अब्दुल्ला राज्यसभा चुनाव जीतने वाले पार्टी नेताओं एडवोकेट चौधरी मुहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद कुचलो और सरदार शम्मी ओबराय के सम्मान में पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।


# सम्भल में फिर शुरू हुई पौराणिक 24 कोसी परिक्रमा

## भगवान कल्कि की नगरी के रूप में 46 वर्ष बाद पुन: जगमगा उठा नगर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/सम्भल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सम्भल एक बार फिर अपनी पौराणिक पहचान 'भगवान कल्कि की नगरी' के रूप में जगमगा उठा है। शुक्रवार रात्रि दो बजे सम्भल के 68 तीर्थ और 19 कूपों की 24 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ प्राचीन तीर्थ बेनीपुरचक स्थित श्रीवंशगोपाल से लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुआ।

शंखनाद, भजन और जयघोषों के बीच निकली यह परिक्रमा 46 वर्षों बाद पुन: आरंभ हुई है। 1978 में सांप्रदायिक दंगों के कारण रुकी



यह परंपरा 2024 में सरकार के प्रयासों से फिर से जीवित हो उठी। धार्मिक मान्यता है कि इस परिक्रमा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह परिक्रमा श्रीवंशगोपाल तीर्थ से प्रारंभ होकर भुवनेश्वर, क्षेमनाथ और चंदेश्वर तीर्थों से होते हुए पुन: वंशगोपाल तीर्थ पर लौटती है। इन तीन प्रमुख तीर्थों के मध्य 87 देवतीर्थ स्थित हैं, जो सम्भल की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक हैं। 1978 के दंगों के बाद सम्भल में जो भय, अविश्वास और पलायन का माहौल बना, उसने दशकों तक यहां के सामाजिक ताने-बाने को चोट पहुंचाई। हिंदू परिवारों ने अपने घर, दुकानें और जमीनें छोड़ीं मंदिरों पर कब्जे हुए और धार्मिक आयोजनों पर रोक लग गई, मगर 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। योगी ने सम्भल की स्थिति को व्यक्तिगत रूप से गंभीरता से लिया। न्यायिक आयोग की रिपोर्ट ने उन सच्चाइयों को उजागर किया जिन्हें वर्षों तक दबाया गया। योगी सरकार ने इन सभी मामलों में कठोर कार्रवाई की। दंगों की साजिश में शामिल तत्वों को जेल भेजा गया, अवैध कब्जों को हटाया गया और सांप्रदायिक राजनीति पर अंकुश लगाया गया। योगी सरकार ने सम्भल में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की ऐतिहासिक कार्रवाई की। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-67 के तहत 495 वाद दर्ज हुए, जिनमें से 243 मामलों का निस्तारण कर 1067 अतिक्रमण हटाए गए। इस प्रक्रिया में 68.94 हेक्टेयर भूमि कब्जामुक्त कराई गई।

## अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट से एलआईसी पर उठा सवाल

# अडाणी ग्रुप में 33 हजार करोड़ निवेश का दावा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में जमा पॉलिसीधारकों के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए नियमों में बदलाव किया है और गलत तरीका अपनाकर उद्योगपति अडानी को फायदा पहुंचाने का काम किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि मीडिया में हाल ही में कुछ परेशान करने वाले खुलासे सामने आए हैं कि किस तरह सरकार ने एलआईसी और उसके 30 करोड़ पॉलिसीधारकों की बचत का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि आंतरिक दस्तावेज के



- कांग्रेस बोली- कस्टमर्स की कमाई फायदा पहुंचाने में लगाई अडाणी पर दो हजार करोड़ रिश्वत का आरोप

अनुसार सरकारी अधिकारियों ने गत मई में एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया और उसे आगे बढ़ाया, जिसके तहत एलआईसी की लगभग 34,000 करोड़ रुपए की धनराशि को अडानी समूह की विभिन्न कंपनियों में निवेश किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'अडानी समूह में विश्वास का संकेत देना' और 'अन्य निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना' था। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि आखिर वित्त मंत्रालय और नीति आयोग के अधिकारियों ने किसके दबाव में यह तय किया कि उनका काम गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही एक निजी कंपनी को बचाना है। उन्हें सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध एलआईसी को निवेश करने के निर्देश देने का अधिकार किसने दिया। रमेश ने उद्योगपति अडानी को लेकर विस्तार से बताया कि जब 21 सितम्बर 2024 को गौतम अडानी और उनके सात सहयोगियों पर अमेरिका में आरोप तय किए गए, तो केवल चार घंटे की ट्रेडिंग में ही एलआईसी को 920 अरब डॉलर यानी 7,850 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ। अडानी पर भारत में महंगे सौर ऊर्जा ठेके हासिल करने के लिए 2,000 करोड़ रुपए यानी की रिश्वत योजना बनाने का आरोप है। मोदी सरकार लगभग एक साल से पीएम मोदी के इस करीबी मित्र को अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग का समन आगे बढ़ाने से इनकार कर रही है। उन्होंने कहा कि मोडानी मेगा घोटाला बेहद व्यापक है और इसमें ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करके अन्य निजी कंपनियों पर दबाव डालना, ताकि वे अपनी संपत्तियां अडानी समूह को बेच दें। हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर संसाधनों का पक्षपाती निजीकरण, ताकि उसका लाभ केवल अडानी समूह को ही मिले।

### एलआईसी ने अडानी समूह की कंपनियों में निवेश की खबरों का किया खंडन

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शनिवार को अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट की उस खबर का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि जीवन बीमा कंपनी ने बाहरी दबाव में अडानी समूह की कंपनियों में निवेश का रोडमैप तैयार किया है। एलआईसी ने अपने बयान में कहा है कि ये आरोप 'झूठे, निराधार और सच्चाई से परे' हैं। जीवन बीमा कंपनी ने कभी इस तरह का कोई दस्तावेज तैयार नहीं किया है, जिसमें अडानी समूह में निवेश का रोडमैप बनाया गया हो। एलआईसी के निवेश के फैसले पूरी स्वायत्तता के साथ उसके निदेशकमंडल की मंजूरी से किए जाते हैं।

# आगरा में कार ने आठ को रौंदा, पांच मरे, सात घायल

**आगरा, वार्ता**

- मृतकों में एक डिलीवरी ब्वाय भी शामिल हादसे के वक्त भानु प्रताप पार्सल डिलीवरी करके वापस लौट रहा था

उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के न्यू आगरा क्षेत्र में शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नगला बूढ़ी के पास बेकाबू कार ने सड़क किनारे आठ लोगों को रौंद दिया जिसमें से एक महिला बबली समेत पांच की मौत हुई है, जबकि दो लोग घायल हो गए।

मृतकों में एक डिलीवरी ब्वाय भानु प्रताप भी शामिल है। हादसे के वक्त भानु प्रताप पार्सल डिलीवरी करके वापस लौट रहा था। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है और कार को जब्त कर लिया है। सभी मृतकों के शवों के पुलिस ने पोस्टमॉर्टम भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार की स्पीड बहुत ज्यादा तेज थी। कार ने पहले डिवाइडर को टक्कर मारी उसके बाद कई लोगों को रौंदते हुए फिर से डिवाइडर से टकरा गई और कार रुक गई। बेकाबू कार ने पहले डिलीवरी बॉय भानु प्रताप को रौंदा उसके बाद एक वृद्ध की मौत में शोक व्यक्त करने के लिए कुछ लोग सड़क के किनारे बैठे थे और कार ने उनको भी रौंद दिया।

हिट एंड रन केस में मौके पर सात लोग घायल हुए हैं जिनको सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान डिलीवरी बॉय भानु प्रताप, एक महिला बबली इसके अलावा कमल, कृष्णा और बंटेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल राहुल और गोलू का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि कार चलाते वक्त चालक नशे में था।



सेंसेक्स 83952.17
निफ्टी 25709.00



सोना रु. 124510
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 154900
प्रति किलो




# मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी के बाद शेयर बाजार में तेजी

**न्यूयॉर्क, वार्ता**

अमेरिका में सितम्बर के मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीद से थोड़े कम रहने के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार में तेजी रही। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 472.51 अंक या 1.01 प्रतिशत बढ़कर 47,207.12 पर पहुंच गया, जो पहली बार 47,000 के पार बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 53.25 अंक या 0.79 प्रतिशत बढ़कर 6,791.69 पर पहुंच गया। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स 263.07 अंक या 1.15 प्रतिशत बढ़कर 23,204.87 पर पहुंच गया। तीनों प्रमुख औसत सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

एसएंडपी 500 के 11 प्रमुख क्षेत्रों में से छह में तेजी रही, जिसमें प्रौद्योगिकी और संचार सेवाओं में क्रमश: 1.58 प्रतिशत और 1.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ऊर्जा और सामग्री क्षेत्र क्रमश: 1.01 प्रतिशत और 0.61 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार अमेरिकी संघीय सरकार के बंद होने के कारण विलंबित हुई सितम्बर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक



(सीपीआई) रिपोर्ट में इस महीने 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे वार्षिक मुद्रास्फीति दर तीन प्रतिशत पर रही। डॉव जोन्स सर्वेक्षण के आधार पर दोनों आंकड़े अर्थशास्त्रियों की मासिक 0.4 प्रतिशत और वार्षिक 3.1 प्रतिशत की अपेक्षाओं से थोड़ा कम रहे। खाद्य और ऊर्जा को छोड़कर कोर सीपीआई पिछले महीने 0.2 प्रतिशत और पिछले 12 महीनों में तीन प्रतिशत बढ़ा, जो 0.3 प्रतिशत और 3.1 प्रतिशत के पूर्वानुमानों से भी कम है। सीपीआई के आंकड़े जारी होने के बाद व्यापारियों ने इस साल अपनी शेष दोनों बैठकों में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने पर अपना दांव खेला। सीएमई फेडवॉच टूल के अनुसार दिसंबर में कटौती के अनुमानित से पहले लगभग 91 प्रतिशत से बढ़कर 98.5 प्रतिशत हो गई। अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की संभावना 95 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

गोल्डमैन सैक्स एसेट मैनेजमेंट में बहु-क्षेत्रीय निश्चित आय निवेश प्रमुख लिंडसे रोसनर ने कहा कि आज की नरम सीपीआई रिपोर्ट में फेड को 'डराने' वाली कोई बात नहीं थी और हमें अगले सप्ताह होने वाली फेड बैठक में और नरमी की उम्मीद है। मौजूदा आंकड़ों की कमी के कारण फेड के पास डॉट प्लॉट में बताए गए रास्ते से हटने का कोई कारण नहीं है, इसलिए दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनी हुई है। कॉरपोरेट समाचारों में चिप निर्माता इंटेल के शेयरों में 0.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कंपनी ने तीसरी तिमाही का राजस्व वॉल स्ट्रीट के अनुमानों से अधिक बताया। इंटेल के निवेशक प्रमुख जॉन पित्जर ने कहा कि हमारा मानना है कि हम एआई में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की स्थिति में हैं।

### मांग व आपूर्ति से सोना और चांदी के दाम फिसले

**नई दिल्ली।** शनिवार को देशभर के सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी दोनों के दाम नीचे आए हैं। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना घटकर 1,24,510 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,140 प्रति 10 ग्राम बिक रहा है। देश के अन्य बड़े शहरों में भी इसी तरह की गिरावट देखने को मिल रही है।

चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई है। देशभर में चांदी का भाव घटकर 1,54,900 प्रति किलोग्राम पर आ गया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डॉलर की मजबूती और वैश्विक स्तर पर व्यापारिक तनाव में कमी का असर सोने की कीमतों पर पड़ा है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,24,510 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि मुंबई में 1,24,360, अहमदाबाद में 1,24,410 , चेन्नई में 1,24,360 , कोलकाता में 1,24,360, जयपुर में 1,24,510 और लखनऊ में 1,24,510 रुपये है। भारत में गोल्ड और सिल्वर के रेट इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा तय किए जाते हैं।

# चावल, चीनी-मजबूत, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं के दाम गत दिवस के स्तर पर ही रहे। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत पांच रुपए बढ़कर 3,863.88 रुपए प्रति क्विंटल हो गई।

गेहूं 2,859.70 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 13 रुपए की तेजी के साथ 3,324.16 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत 144 रुपए और सोया तेल की 14 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वहीं सरसों तेल की कीमत 129 रुपए और वनस्पति की 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। सूरजमुखी तेल 63 रुपए और पाम ऑयल 43 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल.दलहनों में चना दाल 26 रुपए और तुअर दाल 54 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 32 रुपए प्रति



क्विंटल और उड़द दाल 13 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल की कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत छह रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। चीनी भी दो रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7875.79 रुपए, मसूर काली 8102.91 रुपए, मूंग दाल 10125.80 रुपए, उड़द दाल 10398.60 रुपए, तुअर दाल 10525.20 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.70 रुपए और चावल 3863.88 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेरठ में...** यहां अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण होता गया। आवास विकास परिषद ने वर्ष 1990 में नोटिस जारी करके इसे गिराने का आदेश दिया था, परंतु लम्बी कानूनी प्रक्रिया के चलते कार्रवाई वर्षों तक टलती रही। आखिरकार शनिवार को इस कॉम्प्लेक्स को पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानों से सामान नहीं हटाया था। मेरठ के सामाजिक कार्यकर्ता एवं याचिकाकर्ता लोकेश खुराना ने न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए 6 अक्टूबर को उच्चतम न्यायालय ने गृह सचिव, आवास आयुक्त, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आवास विकास परिषद के अधिकारियों तथा नौ व्यापारियों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस मामले की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को निर्धारित है, जबकि 25 अक्टूबर को न्यायालय के आदेशानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी कर ली गई।

**रूस ने...** इरादे से ढाका में तैनात किया गया था। विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रधानमंत्री मोदी की हत्या की योजना और कोशिश की गई होगी। हालांकि, भारत और रूस की खुफिया इकाइयों के संयुक्त अभियान ने इसे नाकाम कर दिया। ऑर्गनाइजर की रिपोर्ट में लिखा गया है कि एक विश्लेषण के अनुसार, भारत और रूसी खुफिया एजेंसियों ने एक संयुक्त अभियान में इस साजिश को विफल कर दिया। ये भी संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने तियानजिन में कार के अंदर 45 मिनट तक चली अपनी बातचीत के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की हो। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के एक और बयान ने इन अटकलों को और हवा दे दी है। जब चीन के तियानजिन से लौटने के ठीक अगले दिन, 2 सितम्बर को, प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में सेमीकान शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान, उन्होंने सभी से पूछा क्या आप इसलिए ताली बजा रहे हैं, क्योंकि मैं चीन गया था या इसलिए बजा रहे हैं क्योंकि मैं वापस आ गया हूं? कयास लगाए जा रहे हैं कि, प्रधानमंत्री मोदी की ये टिप्पणी एक गंभीर संदेश देती हैं।

### महबूबा मुफ्ती ने जेलों से बाहर कैदियों की वापसी की मांग की

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में एक महत्वपूर्ण याचिका दायर कर राज्य के उन सभी विचाराधीन कैदियों की तत्काल वापसी की मांग की है, जो वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के बाहर विभिन्न जेलों में बंद हैं। सुश्री मुफ्ती ने दायर याचिका में अदालत से आग्रह किया है कि ऐसे सभी कैदियों को जम्मू-कश्मीर की स्थानीय जेलों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया जाए, जब तक कि संबंधित अधिकारी किसी विशिष्ट मामले में लिखित कारण प्रस्तुत करके यह साबित न कर दें कि उन्हें बाहर रखा जाना आवश्यक है। याचिका में यह भी कहा गया है कि ऐसे सभी मामलों की अदालत द्वारा हर तीन महीने में समीक्षा की जानी चाहिए।

# लखनऊ में हत्यारोपी को छोड़ने पर बवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- भीड़ के पथराव से 10 पुलिसकर्मी घायल लाठीचार्ज

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी में सफाईकर्मी की संदिग्ध मौत के बाद आरोपी को पुलिस द्वारा छोड़ने पर आक्रोशित भीड़ ने थाने पर धावा बोल दिया, पथराव और मारपीट में 10 जवान घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज का सहारा लिया। घटना ने इलाके में तनाव बढ़ा दिया है।

जानकारी के अनुसार एक सफाईकर्मी की मौत के मामले में आरोपी को हिरासत में लिया गया था। आरोप है कि पुलिस ने उसे छोड़ दिया। जैसे ही लोगों को इस बात की जानकारी मिली, तो गुस्साई भीड़ ने थाने को घेर लिया और पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं सहित सैकड़ों लोगों ने पुलिसवालों को पीटा, पथराव किया, जिससे करीब 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, भीड़ को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। सूत्रों के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में दिन एक सफाई कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का आरोप था कि मौत के लिए कुछ लोग जिम्मेदार हैं। पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था, लेकिन जांच के दौरान उसे छोड़ दिया गया। इसी बात से नाराज स्थानीय निवासियों और मृतक के परिजनों ने थाने के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। शुरुआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, भीड़ ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिसकर्मियों ने समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। धीरे-धीरे कहासुनी शुरू हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया । गुस्साई भीड़, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं, ने पुलिसवालों पर हमला बोल दिया।

महिलाओं ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों को थप्पड़ मारे, लात-घूंसे चलाए और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भीड़ अनियंत्रित हो गई थी। पथराव शुरू हो गया और पुलिस की गाड़ियों पर हमला किया गया। भीड़ के हमले में थाने के एसएचओ सहित करीब 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। कुछ जवान गंभीर रूप से चोटिल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज का सहारा लिया। अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। फिलहाल मामला शांत हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# लखनऊ के गोल्फ सिटी थाने में पुलिस पर हमला

## हत्या के मामले में पुलिस की ढुल मुल कार्रवाही से नाराज थे परिजन

### दरोगा समेत सात पुलिसकर्मी घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी थाना परिसर में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मृतक अरुण रावत के परिजन और मोहल्ले के लोग हत्या की जांच को लेकर आक्रोशित हो गए।

दिवंगत अरुण के परिवार की महिलाओं और युवकों ने थाने पहुंचकर आरोप लगाया कि पुलिस ने हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को छोड़ दिया है। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झ्ञा-म्ुी हुई जिससे थाने का माहौल तनावपूर्ण हो गया। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया जिसके बाद दोनों ओर से पत्थरबाजी और लाठीचार्ज जैसी स्थिति बन गई। घटना में दरोगा समेत सात पुलिसकर्मी घायल हुए हैं जबकि कई महिलाएं और युवक भी चोटिल हुए हैं। करीब एक सप्ताह पूर्व अरुण रावत का शव थाना क्षेत्रा के एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। परिवार का कहना है कि अरुण को उसके पड़ोसी विकास रावत ने घर से बुलाया था जहां अमन नामक युवक और उसकी पत्नी विमला भी मौजूद थे। परिजनों का आरोप है कि दिवाली की रात अरुण की हत्या की गई लेकिन पुलिस ने हत्या का मुक. दमा दर्ज करने और आरोपियों को दिखाने में लापरवाही की। उनका कहना था कि पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेने के बाद बिना किसी ठोस कारण के छोड़ दिया जिससे परिवार में आक्रोश फैल गया। शनिवार को थाना दिवस होने के कारण थाने में कई अधिकारी मौजूद थे। इसी बीच अरुण की पत्नी, भाभी और मोहल्ले की महिलाएं अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचीं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करने लगीं। पुलिस ने जब आरोपियों को दिखाने से मना किया तो बहस शुरू हो गई और कुछ देर बाद यह बहस धक्का-मुक्की में बदल गई। देखते ही देखते दर्जनों लोग थाने के भीतर और बाहर जमा हो गए। बताया जा रहा है कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने थाने का गेट खींचने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों को घेर लिया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया। इस दौरान दोनों ओर से पत्थरबाजी हुई और कई पुलिसकर्मियों को चोटें आईं जबकि कुछ महिलाओं और युवकों को भी चोटें आने की सूचना है। पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अरुण की मौत दम घुटने से हुई थी और हत्या के कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं। जांच अभी जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि थाने में हमला करने और पुलिसकर्मियों को घायल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्रा में यह चर्चा आम रही कि यदि इस तरह से पीड़ित पक्ष को उचित जवाब नहीं दिया जाता या कार्रवाई में पारदर्शिता नहीं रखी जाती तो लोगों का भरोसा पुलिस पर से उठ सकता है। मोहल्ले के कई लोगों का कहना था कि पुलिस को परिवार के साथ संवाद बढ़ाना चाहिए था ताकि स्थिति हिंसक न होती। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि थाने में महिलाओं की उपस्थिति के बावजूद स्थिति को नियंत्रित करने में पुलिस का तरीका और बेहतर हो सकता था। घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने थाने का दौरा किया और पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है। फिलहाल स्थिति नियंत्राण में है लेकिन क्षेत्रा में तनाव बना हुआ है। पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है और थाने के आसपास अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दी गई है।

# संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर अधिकारियों ने सुनीं शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** आम जनमानस की शिकायतों के निस्तारण के लिए शनिवार को जिले के थानों में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कोतवाली देहात में मौजूद रहे।




दोनों अधिकारियों ने देहात कोतवाली में जनसुनवाई की। दोनों अधिकारियों ने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए।

# लव मैरिज के आठ साल बाद पत्नी की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्रा में घटित एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। लव मैरिज के आठ साल बाद पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी।

घटना उस समय हुई जब पति गुनीराम ने अपनी पत्नी आरती (लगभग पैंतीस वर्ष) को पांच वर्षीय बेटे के सामने हथौड़े से पीट-पीटकर मार डाला। मासूम बेटे ने ही यह भयावह सच अपने मामा को बताया, जिसके बुलाने पर पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ शव बरामद किया। मृतका आरती के भाई विनय ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन ने करीब छह वर्ष पहले घरवालों की मर्जी के खिलाफ नवाबगंज के ही गुनीराम से प्रेम विवाह किया था। दोनों कस्बे में किराए के घर में रह रहे थे। गुनीराम सब्जी का ठेला लगाकर परिवार चलाता था। घटना के दिन वह अपने पांच वर्षीय बेटे को लेकर विनय के घर पहुंचा और कहा कि वह बाहर जा रहा है। इसके बाद बच्चा रोने लगा और बताया कि पापा ने मम्मी को मार डाला है। बेटे की बात सुनते ही विनय घबरा गया और अपने भांजे को साथ लेकर बहन के घर पहुंचा।

दरवाजा बाहर से बंद था। पड़ोसियों की मदद से ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया तो पूरा घर खून से सना हुआ था। कमरे के भीतर आरती का शव पड़ा था। उसके गले पर काटने के निशान और सिर पर गहरी चोटें थीं। फर्श पर जगह-जगह खून फैला हुआ था। सूचना पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस , ने बताया कि मृतका के सिर पर भारी चीज की गंभीर चोटों के अलावा गला रेता गया है !खून सना चाकू व हथौडा मौके से मिला हैं। आरोपी गुनीराम की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और सर्विलांस सेल को अलर्ट कर दिया गया है। मृतका आरती के माता-पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, जिससे परिवार पर गहरा दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना से क्षेत्रा में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों ने मासूम बेटे के बयान के बाद आरोपी को जल्द पकड़ने की मांग की है। पुलिस के अनुसार प्रथम ख्रष्टया पारिवारिक कलह हत्या की वजह मानी जा रही है। फिलहाल आरोपी फरार है और उसकी तलाश जारी है।

# लखनऊ में फिर फूटा 69 हजार शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का गुस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उनहत्तर हज़ार शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने आज राजधानी लखनऊ में बेसिक शिक्षा मंत्राी संदीप सिंह के सरकारी आवास का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए, ओमप्रकाश राजभर इस्तीफा दो, केशव मौर्य जवाब दो।

पुलिस ने भारी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थियों को बलपूर्वक बसों में भरकर इको गार्डन भेज दिया। यह संघर्ष एक दिन का उबाल नहीं, बल्कि छह वर्षों से उपेक्षा झेल रहे अभ्यल्थथयों की लंबी पीड़ा का परिणाम है। पिछड़े और दलित वर्ग के इन अभ्यर्थियों का कहना है कि 2018 में प्रारंभ हुई इस भर्ती में आरक्षण नियमावली की खुली अवहेलना की गई। वर्ष 2024 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उनके पक्ष में निर्णय दिया, फिर भी शासन ने आदेश लागू नहीं किया। इसी अन्याय के विरोध में वे लगातार सड़कों पर हैं। अमरेंद्र पटेल, उमाकांत मौर्य, आरती विश्वकर्मा, प्रिया राव, विकास पाल, सोनू पासवान, नंदिनी चौधरी, राजेश गौतम और अवधेश कुरमी जैसे अभ्यल्थथयों ने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल के विरोध में नहीं, बल्कि अपने संवैधानिक हक़ के लिए है। महिला अभ्यर्थियों का कहना था कि सरकार दलित-पिछड़ों से वोट लेकर उनके बच्चों को बेरोजगार रख रही है। अभ्यर्थियों ने विशेष रूप से ओमप्रकाश राजभर और



केशव प्रसाद मौर्य पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि ये नेता पिछड़ों और दलितों के हितैषी होने का दावा करते हैं, पर जब उनके अधिकारों की बात आती है तो चुप्पी साध लेते हैं। पुलिस ने सुबह से ही मंत्री आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी थी। जैसे ही अभ्यर्थी वहां पहुंचे, पुलिस ने चारों ओर से घेरकर सभी को इको गार्डन भेज दिया। कई अभ्यल्थथयों को देर शाम तक हिरासत में रखा गया, जबकि कुछ घायल अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि उन्हें बलपूर्वक बसों में धकेला गया।

यह पहली बार नहीं है जब इन अभ्यर्थियों ने किसी मंत्राी के आवास का घेराव किया हो। इससे पहले वे उपमुख्यमंत्राी केशव मौर्य, ओमप्रकाश राजभर और मुख्यमंत्राी आवास तक पहुंच चुके हैं। अगस्त 2025 में मौर्य आवास के बाहर लंबा धरना हुआ था, वहीं 2024 में राजभर के विरोध में नारेबाजी की गई थी। इन प्रदर्शनों के बावजूद अब तक शासन-प्रशासन ने कोई ठोस समाधान नहीं निकाला। अभ्यर्थियों का कहना है कि आरक्षण में न्याय न मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। उनका आरोप है कि सरकार ने न्यायालय के आदेश को टालने के लिए मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित दिखाया है।

# योगी सरकार में उप्र बन रहा भारत का फूड प्रोसेसिंग हब-एंड-स्पोक

### कृषि विकास के क्षेत्र में होगी ऐतिहासिक प्रगति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को औद्योगिक स्वरूप दे रहा

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च की ताज़ा रिपोर्ट में गुजरात और उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख फूड प्रोसेसिंग केंद्रों के रूप में रेखांकित किया गया है। जहां गुजरात के मेहसाणा और बनासकांठा में आधुनिक डिहाइड्रेशन संयंत्रा विकसित हुए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के आगरा और फर्रूखाबाद जिलों में अत्याधुनिक प्रोसेसिंग प्लांट्स का निर्माण किया



जा रहा है। इन संयंत्राों में कोल्ड स्टोरेज और कांट्रैक्ट फाह्ममग नेटवर्क का लाभ किसानों को बेहतर मूल्य दिला रहा है। योगी सरकार का यह प्रयास किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ प्रदेश को कृषि से उद्योग की दिशा में अग्रसर कर रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक राज्य में लगभग 65,000 से अधिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स संचालित हैं,

जिनसे करीब 2.55 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। सरकार का लक्ष्य हर जिले में कम से कम 1,000 नई प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित करना है। बरेली, बाराबंकी, वाराणसी और गोरखपुर में विक. सित हुए एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग पार्क प्रदेश में ख्रषि से औद्योगिक विकास की नई कहानी लिख रहे हैं। बरेली में प्रस्तावित बीएल एग्रो इंटीग्रेटेड एग्रो प्रोसेसिंग हब में चावल मिलिंग, तेल निष्कर्षण और पैकेलजग जैसी आधुनिक सुविधाओं की योजना है। उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि उसका विशेष फोकस फल-सब्जी प्रसंस्करण, हाई-वैल्यू क्रॉप्स और निर्यात-उन्मुख उद्योगों पर है। आगरा में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर के दक्षिण एशिया क्षेत्राीय केंद्र की स्थापना की योजना किसानों और उद्योग दोनों के लिए अवसर लेकर आई है। अमेरिका, बांग्लादेश, यूएई और वियतनाम जैसे देशों में भारतीय प्रॉसेस्ड फूड का निर्यात बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत का उपभोक्ता व्यय 6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा, जो उत्तर प्रदेश को निवेश, रोजगार और निर्यात के नए अवसर देगा। अधिकारियों की माने तो योगी सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 'खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023' बनाई है। नीति के तहत 19 नई परियोजनाओं को स्वीख्रति दी गई है और उद्यमियों को उत्पादन-आधारित सब्सिडी, ब्याज सहायता, भूमि उपयोग, स्टाम्प डड्ूटी और विकास शुल्क में छूट जैसी रियायतें दी जा रही हैं। साथ ही सौर ऊर्जा, कोल्ड-चेन, क्लस्टर मॉडल और तकनीकी उन्नयन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। स्थानीय कच्चे माल की उपलब्धता पर ध्यान देते हुए किसान, प्रोसेसर और उद्यमी के बीच एक मजबूत वैल्यू चेन स्थापित की जा रही है। इन सभी कदमों से उत्तर प्रदेश आज देश का सबसे आकर्षक फूड प्रोसेसिंग निवेश केंद्र बनता जा रहा है।

# भ्रष्टाचार और लूट की पर्याय बन चुकी है भाजपाई सरकार: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्राी अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार, लूट और घोटालों का नया रिकार्ड बना लिया है। राज्य के हर विभाग और हर काम में भ्रष्टाचार व्याप्त है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने अयोध्या और वाराणसी जैसे पवित्रा नगरों को भी लूट से नहीं छोड़ा। हर दिन नए-नए घोटाले उजागर हो रहे हैं, जो सरकार की असली तस्वीर सामने रखते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में जमीनों की खरीद-फरोख्त, निर्माण कार्यों और टेंडरों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई हैं। चित्रकूट कोषागार में मृत पेंशनरों के नाम पर करोड़ों रुपये की बंदरबांट की गई, जो भारी घोटाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा अब जीरो साबित हो चुका है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजनाओं में भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण के चलते हादसे बढ़े हैं। नौ साल की सरकार सड़कों के गड्ढे तक नहीं भर पाई।

# टिकरिया के सत्येन्द्र सिंह ने केला की खेती कर रचा कीर्तिमान

## 13महीने में 775 कुंतल का हुआ उत्पादन छह लाख रुपए की हुई आमदनी





**राम धीरज यादव**

**अमेठी।** जनपद में राष्ट्रीय ख्रषि विकास योजना के अंतर्गत किसानों द्वारा आधुनिक कृषि तकनीक एवं नवाचार खेती को अपनाने से ख्रषि क्षेत्रा में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है।

डीएम संजय चौहान एवं सीडीओ सूरज पटेल के मार्गदर्शन में जिले के ख्रषक न केवल परंपरागत खेती से आगे बढ़कर वैज्ञानिक विधियों को अपना रहे हैं, बल्कि एक एकड़ भूमि पर भी अधिकतम लाभ अर्जित करने की दिशा में उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। टिकरिया के कृषक सत्येन्द्र सिंह ने केला उत्पादन में रचा कीर्तिमान ग्राम टिकरिया, विकास खंड गौरीगंज के कृषक सत्येन्द्र सिंह पुत्रा सुरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाय) में ऑनलाइन पंजीकरण कर 1.0 हेक्टेयर क्षेत्राफल में टिश्यू कल्चर केले की खेती प्रारंभ की। योजना के अंतर्गत उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। केवल 13 माह में ही उनके खेत से 775 क्विंटल केले का उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने खेत से ही लगभग 7.50 लाख रुपये में विक्रय किया। इसके साथ-साथ श्री सिंह ने इंटरक्रॉपिंग पद्धति के तहत बैंगन, प्याज एवं हरी मिर्च की भी खेती की, जिससे 1.50 लाख रुपये का अतिरिक्त लाभ हुआ। इस प्रकार कुल मिलाकर उन्होंने केला उत्पादन एवं सहायक फसलों से लगभग 6 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अल्जत किया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना बनी ग्रामीण समृद्धि का माध्यम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाय) का उद्देश्य किसानों को उच्च उत्पादकता वाली फसलों, वैज्ञानिक तकनीकों एवं आधुनिक ख्रषि यंत्राों के उपयोग हेतु प्रेरित करना है। इस योजना के माध्यम से ख्रषकों को न केवल फसल विविधीकरण का अवसर मिलता है, बल्कि मिटी की गुणवत्ता सुधार, जल-संरक्षण एवं फसल जोखिम प्रबंधन जैसे लाभ भी प्राप्त होते हैं। जनपद अमेठी में कृषि विभाग द्वारा नियमित रूप से प्रशिक्षण शिविर, फील्ड विजिट एवं तकनीकी परामर्श के माध्यम से किसानों को नवीनतम जानकारी प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कृषि ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, अत: किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय ख्रषि विकास योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाय) एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी योजनाएं किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को तकनीकी सहयोग एवं प्रशिक्षण के माध्यम से हएक जनपदख्रएक उत्पादद्ब की भावना के अनुरूप ख्र षि क्षेत्रा में विविधता लाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हऐसे प्रेरणादायक उदाहरण ग्रामीण क्षेत्रा के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेंगे। अमेठी में कृषि नवाचार की नई दिशा। जिला कृषि अधिक. ारी ने बताया कि अमेठी जनपद में टिश्यू कल्चर केले, ड्रैगन फ्रूट, सब्जी उत्पादन एवं जैविक खेती जैसे क्षेत्राों में किसानों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। इन पहलों के माध्यम से किसान पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर बाजारोन्मुख एवं लाभकारी कृषि को अपना रहे हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों की आमदनी में निरंतर वृद्धि हो रही है।

# सहकारी समिति दुलापुर कला का सीडीओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा सहकारी समिति दुलापुर कला, विकास खण्ड शाहगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय समिति के सचिव जितेन्द्र सिंह उपस्थित थे। समिति परिसर पर उर्वरक वितरण का कार्य चल रहा था, जहां बड़ी संख्या में कृषक उर्वरक प्राप्त करने हेतु उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पाया गया कि केंद्र पर अत्यधिक भीड़ एकत्रित है। संबंधित थाना क्षेत्रा की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही, जो ख्रषकों को सुव्यवस्थित रूप से उर्वरक दिलवाने में सहयोग कर रही थी। मुख्य विकास अधिकारी ने स्थिति का संज्ञान लेते हुए सहायक निबंधक सहकारी समितियां, अमेठी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने



निर्देश दिए कि जनपद की सभी सहकारी समितियों एवं उर्वरक वितरण केंद्रों पर टोकन व्यवस्था के माध्यम से ही वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनावश्यक भीड़भाड़ एवं अव्यवस्था की स्थिति न बने। उन्होंने उपस्थित दृषकों से वार्ता की और उन्हें आश्वस्त किया कि जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। प्रत्येक पात्रा किसान को आवश्यकतानुसार उर्वरक समय से उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर शासन स्तर पर भी पत्राचार कर अतिरिक्त उर्वरक की मांग भेजी जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि समितियों पर लेखपालों की डड्ूटी नियमित रूप से लगाई जाए, ताकि मौके पर उपस्थित किसानों का डेटा दर्ज कर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी किया जा सके। उन्होंने जिला ख्रषि अधिकारी को निर्देश दिए कि उर्वरक केवल वास्तविक किसानों को ही उपलब्ध कराया जाए। किसानों के दस्तावेजों का मिलान कर ही वितरण किया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की कालाबाज़ारी या अनधिकृत बिक्री की संभावना समाप्त हो सके।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** राज्यमंत्राी एवं जनपद के प्रभारी मंत्राी मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुयी।

बैठक में लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर दिनांक-31 अक्टूबर 2025 से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। प्रभारी मंत्राी जी ने कहा कि राष्ट्र के एकीकरण में सरदार बल्लभभाई पटेल की अविस्मरणीय योगदान रहा है। सरदार बल्लभभाई पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान के संबंध में सभी नागरिकों व विशेषकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए पद यात्राा तथा कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जायेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्णमनोयोग से सभी कार्यक्रमों आयोजित कराना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्राी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि आयोजित होने वाली रन-फॉर यूनिटी हेतु पर्याप्त चिकित्सा शिविर लगवायें तथा अन्य कार्यक्रमों में भी प्राथमिक चिकित्सा हेतु समुचित व्यवस्था की जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि आयोजित किये जायें तथा विजेताओं को पुरूस्ख्रत भी किया जाये। सभी विद्यालयों एवं कार्यालयों में सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम भी आयोजित कराये जायें। सभी पंचायत भवनों में भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराये जायें। कार्यक्रमों में सभी को अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाये तथा गर्व से स्वदेशी के उपयोग का संकल्प एवं आत्मनिर्भर भारत हेतु शपथ दिलायी जाये। प्रभारी मंत्राी ने सम्पूर्ण जनपद के सभी आयोजनों को पूरी भव्यता के साथ आयोजित कराये जाने हेतु निर्देश दिए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तिगरी में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू

## मेले की तैयारियों को पूरा कराने में जुटे प्रशासनिक अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगाधाम तिगरी में आयोजित होने वाले मेले में श्रद्धालुओं की दस्तक भी होने लगी है, हालांकि अभी श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा नहीं है, लेकिन सोमवार से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो जाएगी।

बता दें कि गंगा तिगरी मेले का पुरातन इतिहास रहा है, बस समय के साथ साथ मेले का स्वरूप बदला है। पहले जहां श्रद्धालु बैलगाड़ी और भैंसागाड़ी से मेला स्थल आते थे तो अब ट्रैक्टर ट्रालियों और कारों आदि निजी वाहनों से आते हैं। शनिवार को

**सोमवार व मंगलवार में उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब**

तिगरी गंगा मेले में अनेकों श्रद्धालु पहुंचे और अपने अपने तंबु लगाए। एक दो दिन में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़नी शुरू हो जाएगी। इस वर्ष 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद अधीनस्थों के साथ लगातार मेला क्षेत्र में रहकर श्रद्धालुओं को अधिकाधिक सुविधाएं और सुरक्षा के लिए व्यवस्थाएं दुरूस्त करा रहे हैं। अब मेले की रौनक भी काफी बढ़ गई है। चहल पहल दिखाई देने लगी है। जल्द ही व्यापारी लोग भी अपनी अपनी दुकानें लेकर पहुंच जाएंगे। मेले में खानपान, कपड़े, खेलकूद, सौन्दर्य प्रसाधन, किसान सम्बंधी सभी से जुड़ा सामान मिलता है। बच्चों के खेल खिलौनों की भरमार रहती है। वहीं यदि मनो. रंजन क्षेत्र की बात करें तो यहां पर झूले, ट्रेन, मौत का कुंआ, ब्रेक डांस झूला और मिक्की माउस आदि भी लगाए जा रहे हैं। बच्चों को घुमाने के लिए ऊंट का भी आकर्षण रहेगा तो वहीं बच्चों को लुभाने के लिए सर्कस में जोकर के ठहाके भी गूंजेंगे, तो वहीं मैजिक शो भी होगा।



गजरौला। तिगरी गंगा मेले में ट्रैक्टर द्वारा जाते श्रद्धालु।



गजरौला। मेला क्षेत्र में फसल कटवाने का कार्य देखतीं एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गंगा के कटान के कारण इस बार मेले की चौड़ाई कम हो गई है और मेले की लंबाई अधिक है। समस्या यह है कि मेला क्षेत्र में इस बार लगभग एक हजार बीघा फसल आ रही है। उस फसल को काटने का सिल. सिला पिछले कई दिनों से चल रहा है मगर अभी तक भी फसलें पूरी नहीं कट पाई हैं, इस कारण प्रशासन की चिंता बढ़ी हुई है, क्योंकि इसी क्षेत्र में श्रद्धालुओं के तंबुओं को वसाया जाएगा। शनिवार को एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने मेला क्षेत्र में पहुंचकर स्वयं फसल कटवाने का कार्य देखा और तेजी लाने के निर्देश दिए।

## दो सौ पुलिस कर्मियों ने कराई आमद



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में चार हजार पुलिसकर्मी ड्यूटी देंगे। शनिवार तक मेला क्षेत्र में दो सौ अधिक पुलिसकर्मियों ने आमद करा दी है। अब लगातार आमद होती रहेगी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। प्रत्येक सेक्टर में पुलिस चौकी रहेंगी, घाटों पर भी

**मेला क्षेत्र में रहेगी चार हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी**

चौकियां बनाईं जाएंगी। पीएसी के गोताखोर भी मौजूद रहेंगे। शुक्रवार को मेला क्षेत्र में बनी कोतवाली में पुलिसकर्मियों ने आमद शुरू करा दी थी। शनिवार की शाम तक दो सौ से अधिक पुलिसकर्मियों ने मेला कोतवाली में आमद कराई।

## सड़क हादसे में युवक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** हसनपुर के मोहल्ला कायस्थान निवासी युवक फरमान शुक्रवार शाम बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद जा रहे थे। इसी दौरान चौधरपुर स्थित एक कंपनी के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में फरमान गंभीर घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए चौधरपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत अब सामान्य बताई जा रही है।

# देवर ने भाभी के साथ की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक महिला का आरोप है कि उसके देवर ने उसके साथ बुरी नीयत से दबा. ेचकर उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध किया तो मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी देवर सहित पांच लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को दोपहर के

**पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके शुरू की कार्रवाई**

समय महिला अकेली थी। आरोप है कि उसका देवर कमरे में घुस आया और छेड़छाड़ की। किसी तरह वह कमरे से बाहर निकली और सास, ससुर और दूसरे देवर से आरोपित की करतूत के बारे में बताया तो उन्होंने बजाए आरोपित को डांटने के महिला के साथ ही मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुँचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले देवर बहादुर समेत केला, ऋषिपाल, प्रकाश व एक अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ट्रांसपोर्टर के घर हुई चोरी का मुकदमा दर्ज

**गजरौला।** नगर के सादल्लेपुर रोड स्थित ट्रांसपोर्टर के घर में चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी। बता दें कि 23 अक्टूबर को मुनेश यादव के घर में चोरों ने ताले तोड़कर पांच हजार की नकदी व आभूषण समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने शुक्रवार की देर रात मुकदमा दर्ज करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## दो पक्षों में मारपीट, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में युवक घायल हो गया। तमंचे की बट मारकर 70 हजार रुपये लूटने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाल क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां में शनिवार की सुबह दो पक्ष आपस में भिंड गये। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट होने लगी। जिससे एक पक्ष का कमरुद्दीन घायल हो गया। घायल कोतवाली पहुंच गया तथा पुलिस को सर में तमंचे की बट मार कर घायल करना बताते हुए 70 हजार रुपये की लूट करने का भी आरोप लगाया। किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस मौके से मिली सीसीटीवी फुटेज को लेकर गहनता से उसकी जांच कर रही है। क्योंकि सीसीटीवी फुटेज ही पूरे मामले का खुलासा करेगी। दूसरे पक्ष का रियासत भी मारपीट में चोटिल हो गया। दोनों पक्षों के बीच हो रही मारपीट से मौके पर अफरा तफरी मच गई। एक पक्ष कस कहना है कि तमंचे की बट मार कर 70 हजार की नगदी को लूटा गया है। जबके दूसरे पक्ष कहना है कि सीसीटीवी फुटेज ही उसकी बेगुनाही का सबूत है। घायल कमरुउद्दीन को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

## भाटी ने महेन्द्री को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सचिव राजकुमार भाटी ने शनिवार को क्षेत्र के जगा नगला गांव पहुंचकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव ब्रह्म सिंह पंवार के घर जाकर उनकी पत्नी महेंद्री देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।राजकुमार भाटी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि पार्टी परिवार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।इस दौरान उनके साथ नवीन भाटी, धर्मेन्द्र पंवार एडवोकेट, वीरपाल सिंह, राजेश सिंह और गौरव पंवार मौजूद रहे। परिवार के प्रति सभी नेताओं ने संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# रुकमणि क्रिकेट ब्लू की हासिल की शानदार जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी के तत्वावधान में आयोजित मरहूम मोहम्मद फरमान मेमोरियल अंडर-16 टूर्नामेंट के चौथे दिन आरआरके क्रिकेट अकैडमी चंदौसी को रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी ब्लू ने आठ विकेट से हराया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए आरआरके टीम ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 114 रन बनाए। सोहम अग्रवाल ने 23 रन जोड़े। रुक्मणी ब्लू की ओर से कप्तान मोहम्मद शहरान ने 4, सलमान पाशा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रुक्मणी ब्लू ने 16.1 ओवर में 2 विकेट खोकर जीत दर्ज की। हर्ष सिंह ने 28 गेंदों पर नाबाद 51 और मोहम्मद अमान ने नाबाद 27 रन बनाए। आरआरके के लव कुमार ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद शहरान और गेम चेंजर हर्ष सिंह रहे। मैच में अंपायर शमशाद अल्वी व मोहम्मद सायम और स्कोरर मोहम्मद अरीब रहे। मैच के दौरान डॉ. सिद्धार्थ मलिक, कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी व अन्य मौजूद रहे।

### मोहम्मद शहरान मैन ऑफ द मैच




## पशु आरोग्य शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** अमरोहा। रजबपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर कलां में पशुपालन विभाग द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेला का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार ने गो-पूजन व फीता काटकर किया। शिविर में कुल 488 पशुओं का पंजीकरण किया गया। पशुओं को सामान्य उपचार, कृमिनाशक दवापान, लघु शल्य चिकित्सा, गर्भ परीक्षण, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण व बांझपन चिकित्सा जैसी नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर की अध्यक्षता पशु चिकित्सा अधिकारी डा. पुष्पेन्द्र कुमार ने की। उन्होंने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। डा. नीलय कुमार ने पशु रोगों के प्रति जागरूक किया, जबकि डा. विजेन्द्र सिंह ने पशुधन बीमा व खुरपका-मुँहपका जैसे रोगों की रोकथाम पर जानकारी दी। कार्यक्रम में सजल गिल, राहुल सिंह, मुकुलकांत (पशुधन प्रसार अधिकारी) सहित विभागीय अधिकारी एवं अनेक पशुपालक उपस्थित रहे। ग्रामीण क्षेत्र में इस शिविर को लेकर उत्साह देखा गया

# महिला मेट संघ ने किया बीडीओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** मनरेगा महिला मेट संघ से जुड़ी महिलाओं ने ब्लॉक कार्यालय के समक्ष खड़े होकर

**मनरेगा मॉनीटरिंग एप के के लिए अधिकृत करने की मांग**

प्रदर्शन किया। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी से मनरेगा मॉनीटरिंग एप का उपयोग करने के प्रति अधिकृत करने की मांग की।

शनिवार को महिला मेट संघ से जुड़ी महिला मेट ब्लॉक कार्यालय पहुंची और बीडीओ



प्रतिभा अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। महिला मेट संघ की ब्लॉकाध्यक्ष मंजू सिंह ने बताया कि उनके वाजिब हक उन्हें नहीं दिए जा रहे हैं। जहां पर जहां पर महिला मेट तैनात हैं, वहां पर मनरेगा मॉनीटरिंग एप का उपयोग करने के प्रति अधिकृत नहीं किया जा रहा है। रोजगार सेवक ही उस एप का प्रयोग कर रहे हैं। मंजू सिंह ने कहा कि उन्होंने बीडीओ के समक्ष एप संच. ालन करने के प्रति अधिकृत करने सहित अन्य कई मांगे रखीं हैं, जिस पर बीडीओ ने उन्हें गंगा स्नान के बाद समस्या के निस्तारण का भरोसा दिया है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष रेशमा, सुमन सिंह, सत्यवती, काजल, सविता, मुन्नी देवी, अर्चना, रीना, नाजुक जहां, सपना,जैतून खातून, महेंद्री आदि शामिल रहीं।

## हादसे में जान गंवाने वाला युवक था जयवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** शुक्रवार की रात करीब आठ बजे हाइवे स्थित गांव शहबाजपुर डोर में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले युवक की पहचान शनिवार की सुबह हुई। पुलिस द्वारा पहचान के लिए जारी किए गए वीडियो के आधार पर परिजन मोर्चरी पहुंचे।

जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना का शिकार बना युवक जयवीर (36) पुत्र जगदीश था जो कि नगर के हाइवे स्थित मोहल्ला नाईपुरा बुद्धनगर का निवासी था। वह तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था और शादीशुदा

**परिजनों ने मोर्चरी पर पहुंचकर की पहचान**

भी था। वह तीन बच्चों का पिता था। बताते हैं कि वह मेहनत मजदूरी करने के साथ साथ शादी बारात में वीडियो आदि बनाने वाले फोटोग्राफर के साथ भी जाता था। बीते दिन वह कांकाठेर गया था, पैदल पैदल घर आ रहा था, जब वह शहबा. जपुर डोर के पास पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी और उसकी मौत हो गई थी। घटना से परिजनों में चीख पुकार मची है।

## युवक गंभीर रूप से घायल

**चिलकाना।** बुड्ढाखेड़ा गांव में बाईक की टक्कर लगने से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया, पुलिस ने घायल को सीएचसी सुलतानपुर में भर्ती करवाया था, जहां से हालत गम्भीर होने से चलते उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित गुलशेर पुत्र महबूब निवासी ग्राम बुड्ढाखेड़ा थाना चिलकाना अपने गांव स्थित कुटी पर खड़ा हुआ था। तभी सामने की ओर से तेज गति से आ रही बाईक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से गुलशेर घायल हो गया तथा टक्कर मारने के बाद बाईक सवार युवक आलीशान पुत्र जीशान व राजिक मौके से फरार हो गए।

# दौड प्रतियोगिता में विकास, विशाल व अंकित रहे प्रथम

**चिलकाना।** सुल्तानपुर में श्री गुरु रविदास युवा शक्ति समिति द्वारा आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग में विकास सैनी, विशाल तथा अंकित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।शनिवार को दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री गुरु रविदास आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू खालसा, थाना अध्यक्ष विनोद कुमार, श्याम कुमार सैनी तथा सोनित कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए स्वास्थ्य तथा शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। बच्चा यदि स्वस्थ होगा तो वह शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपना अच्छा प्रदर्शन कर सकेगा। उन्होंने दौड़ प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि वह आने वाले समय में और अच्छा प्रदर्शन करेंगे।सौ मीटर दौड़ में विकास सैनी पटनी ने पहला, अशद डिंडोली ने दूसरा तथा शुभम कुमार सुल्तानपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में विशाल बहादरपुर पहले, मिलन अहाडी दूसरे तथा विष्णु कश्यप सहारनपुर तीसरे स्थान पर रहे। 1600 मीटर दौड़ में अंकित राणा सहारनपुर प्रथम, सौरभ सैनी द्वितीय तथा आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। सभी वर्गों में प्रथम स्थान पर रहे प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार आदि रहे।

## महिलाओं व छात्राओं से संवाद कर बढाया हौंसला

**चिलकाना।** थाना मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला एसआई सुमन द्वारा नगर में महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# अवैध खनन सामग्री से भरे 5 डम्पर पकड़े

## जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सदर सुबोध कुमार की कार्रवाई, फसाद करने वाले 8 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता चिलकाना।** थाना पुलिस एवं राजस्व विभाग टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अवैध खनन सामाग्री से भरे 5 डम्पर पकड़े हैं, वहीं मौके पर आमादा फसाद करने वाले 8 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

बृहस्पतिवार को एसडीएम सुबोध कुमार के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन पर रोक लगाए जाने के उद्देश्य से थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस एवं राजस्व टीम द्वारा चलाये गए चैकिंग अभियान के तहत अवैध खनन से भरे 5 डम्पर पकड़े गए हैं। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि सभी वाहन चालकों से खनन सामग्री से संबंधित पत्राचार मांगे जाने पर वह कोई वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर पाए। जिसके बाद उक्त वाहनों को कब्जे में लेकर थाना लाकर सीज किया गया है।



वहीं मौके से गिरफ्तार आमादा फसाद करने वाले आठ आरोपीयों उवैश पुत्र रब्बान निवासी ग्राम चोखड़ा थाना चरथावल, समून पुत्र इस्तखार निवासी ग्राम कुंहेड़ी, सुहैल पुत्र जुबैर निवासी ग्राम कुटेसरा, उम्मेद पुत्र उमर मोहम्मद निवासी ग्राम कुन्हैड़ी थाना चरथावल, दरेशपाल पुत्र रोहताश सिंह निवासी ग्राम बामनहेड़ी थाना कोतवाली, फैजान पुत्र जमशेद निवासी ग्राम खोकनी थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर, शहनवाज पुत्र जिन्दा हसन निवासी ग्राम कबीरपुर थाना झिंझाना, फारूख पुत्र सिन्ना निवासी ग्राम कबीरपुर थाना झिंझाना जनपद शामली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई राजकुमार उज्जवल, हेड कांस्टेबल सचिन खोखर, कांस्टेबल दीपक कुमार, मनोज कुमार शामिल रहे।

## जेसीबी व 3 ट्रैक्टर ट्राली जब्त



**गागलहेड़ी।** पुलिस ने अवैध रूप से खेतो में खनन कर रहे एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त कर सीज कर दिया है। वही खनन करने वाले मौके से फरार हो गए। इस कार्रवाई से खनन माफियाओ में हड़कंप मच गया है।

शनिवार को गागलहेड़ी पुलिस ने खनन माफियाओ के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए मिट्टी से भरे तीन ट्रैक्टर ट्राली और एक जेसीबी को सीज किया है। थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रात में पुलिस गस्त एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के गांव भारापुर के जंगल मे मशीन जेसीबी से अवैध खनन रहा है। सूचना का संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, पुलिस टीम को आता देख खनन माफिया अँधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, पुलिस ने मौके से मिट्टी से भरी तीन ट्रैक्टर ट्राली और एक जेसीबी को कब्जे में लेकर सीज करने की कार्यवाही की है।जिसकी रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेज दी गई है।

# अवैध खनन नेटवर्क में अखिलेश के नाम के दुरूपयोग पर भड़के फरहाद




**शाह टाइम्स ब्यूरो सहारनपुर।** घाड़ मे लाला के अवैध खनन नेटवर्क पर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला अध्यक्ष और नकुड़ विधानसभा के संभावित प्रत्याशी फरहाद आलम गाड़ा ने प्रशासन से इस पूरे मामले में तत्काल दखल की मांग की है।

फरहाद आलम ने खुलासा किया है कि खनन नेटवर्क के एक ग्रुप में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की तस्वीर का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे जनता में भ्रम फैलाने और अखिलेश यादव की छवि को धूमिल करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जननायक अखिलेश यादव की लोकप्रियता से डरकर कुछ तत्व उन्हें अवैध कारोबार से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जो पूरी तरह से निंदनीय और साजिशान कदम है। फरहाद ने आरोप लगाया कि यह वही लोग हैं जो अधिकारियों की रेकी कर खनन के काले कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अवैध ग्रुप संचालकों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी स्वच्छ राजनीति और जनसेवा की प्रतीक है, ऐसे षड्यंत्र कभी सफल नहीं होंगे।

# अखिलेश व राहुल सनातन विरोधीः हरीश द्विवेदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं असम प्रदेश के प्रभारी हरीश द्विवेदी ने शनिवार को कहा है कि समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा काग्रेंस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सनातन विरोधी है और उन्हें अपना धर्म परिवर्तन कर लेना चाहिए।



को पत्राकारो से बातचीत करते हुए उन्होने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा काग्रेंस के राहुल गांधी द्वारा सनातन धर्म का निरन्तर विरोध किया जा रहा है। ये लोग सनातन धर्म के विरोधी है। सनातन धर्म की एकता, आखण्डता को कमजोर करने के लिए ये लोग कार्य कर रहे है लेकिन भाजपा के रहते हुए सनातन धर्म का विरोध नहीं होने पायेगा। सनातन धर्म के विरोधियों को देश तथा प्रदेश की जनता समय आने पर आईना दिखायेगी। दोनो नेता हमारी राय मान लें और धर्म परिवर्तन कर ले क्योंकि सनातन धर्म का झूठा चोला कब तक पहनेगें। उन्होने कहा कि भाजपा 2027 मे फिर प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनायेगी क्योंकि सपा और काग्रेंस पार्टी द्वारा सनातन धर्म के विरोध मे जो प्रलाप किया जा रहा है यहां की जनता इन्हे स्वीकार नहीं करेगी। भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के नारे को बुलन्द करते हुए उसी के आधार पर निरन्तर कार्य कर रही है और दुबारा भाजपा की सरकार बनाने के लिए आतुर है। भाजपा की केन्द्र की मोदी तथा प्रदेश की योगी सरकार विकास कार्यो को निरन्तर बढ़ावा दे रही है और गरीब, असहाय, किसानों के लिए निरन्तर जनउपयोगी योजनाएं संचालित की जा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि बिहार के चुनाव मे सपा के एक भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में नही है फिर भी सपा द्वारा जबरदस्ती स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गयी है। बिहार चुनाव में इनकी भागीदारी न होना बहुत बड़ा सवाल है और इसका जबाव उत्तर प्रदेश की जनता 2027 के चुनाव मे इन्हें भारी सीटो से हरा कर देगी।

## भूपेन्द्र चौधरी ने बिहार में अखिलेश के प्रचारक की भूमिका पर उठाया सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बिहार विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रचारक की भूमिका पर सवाल उठाया है। छठ महापर्व के बाद सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के बिहार चुनाव में चुनाव प्रचार के लिए जाने की चर्चा तेज हो गई है। इस पर श्री चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव की पार्टी बिहार में चुनाव नहीं लड़ रही है और उनका कोई प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में नहीं है तो वह वहां क्यों जा रहे हैं, इसकी ज्यादा जानकारी मीडिया को हो सकती है। उन्होने कहा है कि भाजपा बिहार में एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी बिहार में दी है। श्री चौधरी ने कहा है कि योगी आदित्यनाथ जहां बिहार में स्टार प्रचारक हैं। वहीं उपमुख्यमंत्राी केशव प्रसाद मौर्य सह प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी पार्टी के चुनाव प्रबंधन और बूथ मैनेजमेंट का काम बिहार में कर रहे हैं। उन्होंने कहा ष्जो हमारे लोकप्रिय जननेता हैं, उनकी भी सभाएं बिहार में लगातार हो रही है। बिहार में 20 वर्षो में मुख्यमंत्राी नीतीश कुमार के नेतृत्व में और देश में प्रधानमंत्राी मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में जो बिहार में कार्य किए हैं। उन्हीं कामों का लेखा-जोखा लेकर हम जनता के बीच में हैं। उन्होने कहा ष मुझे विश्वास है कि बिहार की जनता 1990 से 2005 के कालखंड को भूली नहीं होगी।

## वाराणसी में छठ की तैयारी पूरी

### नगर विकास मंत्री ने लिया जायजा

**वाराणसी।** नगर विकास मंत्राी एके शर्मा ने शुक्रवार रात यहां छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अस्सी घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा समुचित व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिसमें एलईडी लाइट्स, हाईमास्ट और झालरों से रोशनी की व्यवस्था शामिल हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह रोका जाए। कूड़े-कचरे के प्रबंधन के लिए घाटों पर डस्टबिन रखे जाएं और लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि घाटों पर कहीं गंदगी न दिखे और गहरे पानी में जाने से रो. कने के लिए बैरिकेलडग की जाए। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जल पुलिस और गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त एस-राजलिंगम, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोरखपुर स्थित गोर्रा नदी में नाव पलटी

### एक की मौत

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के झंगहा क्षेत्रा के जोगिया और बसुही और राजधानी गांव के समीप स्थित गोर्रा नदी स्थित करही घाट पर शनिवार को नाव पलट जाने से एक किशोर की डूबकर मृत्यु हो गई।

पुलिस ने बताया कि झंगहा थाना क्षेत्रा के गोर्रा नदी स्थित करही घाट पर सुबह करीब 11 बजे यात्रियों से भरी नाव अचानक नदी में डूब गई जिसमें राजधानी गांव का निवासी 15 वर्षीय किशोंर कृष्ण कुमार चौबे की डूब कर मृत्यु हो गयी तथा अन्य को गोताखोरों की मदद से कुछ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार नाव पर झंगहा क्षेत्रा के जोगिया, बसुही और राजधानी गांव के करीब आठ लोग सवार थे जो करही, बरही और डीहघाट की ओर जा रहे थे।

नदी पार पहुंचने के दौरान सवारियां नीचे उतर ही रही थीं कि नाव चालक ने अचानक नाव में लगे दमकल इंजन को स्टार्ट कर दिया। इससे नाव चलने लगी और कुछ दूरी पर बने ठोकर से टकरा गई। टक्कर से नाव का हिस्सा टूट गया और उसमें पानी भरने लगा। हादसा होते ही नाव पर सवार लोगों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाव पर करीब पांच मोटरसाइकिलें भी थीं जो नदी में डूब गईं और उनका अब तक पता नहीं चल सका है।

## त्योहारों में पहले लोग सोना खरीदते थे, अब सोना बेचकर त्योहार मनाने को मजबूरः अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को कहा कि पहले लोग सोना खरी. दकर त्योहार मनाते थे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में अब लोग सोना बेचकर त्योहार मनाने को मजबूर हैं।

लहुराबीर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में पत्राकारों से बातचीत में उन्होने लखनऊ के काकोरी में एक बुजुर्ग के साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है। संघ के लोग बुजुर्गो के साथ कैसा व्यवहार





कर रहे हैं, यह पूरा देश देख चुका है। समाज को बांटकर राजनीति करना इनकी पुरानी नीति है। श्री राय ने बिहार की स्थिति पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि बिहार में पूरी तरह जंगलराज कायम है। सरकार ने शराबबंदी लागू की है, लेकिन आज किसी भी होटल में शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। एनडीए सरकार बिहार में शराब तस्करी को बढ़ावा दे रही है। बिहार को एकमात्रा रोजगार शराब तस्करी का दिया गया है। वहां की सरकार और पुलिस दोनों शराब बिकवाने में शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि आज से छठ का महापर्व शुरू हो गया है। काशी में सीवर का पानी पाइप के जरिए गंगा में डाला जा रहा है। छठ को लेकर घाटों पर क्या व्यवस्था की गई है, यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय भाजपा को घुसपैठिए नजर आने लगते हैं। बिहार में एनडीए की सरकार जा रही है और इस बार जनता वहां बदलाव लाने के मूड में है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव में वोटों के नाम पर इस्तेमाल हो रहा है मुसलमानः शौकत अली

**आमग।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने कहा कि देश की सियासत में लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का खौफ दिखाकर सभी राजनीतिक दलों ने सिर्फ मुसलमानो के वोट का इस्तेमाल किया और यही काम बिहार चुनाव में भी हो रहा है। उन्होंने बिहार चुनाव में एआइएमआइएम के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उन्होंने योगी के हलाल सर्टिफिकेशन वाले बयान की भी आलोचना की। शौकत अली शानिवार को जिले के माहुल स्थित अपने आवास पर पत्राकारों से बातचीत कर रहे थे। शौकत अली ने कहा कि मुसलमान हमेशा धर्मनिरपेक्ष दलों के साथ ईमानदारी से रहा है, लेकिन उसे कभी उसका हक नहीं दिया जाता । इधर हाल के दिनों में भारतीय जनता पार्टी का खौफ दिखाकर मुसलमान का वोट ले लिया जाता है लेकिन आबादी के आधार पर उसको कभी उचित स्थान नहीं दिया जाता। उत्तर प्रदेश के मुसलमानो ने भी यहां गैर भाजपा दलों को वोट दिया लेकिन उसे कभी उपमुख्यमंत्राी नहीं बनाया गया। बिहार चुनाव की चर्चा करते हुए शौकत अली ने कहा कि इंडि गठबंधन में और सबसे ज्यादा मुसलमानो का वोट लेने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन मुख्यमंत्राी तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्राी मुकेश साहनी को घोषित किया जा रहा है । मुसलमान को इस बात को समझना होगा कि वह क्या केवल दरी बिछावन मंत्राी का ही काम करेंगे ।एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी ए आई एम आई एम बिहार चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्राी योगी आदित्यनाथ के माचिस पर भी हलाल सर्टिफिकेशन वाले बयान पर खुलकर जवाब दिया और कहा कि उनके सलाहकार उन्हें गलत सलाह दे रहे हैं और यदि इस पैसे का उपयोग आतंकवाद के लिए किया जा रहा है तो वह इस सूबे के मुख्यमंत्राी हैं।

### कानपुर में आधी अधूरी तैयारियों के बीच मनेगा छठ महापर्व

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नगरी कानपुर में शनिवार को सूर्योपासना का महापर्व 'छठ' नहरों और नदियों के घाटों में व्याप्त गंदगी के बीच 'नहाय खाय' के साथ शुरु हो गया। गंगा तट पर स्थित कानपुर में घाटों में पसरी गाद और गंदगी अब तक पूरी तरह साफ नहीं हो सकी है। घाटों की सीढ़ियों पर पूजन सामग्री,खंडित मूर्तियां और पालीथीन के छठ की पूर्व संध्या तक जस तस बिखरे पड़े दिखायी दिये, वहीं शहर के बीचोंबीच पनकी नहर, सीटीआई नहर,सचान गेस्ट हाउस में वेदी बन कर तैयार हैं मगर सालों से नहरों की सफाई नहीं हो पाने से नहरों में टनो मलबा पसरा हुआ है। दीपावली से चंद दिन पहले जेसीबी मशीनो के जरिये कुछ मलबा निकाला गया। नहरों की सफाई को लेकर सिंचाई विभाग और नगर निगम के बीच तालमेल का सर्वथा अभाव दिखायी देता है और दोनो ही विभाग एक दूसरे को सफाई का जिम्मेदार बता कर अपना पल्ला छाड़ते दिखायी पड़ रहे हैं। दो रोज पहले स्थानीय सांसद रमेश अवस्थी ने सीटीआई नहर का निरीक्षण किया था और सफाई कार्यो में सुस्ती के प्रति नाराजगी जाहिर की थी। उन्होने नगर निगम के अधिकारियों को फोन पर बात कर सफाई का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिये थे। इस बीच छठ महापर्व को लेकर शहर में उत्साह चरम पर है। विजय नगर,अर्मापुर,पनकी समेत कई इलाकों में बाजार खरीददारों से गुलजार रहे। लोगों ने छठ पर्व के लिए जरुरी पूजन सामग्री की जोर शोर से खरीददारी की और अपने घर आंगन को साफ सुथरा किया। नहरों और घाटों पर व्याप्त गंदगी से बचने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने घर पर छोटा जलाशय बना कर अर्घ्य देने का मन बना लिया है।

### आगरा मे सर्राफ का अपहृत बच्चा मुक्त दो गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शुक्रवार को अपहृत सर्राफा कारोबा. री का बेटा पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सर्राफा कारोबारी सोनू के चार वर्षीय पुत्रा जय के अपहरण करने की योजना उसके चाचा गगन ने साथियों के साथ मिलकर बनाई थी। पुलिस की कार्रवाई का दबाव बना था, लिहाजा आठ घंटे के अंदर ही अपहरणकर्ता जय को घर के पास ही छोड़ कर फरार हो गए थे। चार लोगों ने मिलकर जय का अपहरण किया था और अपहरणकर्ताओं से थाना एत्माउद्दौला इलाके में बीती रात को पुलिस से मुठभेड़ भी हुई। पुलिस से मुठभेड़ में बदमाश सत्य प्रकाश और साबिर के पैर में गोली लगी है। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जय को अगवा करने की योजना बनाने वाला मास्टरमाइंड चाचा गगन और उसका चौथा साथी आकाश अभी भी फरार है। दरअसल शुक्रवार को एत्माउद्दौला के गढ़ी चांदनी में दोपहर डेढ़ बजे जय अपनी दादी के घर जा रहा था, तभी रास्ते में से जय को अगवा कर लिया गया था। एक व्यक्ति ने जय को बातों में फंसाया और उंगली पकड़ कर ले गया था। उंगली पकड़ कर ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में भी दिखाई दिया था। जय के पिता सोनू से व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से ढाई लाख रुपए की फिरौती भी मांगी गयी थी। जय की तलाश में पुलिस की दस टीमों का गठन किया गया। तीन थानों का फोर्स में भी लगाया गया ताकि जय को सकुशल बरामद कर लिया जाए। पुलिस का जब दबाव बना तो शुक्रवार को ही देर शाम करीब नौ बजे अपहरणकर्ता जय को उसी के घर के पास छोड़ गए थे। पुलिस ने जय को बरामद करके सकुशल परिवार को सौंप दिया है।

### मुठभेड़ में दो शातिर चोर गिरफ्तार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के कालिंजर क्षेत्रा में पुलिस ने कार सवार चोरों को एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से इरशाद नामक आरोपी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी से रेफर कर जिला अस्पताल भेजा गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने शनिवार को बताया कि बीती रात्रि कालिंजर थाना और एसओजी की पुलिस की टीम वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भ्रमणशील थी कि सौता गांव के मोड़ रोड पर बांदा की ओर से आ रही होंडा कार सवार दो संदिग्ध ने पुलिस को देख गाड़ी मोड़कर भगाने का प्रयास किया।पुलिस ने उनके वाहन का पीछा किया। तभी सढ़ा गांव लिंक रोड पर होंडा अनियंत्रित होकर एक खंती में फस गई। जैसे ही मौके पर पुलिस ने उन्हें घेर कर गिरफ्तार करने की को. शिश की। आरोपियों ने तमंचे से पुलिस पर फायर किया। पुलिस की आत्मरक्षार्थ चली गोली पैर में लगने से बांदा नगर के हरदौल तलैया मर्दननाका मोहल्ला निवासी इरशाद घायल हो गया।

## देव दीपावली में वाराणसी के घाटों पर जलेंगे करीब 25 लाख दीये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/वाराणसी।** देव दीपावली 2025 पर काशी की उत्तरवाहिनी गंगा के दोनों तट दीपों की अद्भुत रोशनी से जगमगाएंगे। महादेव की नगरी में अर्धचंद्राकार घाट करीब 25 लाख दीयों की माला से सजकर साक्षात दिव्यता का रूप धारण करेंगे,



तो गंगा पार रेत पर रंग, रोशनी और संगीत का समावेशी प्रदर्शन सृष्टि को आलोकित करेगा। वहीं, 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग और लेजर शो की अद्भुत झलक श्रद्धालुओं को अविस्मरणीय अनुभव कराएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्राी जयवीर सिंह ने बताया कि इस बार देव-दीपावली पर वाराणसी के घाटों पर करीब 25 लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसमें 10 लाख दीये राज्य सरकार की ओर से, जबकि बाकि दीप घाटों की स्थानीय समितियों द्वारा जलाए जाएंगे। यह प्रकाश उत्सव घाटों को दिव्यता और सौंदर्य से भर देगा, जिससे गंगा तट और पूरे शहर का दृश्य भक्तों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाएगा। विभाग का प्रयास है कि 'देवों की दिवाली' वाराणसी आने वाले हर आगंतुक के लिए यादगार हो। उन्होने कहा उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा तीन से पांच नवम्बर तक काशी के चेत सिंह घाट और गंगा द्वार पर अत्याधुनिक 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग एवं लेजर शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस मनमोहक प्रस्तुति में गंगा, काशी और देव दीपावली की पावन कथा को 25 मिनट के दर्शनीय अनुभव में पिरोया जाएगा,

जिसमें 17 मिनट की प्रोजेक्शन मैपिंग और 08 मिनट का लेजर शो सम्मिलित होगा। जयवीर सिंह ने बताया, 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए देव दीपावली, काशी-वाराणसी, भगवान शिव, गंगा और अन्य पौराणिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां होंगी।

## श्रद्धालुओ से भरा वाहन खाई में गिरा, 16 घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के जूगैल थाना क्षेत्रा में शुक्रवार देर रात्रि में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।

इस हादसे में तीन बच्चों समेत 16 लोग घायल हो गये। पुलिस क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय ने बताया कि जमुआंव गांव निवासी तेजबली विश्वकर्मा का परिवार शुक्रवार को पिकअप पर सवार होकर जिरही देवी मंदिर दर्शन के लिए गए थे। दर्शन पूजन के बाद रात्रि में सभी लोग पिकअप पर सवार होकर वापस लौट रहे थे कि वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। इस हादसे में तीन बच्चों समेत 16 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष पाण्डेय ने बताया कि वाहन में कुल 20 श्रद्धालु सवार थे जिसमें से कुल 16 लोग घायल हुए थे। सभी को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद 13 लोगों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## सरदार पटेल की जयंती पर पूरे प्रदेश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर 31 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्राी एके शर्मा ने शनिवार को बताया कि इस आयोजन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, स्थानीय नागरिक, युवा, महिलाएं, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता, किसान, मजदूर और सभी मोर्चो का प्रभावी प्रतिनिधित्व होगा।



इसके अलावा, सभी बूथों पर सरदार पटेल के चित्रा के समक्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल अखंड भारत के शिल्पी थे। जब देश आजाद हो रहा था, तब अंग्रेजों ने भारत को कई हिस्सों में बांटने की साजिश रची थी, ताकि भारत कभी एक न हो सके, लेकिन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अद्भुत दूरदृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति से 563 रियासतों को भारत गणराज्य में विलय कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया। आज उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जो भारत एकजुट दिखता है, वह सरदार पटेल की देन है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्राी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, ताकि सरदार पटेल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जा सके। नगर विकास मंत्राी ने कहा कि भाजपा और केंद्र व राज्य सरकारें सरदार पटेल के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष समाज को बांटने की राजनी. ति कर रहा है, तब भाजपा की जिम्मेदारी है कि एकता और अखंडता का संदेश हर गांव और हर विधानसभा तक पहुंचाया जाए। श्री शर्मा ने बताया कि 1 नवम्बर से 26 नवम्बर तक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रा में 8 से 10 किलोमीटर लंबी 'एकता पदयात्रा' निकाली जाएगी। इसमें सेवानिवृत्त सैनिक, किसान, श्रमिक, भाजपा के अनुषांगिक संगठन, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड सहित विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे।

यात्राा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातर' के जयघोष गूंजेंगे। प्रत्येक दो किलोमीटर पर पघव होगा, जहां विभिन्न समुदायों के लोगों से संवाद स्थापित कर एकता का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले से पांच प्रतिनिधि गुजरात के करमसद जाएंगे और सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मस्थान से शुरू होने वाली यात्राा में शामिल होंगे। प्रत्येक जिले से युवा मोर्चा के दो पदाधिकारी और तीन यूथ आइकॉन भी इस यात्राा का हिस्सा होंगे।

## बहराइच में युवक की गला रेंतकर हत्या

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के खैरीघाट क्षेत्रा के अलीनगर कला गांव में शनिवार की सुबह एक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्राों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे अलीनगर कला निवासी जाकिर अली (35) का खून से लथपथ शव उनके ही बरामदे में पड़ा मिला। उस समय परिजन घर के अंदर सो रहे थे। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि जाकिर की हत्या कहीं और कर शव को बरामदे में फेंका गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी हसीना, दो पुत्रा और तीन पुत्रिायों को छोड़ गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## छठ पूजा पर सूपों की मांग बढ़ने से बर्तन कारोबारी खुश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिर्जापुर।** बिहार,ओडिशा और झारखंड समेत कई अन्य राज्यों में छठ पूजा के मौके पर पीतल नगरी मिर्जापुर में निर्मित सूपों की मांग बढ़ने से यहां के बर्तन व्यवसायी खुश हैं। मिर्जापुर अपने गुणवत्ता पूर्ण पीतल के लिए सारे देश में प्रसिद्ध रहा है। मिर्जापुर के पीतल को देश में उच्चकोटि का माना जाता रहा है।

तांबा और जस्ता को मानक के अनुरूप मिलाना एक बड़ी कला होती है। यहां के कारीगर इसमें माहिर रहे हैं, हालांकि एक शताब्दी प्राचीन इस बर्तन मंडी में शादी विवाह एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए बड़े बर्तन हंडा परात, थार,परात,कल्छुल आदि बड़े बर्तनों का निर्माण किया जाता रहा है,जिसकी मांग समय के साथ कम होती गई। लिहाजा यहां का बर्तन उद्योग समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया था। जिले के प्रमुख बर्तन निर्माता विश्वनाथ अग्रवाल बताते हैं कि भाजपा सरकार आने के बाद यहां के बर्तन उद्योग को ओडीओपी स्कीम में लिया गया, जिसके चलते हमें काफी सहुलियत मिली है। अब यहां फैन्सेबुल बर्तन बनाने लगे हैं। बर्तनों की मांग में गुणवत्ता परिवर्तन आया है। एक अन्य व्यवसायी बालगोलवद कहते हैं कि सूपों का निर्माण पहले भी होता रहा है। लेकिन जीएसटी की कटौती से इस बार दाम में कमी आई है।वे आगे कहते हैं यहां से सस्ते सूप अन्य स्थानों पर उपलब्ध है,पर मिर्जापुर का पीतल अन्य स्थानों की अपेक्षा अधिक गुणवत्ता पूर्ण है। ऐसे में शौकीन ग्राहकों में मांग बढ़ी है। बर्तन एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल जो इस उधोग के लिए काफी संघर्ष भी कर रहे हैं। वे बताते हैं कि यहां के बर्तनों को आई एस टैग मिला है। अयोध्या में भगवान राम को भोग के लिए यहां के बर्तनों के उपयोग से प्रसिद्धि भी मिली है।

## रेलवे स्टेशनों पर गूंज रहे है छठमईया के गीत

**प्रयागराज।** आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर उत्तर मध्य रेलवे ने इस बार यात्रियों के अनुभव को और भी भावनात्मक बना दिया है।

प्रयागराज से लेकर झांसी और आगरा मंडल तक के 39 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ मइया के पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। प्रयागराज रेलवे के इस अनोखे प्रयास ने न केवल यात्रियों को उत्सव का अहसास कराया है, बल्कि उन्हें बिहार और पूर्वांचल की सोंधी संस्कृति से भी जोड़ा जा रहा है।उत्तर मध्य रेलवे ने छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और सहजता के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। प्रयागराज मंडल के प्रमुख स्टेशन जैसे अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, मिर्जापुर, लवध्याचल, मानिकपुर और नैनी सहित झांसी मंडल के ग्वालियर, चित्राकूट, उरई, खजुराहो, तथा आगरा मंडल के आगरा कैंट, मथुरा और धौलपुर स्टेशनों पर छठ के पारंपरिक गीत बजाए जा रहे हैं।जब यात्रियों की ट्रेनें प्लेटफॉर्म पर पहुंचती हैं, तो स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली से बजते गीत ष मंगला हम वरदान हे गंगा मइयाष, ष्केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेवष्यात्रियों के दिलों को छू जाते हैं। कई महिला यात्री इन गीतों को गुनगुनाती रही हैं। यह पहला मौका है जब भारतीय रेल ने स्टेशन उद्घोषणाओं में लोकगीतों को शामिल कर संस्कृति और सेवा का संगम प्रस्तुत किया है। छठ पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने अतिरिक्त टिकट काउंटर, यात्री सहायता केंद्र और बूथ की व्यवस्था की है। साथ ही, 139 हेल्पलाइन पर मदद मांगने पर तुरंत टीटीई, डॉक्टर या मेडिकल टीम को भेजा जा रहा है। सुरक्षा के लिए प्रयागराज, झांसी और आगरा मंडलों में डिविजनल वॉर रूम स्थापित किए गए हैं।

# एटीआई ने कंडक्टर पर लगाया दस गुना जुर्माना



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** शुक्रवार को नगर में ऐटीआई ने रोडवेज बस में बिना टिकट यात्रा करते हुए एक यात्री को पकड़ा महिला कंडक्टर पर लगाया 10 गुना जुर्माना हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के कस्बा बिसौली के समीप मयूर वार के पास शुक्रवार को अचानक से एटीआई मोज्जमखान ने एक रोडवेज बस को रोक लिया और यात्रियों के टिकट की चेकिंग करना शुरू कर दिया वही इस दौरान एक होमगार्ड पर टिकट नहीं मिला तो होमगार्ड से पूछने पर बताया गया कि टिकट के पैसे महिला कंडक्टर को दे दिए गए थे लेकिन टिकट काटकर नहीं दिया था इसके बाद एटीआई ने महिला कंडक्टर पर टिकट का 10 गुना पेनल्टी लगाई है और आगे से ऐसी गलती ना हो ऐसी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

# ओवररेटिंग मामले ने तूल पकड़ा, वीडियो बनाने पर पत्रकार से दबंगों ने की बदतमीजी

## सचिव ने पत्रकार के साथ की गाली-गलौज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** कादरचौक ब्लॉक समिति में यूरिया और डीएपी खाद को लेकर किसानों की बढ़ती परेशानी अब विवाद का रूप ले चुकी है। समिति पर ओवररेटिंग और मनमाने वितरण के आरोपों के बीच शनिवार को बड़ा बवाल हो गया। जानकारी के अनुसार, जब एक स्थानीय पत्रकार ने समिति परिसर में ओवररेटिंग और अव्यवस्था की वीडियो बनाने का प्रयास किया, तो समिति सचिव धर्मेंद्र ने उससे अभद्रता की और मोबाइल छीन लिया। आरोप है कि सचिव ने पत्रकार के साथ गाली-गलौज भी की। किसानों का कहना है कि समिति सचिव ने गांवों में "सेटिंग" कर रखी है और उन्हीं लोगों को खाद दी जाती है, जबकि आम किसान सुबह से शाम तक लाइन में लगे रहते है।

लेकिन उन्हें यूरिया और डीएपी नहीं मिल पाती। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रात के समय समिति सचिव की मिलीभगत से कुछ लोगों को ओवररेटिंग पर खाद बेची जाती है। दिन में जब किसान समिति पर पहुंचते हैं, तो उन्हें "खाद नहीं आई" कहकर टाल दिया जाता है। पीड़ित पत्रकार ने अपने ऊपर हुए हमले की तहरीर थाना कादरचौक में दी है। इस घटना से क्षेत्र के पत्रकारों और किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ब्लॉक समिति की गहन जांच कर दोषी सचिव धर्मेंद्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसानों और पत्रकारों के साथ इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

# गैस रिफिलिंग के दौरान कार में लगी आग

भगवान दास, शाह टाइम्स

**बदायूं।** थाना हजरतपुर कस्बे में शनिवार सुबह गैस रिफिलिंग के दौरान एक ईको कार में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। आग से कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने वह मुश्किल आग बुझाई गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तब तक आग बुझ चुकी थी। बताया जा रहा है कि चितरी निवासी झब्बू लाल अपनी इको कार में गैस भरवाने के लिए हजरतपुर स्टैंड पहुंचे थे। गैस भरते समय अचानक कार में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने पानी और रेत डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।

कस्बे में कई स्थानों पर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग की जा रही थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तब तक आग बुझ चुकी थी। पुलिस घटना की जांच कर रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में कई जगह गैस की रिफिलिंग हो रही है जिससे हादसों का खतरा बना रहता है।

# मुठभेड़ में घायल हुए तीन गोतस्कर दबोचे, हेड कांस्टेबल भी हुआ घायल

## परिजन बोले-घर से की गई गिरफ्तारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** मथुरा-बरेली हाईवे स्थित बी आर बी स्कूल के पीछे गोवंशों के अवशेष मिलने के बाद बुधवार को कई संगठनों ने जाम लगा दिया था। पुलिस ने रात में अभियान चलाकर सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद तीन तस्करों को दबोच लिया। मुठभेड़ में हेड कांस्टेबल गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से तमंचे, कारतूस और गोकशी में प्रयुक्त औजार बरामद किए हैं। बुधवार रात एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने गोकशी की घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए सिविल लाइंस, कोतवाली सदर, एसओजी और सर्विलांस टीम को गोतस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगाया। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ तस्कर कुंवरगांव रोड स्थित आईटीआई कॉलेज के पास जंगल में छिपे हैं और गो. कशी की घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जवाबी कार्रवाई में तीनों तस्कर गोली लगने से घायल हो गए। वहीं बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार भी घायल हो गए। कृष्ण कुमार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव दुगरैया निवासी असलम, उसके बेटे मुजा. हिद और शाहरुख उर्फ हसनैन के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन तमंचे, कारतूस और गोकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। पूछताछ में असलम ने बताया कि वह अपने बेटों के साथ मिलकर छुट्टा गोवंशों का वध कर मांस बेचने का काम करता था। हाल ही में उन्होंने बरेली-मथुरा हाईवे पर स्कूल के पीछे गो. कशी की थी। बुधवार को फिर से गोवंशों को पकड़कर गोकशी करने की योजना बना रहे थे, लेकिन इससे पहले पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। पुलिस मुठभेड़ में घायल तीनों तस्करों को उपचार के बाद जेल भेज दिया गया। मुठभेड़ में घायल मुजाहिद, शाहरुख उर्फ हसनैन और असलम का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। इलाज के बाद तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। तीनों पर गोकशी की साजिश और पुलिस पर फायरिंग करने के आरोप हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को दबोच लिया। एक हेड कांस्टेबल को भी गोली लगी है। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

# बारात में हर्ष फायरिंग के दौरान युवक के लगी गोली

## घायल युवक की 13 दिन बाद मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** बारात में हुई हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से घायल हुए युवक की 13 दिन इलाज के बाद बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। घटना के समय युवक पर जानलेवा हमला किया गया। इस मामले में एसआई ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था और पुलिस फिलहाल विस्तृत जांच में जुटी है। फायरिंग का आरोपी फरार चल रहा है। मामला बिनावर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर बिहार गांव का है। यहां 11 अक्तूबर को बदायूं के सदर कोतवाली के गद्दी चौक मोहल्ले से सैफ पुत्र शाहिद की बारात इसरार पुत्र अच्छन के घर आई थी। बारात में हर्ष फायरिंग की गई। लड़की के पिता इसरार ने भी जान से मारने की नीयत से सदर कोतवाली के कटरा ब्रह्मपुर के रहने वाले शहजान पुत्र नासिर को गोली मार दी, वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

परिवार के लोग उसे बरेली के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा था। गोली लगने के बाद भी किसी ने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी। एसआई राजपाल सिंह ने लड़की के पिता इसरार पर जान से मारने की नीयत से गोली मारने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की थी।

# बिसौली: कोतवाल की सूझबूझ से नहीं लगा जाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** बिसौली नगर में कोतवाल की सूझबूझ से नही लगा जाम, जाम नही लगने पर अमरोहा निवासी राहगीर ने कोतवाल बिसौली को किया सम्मानित,हम आपको बता दें कि आज भैया दूज को लेकर बहनें अपने भाई के घर जा रही है जिससे हर शहर में जाम की स्थिति बनी हुई है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन लगातार मुस्तेद है वहीं बिसौली नगर में इस बार भैया दूज के दिन कोतवाल बिसौली हरेंद्र सिंह सुबह से ही अटल चौक पर पुलिस वल के साथ जाम खुलवाने के लिए लगे हुए हैं वहीं जिससे नगर में बिल्कुल भी जाम नहीं लगा है और आने जाने वाले राहगीर नगर में घण्टों के सफर को मिनटों में तय कर रहे है वहीं 7:00 बजे करीब अमरोहा निवासी सर्वेश यादव अटल चौक से गुजर रहे थे वहीं उन्होंने बताया कि पहले घण्टों जाम में लाइन में लगा रहना पड़ता था तब जाकर नगर से निकाल पाते थे इस बार कोतवाल बिसौली हरेंद्र सिंह की सूझबूझ से बिसौली नगर में जाम नहीं लगा है वहीं जिसको लेकर अमरोहा जनपद निवासी सर्वेश यादव ने अटल चौक पर ही कोतवाल बिसौली हरेंद्र सिंह को फूल माला पहनकर सम्मानित किया और कहा की हर शहर में ऐसे कोतवाल होने चाहिए जिससे कि नगर वासियों एवं राहगीरों को आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

# दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न



कामिल खान, शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने शनिवार को विकास भवन सभागार में 05 अक्टूबर से संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 11 अक्टूबर से संचालित दस्तक अभियान के कार्यों की समीक्षा कर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। अभियान आगामी 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की प्रगति राज्य औसत से कम ना हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान में आमजन को जागरूक किया जाए तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के परस्पर समन्वय व सहयोग से अभियान को सफल बनाया जाए। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों से माइक्रो प्लान प्राप्त किए गए तथा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारी का प्रशिक्षण समय से पूर्ण कराया गया। उन्होंने कहा कि जो भी कमियां रह गई हैं उसको समय से पूर्ण कर अभियान को सफल बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की प्रगति राज्य औसत से कम ना हो, इसका विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पुरुष व महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# अधिकारी की लापरवाही से इस्लामनगर में गैस माफिया अवैध गैस रिफिलिंग का धंधा कर रहे हैं खुले आम

## घनी आबादी में सिलेंडर विस्फोट कभी भी हो सकता है हादसे में जिम्मेदार कौन

कैलाश भारती, शाह टाइम्स

**इस्लामनगर।** एक लंबे समय से जिला प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण कुछ गैस माफिया अवैध गैस रिफिलिंग का धंधा खुले आम कर रहे हैं। जिससे नगर वासियों में हर समय रोष व्याप्त रहता है, कि अवैध गैस रिफिलिंग से गैस सिलेंडर विस्फोट ना हो जाए। अगर रसोई गैस अवैध रिफिलिंग करने वाले व्यापारियों से जरा सी चूक हो गई तो कभी किसी समय जान माल आदि का भारी नुकसान भविष्य में हो सकता है। इसलिए प्रशासन को आनन फानन इन अवैध गैस गोदाम की जांच की जाए और इन अवैध गैस गोदाम पर गैस रिफिलिंग का कार्य नगर से दूर करने की विधिक अनुमति दी जाए। जिससे नगर व क्षेत्र वासी अपने को सुरक्षित महसूस कर सके। सूत्रों के अनुसार विगत वर्षों में नगर में विस्फोट की कई घटनाएं घटित हो गई है। जिससे लोगों की संपत्ति की भारी क्षति हुई थी।

और कुछ आरोपियों को जेल भी भेजा किंतु गैस रिफिलिंग का अवैध कारोबार बुलंदियों पर है। सूत्रों के मुताबिक यह भी बताते हैं कि नगर में अवैध कारोबारी अपने कार्य को अंजाम देने में काफी माहिर हैं। उनकी सांठगांठ क्षेत्रीय प्रशासनिक कर्मचारी से बराबर रहती है। अधिकारियों को मौत के सौदागरों को चिन्हित कर कानून की गिरफ्त में लेकर स्वस्थ, स्वच्छ, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ प्रशासन की छवि को प्रतिष्ठित करें।

**खिदमत करने के तौर पर तरीका कुछ अजीब होते हैं, सर्विस मैन के उसूल फायदेमंद होते हैं।। विदित हो जनता को सरकार के नौकरी समाज से फायदा यही है, नौकरी का कायदा सर्वजन हिताय, बहुजन सुखाय का सिद्धांत लोकतंत्र का मूल मंत्र है।**

**लेकिन घृणित मानसिकता के लोगों का चयन गलती से नौकरियों में हो जाता है। तो वह दबंग तथा नशा, रिश्वतखोरी, हरामखोरी के रास्ते को अपने जीवन में इनका स्थान देते हैं। और जनता का खून चूसते हैं। ऐसे मक्कार सरकारी नौकरियों में ही नहीं बल्कि समाज में भी व्याप्त है। जो अपने मतलब में अंधे होकर लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानी देते रहते हैं। क्योंकि यह नरसंहार के प्रेमी होते हैं और विगत वर्ष नगर में नरसंहार हो ही चुका है। अतः नरसंहार की पुनरावृत्ति नहीं हो पाए। इसलिए शाह टाइम्स अवैध रिफिलिंग गैस की भयावह बनी समस्या प्रशासन के समक्ष रख रहा है।**

# 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी सरदार पटेल की जयंती



कामिल खान, शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती जनपद में भावपूर्ण व गरिमामयी ढंग से मनाई जाएगी। 31 अक्टूबर को जयंती के सफल आयोजन के संबंध में शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में प्रभारी मंत्री गुलाब देवी जी की अध्यक्षता में बैठक आहत हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की गई।प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना मूल्य योगदान दिया। 563 रियासतों को देश में मिलाने जैसा महत्वपूर्ण कार्य भी उनके द्वारा ही किया गया। वह देश के प्रथम गृहमंत्री भी रहे।प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारी से परस्पर समन्वय के साथ सरदार पटेल की जयंती को सफलतापूर्वक मनाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी, पदयात्रा आदि विभिन्न कार्यक्रम परस्पर समन्वय से कराए जाएं तथा कार्यक्रम में सभी वर्गों का सहयोग व भागीदारी सुनिश्चित की जाए।भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 31 अक्टूबर को प्रातः 8:00 बजे से पुलिस लाइन ग्राउंड से रन फॉर यूनिटी निकाली जाएगी जिसमें जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य लोग, अधिकारीगण व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहेंगे। यह रन फॉर यूनिटी पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए पुलिस लाइन पर ही इसका समापन होगा। उन्होंने बताया कि 01 से 7 नवंबर 2025 तक विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में निबंध, भाषण, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 01 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक जनपद की समस्त 06 विधानसभाओ में 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्राएं निकली जाएगी, जिसमें जनप्रतिनिधीगण, ब्लाक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी अन्य अधिकारी व शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएं मौजूद रहेंगे, यह पदयात्रा चार पड़ाव में होगी। एक पड़ाव करीब 2 किलोमीटर के लगभग होगा। उन्होंने बताया कि ककोड़ा मेला के दृष्टिगत यह पदयात्राएं 7 नवंबर के बाद आयोजित कराई जाएगी। भाजपा नेता डॉ0 दिनेश शर्मा ने बताया कि सरदार पटेल एक सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

उन्होंने बताया कि आगामी 06 दिसंबर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरदार पटेल का पूरा जीवन देश का समर्पित रहा। उनका जीवन अनुकरणीय है तथा सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती को भव्य रूप से मनाया जाएगा। कार्यक्रम को शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित कराया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उनका मार्गदर्शन भी समय-समय पर लिया जाएगा। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री को कलेक्ट्रेट आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

## एक नजर

### सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर भर्ती शिविर 25 नवम्बर तक होंगे आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 अक्टूबर-2025 से 02 दिवसीय एस०आई०एस० इण्डिया लिमिटेड देहरादून के द्वारा एक रोजगार मेला का आयोजन 15 ब्लाकों में आपके जिला बदायूँ में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाईजर व सुरक्षा अधिकारी की भर्ती का 30 दिनों का शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने 18 एवं 24 अक्टूबर को ब्लाक कादरचौक में, 25 एवं 27 अक्टूबर को ब्लाक म्याउँ में, 28 एवं 29 अक्टूबर को ब्लाक उसावों में, 30 एवं 31 अक्टूबर को ब्लाक जगत में, 01 एवं 03 नबम्बर को ब्लाक बजीरगंज में, 04 एवं 07 नम्बर को ब्लाक बिसौली में, 08 एवं 10 नबम्बर को ब्लाक आसफपुर में, 11 एवं 12 नबम्बर को ब्लाक सहसवान में, 13 एवं 14 नबम्बर को ब्लाक दहगवॉ में, 15 एवं 17 को ब्लाक इस्लामनगर में, 18 एवं 19 नबम्बर को ब्लाक अम्बियापुर में, 20 एवं 21 नबम्बर को ब्लाक दातागंज में, 22 एवं 25 नबम्बर को ब्लाक समरेर में, आयोजित भर्ती कैम्प में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। एस०आई०एस० इन्डिया लिमिटेड भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे प्रदेश में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर की नियुक्ति की जा रही है।

शिविर का आयोजन विकासखण्डों के मुख्यालयों पर तिथिवार ब्लाकों में आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण की तिथि निर्धारित की गयी है साथ ही किसी ब्लाक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं। भर्ती अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार मो0नं0 9758323438 ने बताया कि सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक मापदण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेमी० सीना 80-85 सेमी० है। इस रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आई०टी०आई० एवं जी०टी०आई० उत्तीर्ण समस्त ट्रैडों के अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार उपलब्ध कराने की सौगात है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने सभी प्रमाण पत्रों एवं शैक्षिक योग्यता वॉयोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार मेला उ०प्र० शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर-9758323438 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं जनपद में विज्ञापन व खबरों के लिए निम्न नम्बरों पर करें सम्पर्क**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित | संवाददाता | आसफपुर | 7830155078 |
| आतिफ निसार | संवाददाता | सहसवान | 8954188786 |
| रजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नहीम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित कुमार गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |
| अजीत कुमार शर्मा | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9259362222 |
| श्याम सिंह | संवाददाता | फैजगंजबेहटा | 7464946637 |
| अनुराग मिश्रा | संवाददाता | वजीरगंज | 9759558639 |
| बी.के तोमर | संवाददाता | खेड़ा नवादा | 9412302152 |
| पुनीत कुमार | संवाददाता | बिसौली | 9528968192 |

# भेड़ पालन योजना के लिए 28 अक्टूबर तक आमंत्रित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ0 समदर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि भेड पालन योजना (राज्य योजना) (राज्यांश 90, लाभार्थी 10 प्रतिशत) अनुदान संख्या 15 के अन्तर्गत जनपद में 05 मेड इकाई (प्रति इकाई = 20 मादा + 01 नर) पालन हेतु लाभार्थियों कर चयन किया जाना है। उन्होंने आवेदन हेतु पात्रता के बारे में बताया कि लाभार्थी जनपद का स्थायी निवासी हो तथा आयु 18 वर्ष अथवा उससे अधिक का लघु, सीमान्त अथवा भूमिहीन कृषक होना चाहिए। भेड पालक के पास भेड़ों को रखने का पर्याप्त स्थान होना आवश्यक है। परम्परागत भेड़ पालकों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जायेगा। परम्परागत भेड़ पालकों एवं भेड़ पालन संस्थाओं से प्रशिक्षण प्राप्त आवेदक प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विभागीय पोर्टल विकसित होने तक भेड़ पालकों के आवेदन पत्र स्वप्रमाणित प्रपत्रों के साथ आफ लाइन मोड में सम्बन्धित जनपद के मुख्य पशु निकित्सा अधिकारी कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा सीधे नियत तिथि 28 अक्टूबर 2025 तक सम्बन्धित विकास खण्ड के पशुचिकित्सा अधिकारी के माध्यम से जमा किये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता को 10 प्रतिशत धनराशि 17000 रुपए जमा करने से सम्बन्धित धनराशि का विवरण प्राप्त होने के उपरान्त ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा साथ ही चयनित लाभार्थी से 10 रूपए के स्टाप पेपर पर शपथ पत्र प्राप्त किया जायेगा कि स्थापित होने वाली भेड़ इकाई को 05 वर्ष तक संचालित किया जायेगा।

# फैमिली आईडी से सरकारी योजनाओं का लाभ अब होगा और अधिक पारदर्शी व सरल

कामिल खान, शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी केशव कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशन में जनपद में तेजी से फैमिली आईडी बनाई जा रही है, इसमें अच्छी प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि ऐसे लोग जिनके राशन कार्ड नहीं बने है अथवा नहीं बन सकते, उनकी फैमिली आइडी बनाई जाएगी। इस आइघ्डी के माध्यम से सरकारी योजनाओं से जुड़ना आसान होगा। यह भी पता चल सकेगा कि वे सरकार की ओर से चलाई जाने वाली किन सरकारी योजनाओं के पात्र अथवा अपात्र है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने एक परिवार-एक पहचान के तहत परिवारों की फैमिली आईडी बनाने की शुरूआत की है। यह आईडी राशनकार्ड व आधारकार्ड के विकल्प के रूप में काम आएगी। जो लोग राशन कार्ड बनवाने के लिए अपात्र है, वे फैमिली आईडी बनवा सकते हैं। इस आइडी से राशन नहीं मिलेगा। यह केवल पहचान के रूप में कार्य करेगी। फैमिली आईडी बनने के बाद इसके नंबर को आइडी पोर्टल पर डालने के बाद परिवार का पूरी जानकारी सामने आ जाएगी। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी से परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी एक जगह उपलब्ध रहती है, जिससे बार-बार दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ती। इसके माध्यम से सरकार को यह आसानी से पता चलता है कि कौन-सा परिवार किस योजना का पात्र है, जिससे पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और बिना किसी बिचौलिए के मिल सकेगा। इस व्यवस्था से फर्जी और डुप्लीकेट लाभार्थियों की पहचान भी सरलता से हो जाती है, जिससे योजनाओं की पारदर्शिता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी के जरिए नागरिक अपने परिवार की जानकारी जैसे विवाह, मृत्यु, नई संतान या पता परिवर्तन आदि को ऑनलाइन स्वयं अपडेट कर सकते हैं। इससे रिकॉर्ड हमेशा सही और अद्यतन बना रहता है। सरकारी योजनाओं में आवेदन करते समय फैमिली आईडी से जानकारी स्वतः भर जाती है, जिससे प्रक्रिया आसान हो जाती है। यह प्रणाली पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर नियंत्रण रखने में मदद करती है। इसके अलावा यह सरकार को सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण करने में सहायक होती है, जिससे योजनाएँ अधिक प्रभावी ढंग से बनाई जा सकती हैं। भविष्य में फैमिली आईडी जनगणना, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसी सेवाओं को एकीकृत रूप से जोड़ने में भी उपयोगी साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस आइडी के बनने से यह भी जानकारी मिल जाएगी कि परिवार के सदस्य किन सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। फैमली आईडी को बनाना बहुत आसान है, यह स्वयं बनाई जा सकती है। यदि किसी को इसे बनाने में समस्या आती है शहरी क्षेत्र के व्यक्ति सम्बंधित अधिशासी अधिकारी अथवा ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्ति सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए उनको परिवार के सदस्यों का आधार नंबर, ओटीपी की जानकारी के लिए मोबाइल फोन पास रखना होगा। फैमिली आइडी बनने से भविष्य में सरकार की ओर से चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। ऐसे लोग जिनके राशन कार्ड नहीं बने है अथवा नहीं बन सकते, उन्होंने अपील की है कि जल्द से जल्द फैमिली आईडी बनाकर इसका लाभ उठाएं।साथ ही जनपद में कार्यरत ऐसे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी जो बदायूँ के मूलनिवासी हैं, उन्हें फैमिली आई बनवाना अनिवार्य किया है। अधिक जानकारी के लिए कंट्रोल रूम नम्बर 7505395940 व 7505389289 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। फैमिली आईडी बनाने के लिए https%@@family-id-up-gov-in@portal@registration-aspñ के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

# सीएम योगी ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

**■ उद्घाटन और सुरक्षा तैयारियों को लेकर दिए निर्देश**





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**यमुना सिटी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने डॉमेस्टिक टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के बोर्डरूम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (छ्पस्) और एयरपोर्ट निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इस दौरान, सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा, इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएँ और उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और यात्री सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए ठोस और समन्वित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। एयरपोर्ट से जुड़ी सड़क और मेट्रो लिंक परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने नागरिक उड्डयन, सुरक्षा, विस्फोटक निरोधक दस्ता, नियंत्रण इकाई, उप स्टेशन और आधारभूत संरचना से संबंधित अद्यतन जानक. ारी दी। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के संचालन से जुड़े सभी तकनीकी, सुरक्षा एवं प्रशासनिक पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओओ किरण जैन ने एनआईए अनुज्ञा निर्गमन, यात्री सुरक्षा, रनवे, वायुसंचालन परीक्षण और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुदृढ़ और चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता अस्वीकार्य होगी।

**गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान:** मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे से सड़क संपर्क, माल परिवहन संपर्क, अग्निशमन केंद्र, जल शोधन संयंत्र, जलभराव निस्तारण एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्थाओं की भी विस्तार से समीक्षा की। नायल के सीईओ राकेश कुमार सिंह और नोडल अफसर शैलेन्द्र भाटिया ने प्रगति और कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि हवाई अड्डे के सभी कार्यों की प्रगति नियमित रूप से समीक्षा कर गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**जनसभा स्थल तक सभी मार्गों पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था हो दुरुस्त:** मुख्यमंत्री ने आगामी जनसभा एवं रैली की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभा स्थल पर भूमि समतलीकरण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा, पेयजल, शौचालय और अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखा जाए ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जनसभा स्थल तक पहुंचने वाले सभी मार्गों पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंध, स्वच्छता एवं प्रकाश की व्यवस्था उच्च स्तर की सुनिश्चित की जाए।

**150 उड़ानें प्रतिदिन हो सकेंगी संचालित:** जेवर एयरपोर्ट का लोकार्पण कराए जाने वाले हिस्से का क्षेत्रफल 3,300 एकड़ है, जबकि कुल 6,700 एकड़ भूमि का अब तक अधिग्रहण किया जा चुका है शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन माह में ली जाएगी। भूमि क्रय की लागत लगभग 5,000 करोड़ और एयरपोर्ट निर्माण की लागत 7,000 करोड़ है। उद्घाटन के समय एयरपोर्ट एक रनवे के साथ क्रियाशील होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 1.2 करोड़ होगी। साथ ही, औसतन प्रतिदिन 150 उड़ानें यहां से संचालित होंगी। भविष्य में यात्रियों की संख्या 1 करोड़ से अधिक होने पर दूसरे रनवे का निर्माण शुरू हो जाएगा और दोनों रनवे मिलकर 7 करोड़ यात्रियों की सेवा करेंगे। जेवर एयरपोर्ट के पूर्ण स्वरूप में कुल 5 रनवे होंगे, इसका कुल क्षेत्रफल 11,750 एकड़ होगा और यह प्रतिवर्ष 30 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा।

**उत्तर प्रदेश में 24 एयरपोर्ट्स, 16 संचालित:** उत्तर प्रदेश में कुल 24 एयरपोर्ट्स हैं, जिनमें से 16 संचालित हो चुके हैं। वहीं जेवर एयरपोर्ट बनकर तैयार हो चुका है और अब इसका जल्द ही शुभारंभ होने वाला है। वहीं, 7 एयरपोर्ट्स निर्माणाधीन हैं। संचा. लित एयरपोर्ट्स में घरेलू स्तर पर आगरा, त्रिशूल (बरेली), गोरखपुर, हिंडन (गाजियाबाद), प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट और सहारनपुर शामिल हैं, जबकि अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और अयोध्या एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ होते ही उत्तर प्रदेश 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का इकलौता राज्य बन जाएगा। निर्माणाधीन एयरपोर्ट्स की बात करें तो सोनभद्र, ललितपुर, मेरठ, गाजीपुर, झांसी, अमेठी और पलिया में भी इस पर तेजी से कार्य चल रहा है जो भविष्य में प्रदेश के वायु संपर्क और पर्यटन को और मजबूत करेंगे।

**योगी सरकार में सिविल एविएशन की तीव्र प्रगति:** उत्तर प्रदेश अब सिविल एविएशन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो रहा है। वर्ष 2024-25 में करीब 1.5 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की, जिसमें 1.3 करोड़ घरेलू यात्री तो वहीं 13 लाख से ज्यादा इंटरनेशनल यात्री शामिल रहे। 2017 से 2025 के बीच यात्री संख्या में 10.1 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) से वृद्धि हुई है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरुआत से लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। वहीं, बेहतर एयर कनेक्टिविटी से प्रदेश में पर्यटन को भी नया आयाम मिला है, विशेषकर अयोध्या और वाराणसी जैसे धार्मिक स्थलों पर पर्यटक संख्या में 30% की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश में 50 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जिनमें 20% हवाई मार्ग से पहुंचे। वहीं, एयर कार्गो सेवाओं के चलते वाराणसी और आगरा जैसे शहरों से निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। जेवर एयरपोर्ट से एनसीआर-यूपी बेल्ट में औद्योगिक विकास और रियल एस्टेट मूल्यों में 20-30% की वृद्धि दर्ज की गई है। कुल मिलाकर, एविएशन सेक्टर अब राज्य की ळक्च में 2-3% तक योगदान दे रहा है, जबकि 2017 से पहले यह आंकड़ा 1% से भी कम था। उड़ान योजना से छोटे शहरों जैसे अलीगढ़ और आजमगढ़ में व्यापार को बढ़ावा मिला है। आने वाले वर्षों में, 24 संचालित एयरपोर्ट्स के साथ उत्तर प्रदेश देश के कुल 3-3.5 अरब यात्री ट्रैफिक में 10-15% हिस्सेदारी का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अग्रसर है।

## 40 हजार वर्गमीटर जमीन का होगा ई-ऑक्शन

**■ 85 प्रतिशत एनएमआरसी और 15 प्रतिशत डीएमआरसी को हिस्सा मिलेगा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-94 में स्थित एनएमआरसी के भूखंड की ई-नीलामी की तैयारी शुरू हो गई है। यहां पर करीब 40 हजार वर्ग मीटर भूखंड है। इस भूखंड की ई-नीलामी से प्राप्त आय में से 85 प्रतिशत हिस्सा एनएमआरसी व 15 प्रतिशत हिस्सा डीएमआरसी- का होगा। सेक्टर-94 ओखला पक्षी विहार मेट्रो स्टेशन के पास यह भूखंड है।

कई साल पहले यह भूखंड नोएडा प्राधिकरण ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन-डीएमआरसी को दिया था। यहां पहले बड़ा स्टेशन बनना था लेकिन डिजाइन में बदलाव के चलते स्टेशन के पास डीएमआरसी की जगह खाली रह गई। इसके बाद नोएडा प्राधिकरण ने इसके बदले दूसरी जगह भूखंड डीएमआरसी को दे दिया। यह भूखंड, पुराने भूखंड के मुकाबले डीएमआरसी को 15 प्रतिशत कम मिला। ऐसे में इस खाली भूखंड में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी डीएमआरसी की बनी हुई है। इस बीच यह भूखंड नोएडा प्राधिकरण ने एनएमआरसी को दे दिया था। इस भूखंड को देने का मकसद, इससे प्राप्त आय से खर्चा निकालना था। अभी भी एनएमआरसी के अंतर्गत नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो घाटे में चल रही है।

**एजेंसियों से मांगे जाएंगे आवे. दन:** अब इस भूखंड की ई-नीलामी करने की तैयारी शुरू हो गई है। ई-नीलामी की प्रक्रिया नोएडा प्राधिकरण के स्तर से की जा रही है। इस बारे में नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि भूखंड को बेचने के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एजेंसियों से जल्द आवेदन मांगे जाएंगे। इस नीलामी से प्राप्त आय को एनएमआरसी की विभिन्न परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में लगाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि साल 2020-21 में कोविड के दौरान यह योजना निकाली थी लेकिन सफलता नहीं मिल पाई।

## 60 पेटी अवैध शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरा. ेपी के कब्जे से 60 पेटी (कुल 2880 पव्वे) अंग्रेजी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपए बताई जा रही है।



इसके अलावा तस्करी में इस्तेमाल एक छोटा कंटेनर वाहन भी जब्त किया गया है। यह कार्रवाई 24 अक्टूबर 2025 को की गई, जब पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के माध्यम से पता चला कि एक व्यक्ति दिल्ली से शराब लाकर नोएडा क्षेत्र में तस्करी के लिए पहुंचने वाला है। सूचना पर थाना फेस-1 पुलिस और आबकारी टीम ने संयुक्त रूप से सेक्टर-14ए पुल के नीचे चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध कंटेनर को रोका गया। जांच करने पर उसमें से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजकुमार पुत्र नत्थी लाल, निवासी खजूरी खास, थाना खजूरी खास, दिल्ली (उम्र 42 वर्ष) के रूप में हुई है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह दिल्ली से सस्ते दामों पर शराब खरीदकर अन्य राज्यों में ऊंचे दामों पर बेचता है। तस्करी के लिए वह अपने कंटेनर का इस्तेमाल करता है ताकि पुलिस और आबकारी विभाग की निगाहों से बच सके।

अभियुक्त के खिलाफ थाना फेस-1 नोएडा में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बरामद शराब दिल्ली प्रदेश में बिक्री के लिए अनुमन्य थी, लेकिन अभियुक्त इसे अवैध रूप से नोएडा क्षेत्र में लाकर बेचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शराब की अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए जिलेभर में नियमित चेकिंग और गश्त अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले त्योहारों को देखते हुए नोएडा पुलिस और आबकारी विभाग ने टीमों को सतर्क किया है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध शराब की आपूर्ति को रोका जा सके।

## एक नजर

### ताऊ-भतीजा हत्याकांड में छह दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैंथली गांव में ताऊ-भतीजे की गोली मारकर हत्या करने के मामले में 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस फरार आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, हापुड़, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, दिल्ली सहित अन्य ठिकानों पर दबिश दी है। बतादें कि सैंथली गांव में दिवाली से एक दिन पहले नाली के पानी के विवाद को लेकर सीआईएसएफ से सेवा. निवृत्त दारोगा अजय पाल (55) व उनके भतीजे प्रिंस भाटी (21) से कहासुनी हो गई थी। जिसको लेकर ग्रामीणों ने मामला शांत करवा दिया था। मगर दिवाली के दिन का सूरज नहीं देखने की धमकी भी अजय पाल व उनके परिवार को दी गई थी। दिवाली के दिन सुबह अजय पाल व उनके भतीजे दीपांशु की गांव के ही प्रिंस भाटी ने बदमाशों के साथ मिलकर गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि दो अन्य पैरों में गोली लगने से घायल हो गए थे। मृतक के भाई ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में नामजद कराई है। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया था। पुलिस आयुक्त ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। मामले में पुलिस की ओर से अब तक सिर्फ कार के साथ बदमाश निखिल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस की ओर से फरार बदमाश प्रिंस भाटी, बॉबी तोमर, मनोज नागर के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**घटना के बाद से आरोपियों के मोबाइल बंद:** पुलिस को जांच में पता चला है कि घटना के बाद से आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से मोबाइल बंद कर दिया है। आरोपी किसी सुरक्षित ठिकाने पर छिपे हैं। इस कारण उन्हें ढूंढने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। घटना के बाद से परिजन और ग्रामीण डरे हुए हैं। एसीपी ग्रेटर नोएडा अजीत कुमार का कहना है कि गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, सिकंदराबाद, ग्रेटर नोएडा समेत एक दर्जन से अधिक स्थानों पर दबिश दी गई है। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है।

### अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के आरोप से दो बरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अदालत ने अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के आरोप से कासना निवासी भूपेंद्र उर्फ कुनाल और भगत उर्फ कालू को बरी कर दिया। अदालत ने फैसले में कहा कि आरोप झूठे और गढ़े हुए थे। मेडिकल और डीएनए रिपोर्ट से यह सिद्ध नहीं हुआ कि बच्चा आरोपियों का है। मामला कासना थाना क्षेत्र का है। शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 जून 2021 को उनकी नाबालिग बेटी किराने का सामान खरीदने के लिए दुकान पर गई थी। आरोप था कि भूपेंद्र उर्फ कुनाल और भगत उर्फ कालू ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश किया और अपहरण करने के बाद सामूहिक दुष्कर्म किया। साथ ही घटना की वीडियो बनाई और लगातार ब्लैकमेल करते हुए यौन शोषण करते रहे। पीड़िता ने शर्म और समाज के डर से किसी को नहीं बताया लेकिन जब वह गर्भवती हुई तो घटना की जानकारी हुई। मामले में केस दर्ज होने के बाद आईपीसी की धारा-328 (हानिकारक पदार्थ देकर नुकसान पहुंचाना), 365 (गलत तरीके से बंधक बनाने), 376 डी (सामूहिक दुष्कर्म), 504 (जानबूझकर अपमान), 506 (आपराधिक धमकी), पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट की धारा के तहत आरोप तय किए गए थे।

## औद्योगिक संपत्ति हड़पने का आरोप, केस दर्ज

**नोएडा।** फर्जी दस्तावेजों और धोखाधड़ी से करोड़ों की औद्योगिक संपत्ति हड़पने का मामला सामने आया है। नोएडा निवासी कारोबारी अरुण आनंद की शिकायत पर कोर्ट के आदेश पर कासना कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

अरुण आनंद ने बताया कि उनकी कंपनी पीकेडी इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड पैकेजिंग बॉक्स निर्माण का काम करती है। पीड़ित ने कंपनी बेचने की इच्छा व्यक्त की थी। जिसके बाद प्रॉपर्टी डीलर योगेश शर्मा, उसके सहयोगी अंकुर और पवन भाटी ने कथित रूप से साजिश रचकर पंकज अग्रवाल को ग्राहक के रूप में सामने लाया। पंकज अग्रवाल ने जनवरी 2023 में 20 लाख रुपये का बयाना देकर 3.24 करोड़ रुपये में कंपनी खरीदने का एग्रीमेंट टू सेल कराया था लेकिन तय समय में शेष धनराशि का भुगतान नहीं किया गया। इसके बजाय आरोपी पीड़ित के कार्यालय में आने-जाने लगे और उसके अनुपस्थित रहने पर कंपनी के कागजात उठाने लगे। जब अरुण आनंद ने एग्रीमेंट रद्द करने की बात कही तो योगेश शर्मा व उसके साथियों ने धमकी दी कि वे कंपनी छीन लेंगे और परिवार को जान से मार देंगे। बाद में पता चला कि कंपनी के पूर्व निदेशक अरुण राय ने खुद को फर्म का प्रोपराइटर बताकर फर्जी मुहर और पैड तैयार कर कंपनी की संपत्ति को सोनिया गुप्ता और सरिता सिंघल के नाम ट्रांसफर कराने का प्रयास किया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ल का कहना है कि केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## नहाय-खाय से शुरू हुआ छठ पर्व, नोएडा में बने 52 घाट और यहां होगा सबसे बड़ा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बिहार, पूर्वांचल और देश के अन्य हिस्सों की तरह नोएडा में भी श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। शहर के अलग-अलग सेक्टरों में कुल 52 छठ घाट तैयार किए गए हैं, जहां श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य देंगे।



नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21 में सबसे बड़ा आयोजन किया जा रहा है, जहां हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा करने पहुंचते हैं। प्रशासन और स्थानीय समितियों की ओर से घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। रंग-बिरंगी झालरों, लाइटों और फूलों से पूरा माहौल भक्तिमय बन गया है।

छठ पर्व को देखते हुए नोएडा पुलिस ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि अर्घ्य वाले दिन दो हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी. इसके अलावा सादे वर्दी में भी पुलिस बल मौजूद रहेगा ताकि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके.उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष टीम बनाई गई है और ड्रोन से भी निगरानी रखी जाएगी। नोएडा प्रशासन का दावा है कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, रोशनी और चिकित्सा सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की गई है।

## छात्रा-छात्राओं को गांजा सप्लाई करने वाले आठ बदमाश गैंगस्टर में निरुद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विश्वविद्यालय,स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को शिलांग/ मेघालय से कोरियर से कीमती गांजा मंगवाकर सप्लाई करने वाले गैंग के आठ बदमाशों को थाना ईकोटेक- 3 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत निरुद्ध किया है।

पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जोन शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना ईकोटेक -3 के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने शनिवार को एक सूचना के आधार पर शिवम यादव पुत्र बबलू यादव निवासी गाजियाबाद, सारांश श्रीवास्तव पुत्र रंजन कुमार श्रीवास्तव निवासी जनपद गाजियाबाद, अमन पाल पुत्र संजय पाल निवासी जनपद मैनपुरी, आशीष कुमार झा पुत्र बासुकीनाथ झा निवासी छीजर्सी कॉलोनी नोएडा, कृष्ण राणा पुत्र छुट्टन सिंह राणा निवासी जनपद हाथरस, संजीव गुप्ता पुत्र कमल प्रसाद गुप्ता निवासी जनपद सिवान बिहार, विशाल कुमार पुत्र मणिलाल शाह निवासी मेघालय तथा विशाल सेन पुत्र विमल सेन निवासी मेघालय को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। उन्होंने बताया कि इनको पूर्व में थाना ईकोटेक-तीन पुलिस ने जुलाई माह मे गिरफ्तार किया था, तथा लाखों रुपए कीमत के 41 किलो 330 ग्राम कीमती गांजा बरामद किया था। उन्होंने बताया कि ये लोग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थ सप्लाई करते हैं। उन्होंने बताया कि इनके इस कृत्य के चलते युवा पीढ़ी नशे की लत की शिकार हो रही है। इनका समाज में इतना भय और आतंक है कि इनके खिलाफ जनता का कोई व्यक्ति गवाही देने को तैयार नहीं है।

## रिटायर्ड फौजी की हत्या में आरोपी भतीजा गिरफ्तार

**■ पटाखा फोड़ने के विवाद में की थी हत्या, पुलिस ने भेजा जेल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक रिटायर्ड फौजी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी भतीजे सुभाष को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर आरोप है कि उसने पटाखा फोड़ने का विरोध करने पर अपने चाचा सतपाल चौधरी पर ईंट से हमला किया और उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

यह घटना 20 अक्टूबर की रात मुतैना गांव में हुई थी। 62 वर्षीय सतपाल चौधरी अपने घर के पास खड़े थे, तभी उनके भतीजे सुभाष और अन्य लोग दिवाली के अवसर पर पटाखे फोड़ रहे थे। सतपाल चौधरी ने इसका विरोध किया, जिसके बाद कहासुनी हो गई।




विवाद बढ़ने पर सुभाष अपने भाई कुलदीप, पत्नी बबली और भांजे अंकित के साथ लाठी-डंडे लेकर सतपाल चौधरी के घर पहुंचा और ईंट से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घायल सतपाल चौधरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे अमित की शिकायत पर पुलिस ने सुभाष समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि फरार आरोपी भतीजे सुभाष को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई ईंट बरामद हुई है। पुलिस ने कहा कि अन्य फरार आरो. पियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एफएनजी एक्सप्रेसवे की सफाई के लिए खर्च होंगे 23 करोड़

**नोएडा।**फरीदाबाद-नोएडा-गुरुग्राम (एफएनजी) एक्सप्रेसवे की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्राधिकरण ने एक बार फिर प्रयास तेज कर दिए हैं। अधूरी पड़ी इस परियोजना के पांच किलोमीटर हिस्से की सफाई के लिए तीसरी बार टेंडर जारी किया गया है. एजेंसियों से आवेदन 3 नवंबर तक मांगे गए हैं। यह टेंडर जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किया गया है।

इससे पहले दो बार जारी किए गए टेंडर में कोई भी एजेंसी आगे नहीं आई थी। रखरखाव के अभाव में एक्सप्रेसवे की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। टूटी सड़कों और जमा कचरे के कारण आवागमन में दिक्कत बढ़ी हैं। एफएनजी से सेवन एक्स समेत कई सेक्टर जुड़े हुए हैं, जिससे इसकी स्थिति शहर की स्वच्छता और यातायात दोनों को प्रभावित कर रही है। नए टेंडर के तहत चयनित एजेंसी को 5 वर्ष के लिए अनुबंधित किया जाएगा। सफाई कार्य के लिए प्राधिकरण स्वयं मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें उपलब्ध कराएगा। एजेंसी को इसके बदले 23.07 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा. प्राधिकरण का मानना है कि इस बार प्रक्रिया सफल होने पर एक्सप्रेसवे पर साफ सफाई नजर आएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# भैसोंड़ी शरीफ उर्स मेला ग्राउंड ठेकेदार पर बिना वर्क ऑर्डर वसूली का आरोप, ग्रामीणों ने किया विरोध

- **पार्किंग के नाम पर बसों, कारों से हो रही है अवैध वसूली**
- **सज्जादनशीन सूफी जावेद मियां ने लगाई है ठेके पर आपत्ति**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक।** दरगाह भैसोड़ी शरीफ पर लगने वाले उर्स का वार्षिक ठेका ग्राम पंचायत द्वारा करने के बाद बिना वर्क आर्डर मिले ठेकेदार द्वारा पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली जायरीनों और ग्रामीणों ने विरोध किया है। वहीं सज्जादानशीन सूफी जावेद मियां ने इस ठेके की प्रक्रिया के विरोध में तहस. ीलदार को लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर सोमवार को सुनवाई होगी तहसील क्षेत्र के ग्राम भैसोड़ी शरीफ स्थित दरगाहों पर लगने वाले सालाना उर्स के मौके पर दरगाह के सामने स्थित प्रांगण में हर साल मेला लगता है। इस मेले को लेकर ग्राम पंचायत भैंसोड़ी शरीफ की भूमि प्रबंधक समिति द्वारा 18 अक्टूबर को नीलामी की गई। जिसका वर्क आर्डर अभी तक जारी नहीं हो पाया है और ठेकेदार के लोगों ने मेला प्रांगण में पहुंचकर दुक. ानों का आवंटन शुरू कर दिया और बाहर से आने वाले जायरीनों के वाहनों से अवैध रूप से वसूली भी शुरू कर दी। जिसकी सूचना पर जायरीनों और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है की ग्राम पंचायत द्वारा मेला प्रांगण का लाखों में ठेका तो कर दिया गया लेकिन ग्राम में गंदगी का अंबार भरा हुआ है। मेरा प्रांगण के आसपास गंदगी व्याप्त है नाले नालियों का भी बुरा हाल है उसे और ग्राम पंचायत का कोई ध्यान नहीं है। मेला प्रांगण की सफाई और नाले नदियों की मरम्मत का कार्य भी शीघ्र कराया जाए वहीं दूसरी ओर दरगाह हसनी, अजीजी, लियाकती के सज्जादा नशीन सूफी जावेद हुसैन शाह ने ग्राम पंचायत द्वारा की गई मेले की नीलामी कोई पूरी तरह से गलत बताते हुए तहसीलदार मिलक को एक शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि भूमि प्रबंधन समिति द्वारा अवैध रूप से ग्राम में स्थित दरगाह हसनी अजीजी, लियाकती पर लगने वाले सालाना उर्स के मेले के संदर्भ में कोई भी भूमि राज सरकार द्वारा ग्राम सभा में निहित ही नहीं की गई है और ना ही मेले के लिए कोई भूमि राज्य सरकार द्वारा सुरक्षित की गई है। इसलिए ऐसे किसी भी मिले इसके लिए राज सरकार द्वारा ग्राम सभा/ भूमि प्रबंधन समिति को भूमि सुरक्षित नहीं की गई है की नीलामी करने का अधिकार भूमि प्रबंधन समिति में निहित ही नहीं है। ना ही किसी खसरा नंबर का उल्लेख किया गया है दरगाह के सामने, गाटा संख्या 770 श्रेणी 5 नवीन पट्टी का नंबर है कुछ भूमि राजस्व अभिलेखों में तो दर्ज है। परंतु मौके पर उसका कोई विभाग रिक्त भूमि के रूप में स्थित नहीं है क्योंकि उसके अधिकांश भाग पर ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में ही सी.सी. रोड का निर्माण कर दिया गया है। एन ऐसा खसरा नंबर सरकारी भूमि के रूप में अभिलेखित नहीं है जिस पर मेले का आयोजन किया जा सके इसलिए भूमि प्रबंधन समिति द्वारा की गई नीलामी अवैध है। इसे तुरंत निरस्त किया जाए जिस पर तहसीलदार मिलक ने दोनों पक्षों को एक नोटिस जारी कर 27 अक्टूबर को कार्यालय पर बुलाया है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उधर ठेकेदार पक्ष कहना है उसके द्वारा कोई वसूली नहीं की जा रही है वर्क आर्डर मिलने और अधिकारियों के आदेश के बाद ही कार्य शुरू किया जाएगा।

उप जिलाधिकारी आनंद कुमार ने बताया ग्राम भैसोड़ी में भूमि प्रबंधक समिति द्वारा मेले की नीलामी कराया गया है। निवासी के संबंध में कुछ व्यक्तियों द्वारा तहसीलदार मिलक के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत की गई, जिसकी सुनवाई तहसीलदार मिलक द्वारा की जा रही है। मौके पर किसी प्रकार का वसूली होते हुए नहीं पाया गया।

# सुरक्षा आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक कर पम्पलेट वितरित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लटौरा में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में व करनपुर गांव में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में शनिवार को महिला सुरक्षा दल थाना सैफनी द्वारा छात्र-छात्राओं व महिलाओं बालिकाओं में सुरक्षा आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक कर सुझाव दिए। प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करे, अपना खाता संख्या पिन ओटीपी सीव. ीवी नंबर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साइबर फ्राड धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर पोर्टल पर शिकायत करे या 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराए। अथवा साइबर सेल से



संपर्क करे और महिलाओं बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर किया जागरूक वहीं महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1930 साइबर क्राइम, 1090 वूमेन पावर लाइन 181 महिला हेल्प लाइन 108एंबुलेंस सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 1098 चाइल्ड लाइन 102 स्वास्थ्य सेवा आदि नंबरों से अवगत कराया गया।

# अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत डीएम और एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टांडा/रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा जनपद में स्वच्छ, सुगठित एवं अवरोध-मुक्त यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान" के अंतर्गत आज तहसील टांडा क्षेत्र में संपन्न हुई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का पुनः अतिक्रमण न होने पाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि हटाए गए स्थलों पर सौंदर्यीकरण एवं यातायात सुगमीकरण के दृष्टिगत तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि यह अभियान जनपद में स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं जनसुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक एवं सतत प्रयास है। यह अभियान नागरिकों को सुगम यातायात एवं व्यवस्थित शहरी वातावरण प्रदान करने की प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# रामपुर में लाईब्रेरी सपनों का जाना का हुआ विधिवत् शुभारंभ

## डीएम और एसपी की मौजूदगी में रामनगर लतीफपुर में बालिकाओं की लाइब्रेरी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रमों का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। ग्राम रामनगर लतीफपुर में बालिकाओं द्वारा चौपाल में उठाई गई पढ़ाई की समस्या अब समाधान में बदल गई है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की मौजूदगी में बालिकाओं के लिए निर्मित लाइब्रेरी का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा मिशन शक्ति का उद्देश्य बालि. काओं को सुरक्षित माहौल के साथ ऐसे संसाधन उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनें। यह लाइब्रेरी बेटियों के सपनों को नई दिशा देगी।





जिलाधिकारी ने उद्घाटन के दौरान कहा कि ग्राम स्तर पर शिक्षा सुविधाओं का विस्तार प्रशासन की प्राथमिकता है। इस लाइब्रेरी से ग्रामीण क्षेत्र की बालि. काओं को अब बेहतर अध्ययन सुविधा मिलेगी और आगे बढ़ने के अवसर भी। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहीं महिला उप निरीक्षक आराधना तोमर और उनकी टीम ने बताया कि चौपाल में बालिकाओं की मांग को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई की गई है। लाइब्रेरी के शुरू होते ही छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के इस सराहनीय कदम के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब गांव की बेटियों को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

इस दौरान पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह लाईब्रेरी ग्राम पंचायत द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत बनवाई गई है जिसमें 20 बालिकाएं एक साथ पढ़ाई कर सकती हैं। अब ग्राम पंचायत की बालिकाओं को कहीं अन्य जगह जाने की जरूरत नहीं है वह इस लाईब्रेरी में ही किसी भी प्रकार के कम्प्टीशन की तैयारियां कर पायेंगी।

# मंडलायुक्त से मिले काशिफ खां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने मंडलायुक्त श्री आंजनेय कुमार सिंह से मुलाकात की। मुरादाबाद स्थित आवास पर मंडलायुक्त से मिलकर उन्होंने दीपवाली की बधाई दी। साथ ही रामपुर के इतिहास और संस्कृति पर बातचीत की। काशिफ खां ने मंडलायुक्त के सर सैयद डे पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधन की भी प्रशंसा की।

# रामपुर के प्रभारी मंत्री ने पत्रकार बंधुओं के साथ की वार्ता

- **सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती समारोह पर 31 अक्टूबर से 06 दिसम्बर, 2025 तक जनपद में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम**
- **सरदार पटेल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 31 अक्टूबर को होगी जनपद में मैराथन दौड़**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)/जनपद के प्रभारी मंत्री जे.पी. एस. राठौर ने संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में पत्रकार बन्धुओं के साथ प्रेस वार्ता की। प्रभारी मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर 31 अक्टूबर से 06 दिसम्बर, 2025 तक जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना को आमजन में जागृत करना है। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर जनपद में मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर विविध कार्यक्रम, जनजागरूकता अभियान के साथ ही विद्यालयों में निबंध, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी



प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। प्रभारी मंत्री ने बताया कि 01 से 15 नवम्बर तक पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनके माध्यम से सरदार पटेल जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाया जायेगा तथा जनसामान्य की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश को नशामुक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस अभियान के दौरान नागरिकों को शपथ भी दिलाई जाएगी। हमें सरदार पटेल जी के आदर्शों पर चलकर देश की एकता, अखंडता एवं समरसता को बनाए रखना चाहिए। प्रभारी मंत्री ने बताया कि अभियान में विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 05 युवाओं को गुजरात में आयोजित पदयात्रा में सम्मिलित किया जायेगा, ताकि वे सरदार पटेल जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान और उनके विचारों को नजदीक से समझ सकें। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया, उनके प्रयासों से आज भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर उभर कर आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री जी के निर्णयों एवं नीतियों की सराहना आज विश्व के अनेक देश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने आपरेशन सिंदूर के तहत कठोर निर्णय लेकर देश की सुरक्षा एवं संप्रभुता को सुदृढ़ किया है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, जिला अध्यक्ष भाजपा हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला प्रभारी राजा वर्मा, पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार, नरेंद्र सिंह गंगवार, अर्जुन रस्तोगी सहित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मसवासी काशीपुर मार्ग मिलक नौखरीद के पास हुआ क्षतिग्रस्त वाहनों का आगमन हुआ दुश्वार

- **मसवासी काशीपुर मार्ग मिलक नौखरीद के पास हुआ क्षतिग्रस्त वाहनों का आगमन हुआ दुश्वार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मसवासी काशीपुर मार्ग मिलकनोखरीद गांव के पास क्षतिग्रस्त अवस्था में हो जाने के कारण वाहनों के आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन निर्माण विभाग क्षतिग्रस्त मार्ग की हालत दुरुस्त नहीं कर पा रहा है। मसवासी काशीपुर मार्ग मिलकनोखरीद गांव के पास गुरुद्वारे के सामने क्षतिग्रस्त हो गया है गहरी गढ़ों में दूषित पानी का जल भराव हो जाने से वाहन चालको खासकर बाइक सवार और ई रिक्शा चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जगह-जगह जल भराव और गहरे गड्ढे हो जाने से रात के समय में कोई भी बाइक सवार उसमें गिरकर चोटिल हो जाता है। रात के समय में भी भारी वाहन गड्ढों में फंसकर जाम का सबब बन जाते हैं। शिकायत के बाद भी लोग निर्माण विभाग मार्ग मरम्मत करने की सुध नहीं ले रहा है जिससे क्षेत्र



वासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के व्यापारियों समेत अन्य समाजसेवी लोगों ने जिलाधिकारी से क्षतिग्रस्त मार्ग मरम्मत करने की मांग की है साथ ही इस मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई है।

# रामपुर जिला पंचायत का 76 करोड़ रुपये का वित्तीय वर्ष 2026-27 का मूल बजट पारित

- **खाद का मुद्दा और जिला योजना समिति की बैठक न होने के मुद्दे पर सदस्यों ने किया हंगामा**
- **जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में ना आने वाले अधिकारियों के खिलाफ शासन को लिखा जाएगा और रठौंडा सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जायेंगे विकास कार्यः अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी**
- **किसानों को नहीं मिल रहा एन.पी.के. और डाया खादः मुस्तफा हुसैन, सदस्य**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला पंचायत रामपुर बोर्ड की बैठक शनिवार को जिला पंचायत सभागार मे हुई, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी की अध्यक्षता में जिले के विकास के लिए 76 करोड़ रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। और जिले में किसानों को खाद न मिलने और जिला योजना समिति की बैठक न होने का मुद्दे पर सदस्यों ने हंगामा किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने कहा कि जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में ना आने वाले स्वास्थ्य, विद्युत व सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के खिलाफ शासन को लिखा जाएगा और रठौंडा सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्यों के प्रस्तावों पर विकास कार्य कराए जायेंगे।

बैठक में जिला पंचायत अधिनियम 1961 के अधीन समस्त विभागों की प्रगति पर चर्चा हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट के अनुमोदन पर विचार किया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये प्राप्त होने वाले अनुदान की धनराशि के अन्तर्गत षटम राज्य वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग के अन्तर्गत मा० सदस्यो से प्राप्त प्रस्तावों की कार्ययोजना को पास किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां वित्त आयोग टाईड फंड/अनटाईड फंड की संशोधित कार्ययोजना का भी अनुमोदन किया गया।

जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी ने सदस्यों के मध्य प्रस्ताव रखा कि आईजीआरएस पोटर्ल तथा याचिका समिति तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त निर्माण कार्य करवाएं जाएं। जिसका



सभी सदस्यों ने विरोध किया और प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में विक. सित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश 2047 के सम्बन्ध में मांगे गए सुझावो पर सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर कर सहमति प्रदान की।

जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में सदस्य मुस्तफा हुसैन ने जिले में किसानों को एनपीके व डीएपी खाद न मिलने पर एतराज जताया और प्रशासन से किसानों को खाद उपलब्ध करवाने का कहा। साथ ही रामपुर में अब तक 4 वर्ष बीत जाने पर भी जिला योजना समिति की बैठक न होने के का मुद्दा उठाया।

जिला पंचायत सदस्य सरदार अमरजीत सिंह ने भी खाद की कालाबाजारी का मुद्दा उठाया और क्षेत्र के विकास के लिए अपने सुझाव दिए।

जिला पंचायत सदस्य टेक चंद्र गंगवार ने रठौंडा मंदिर के पास द्वारों के निर्माण करने का मुद्दा उठाया।

बैठक में जिला परियोजना निदेशक, जिला पूर्ति अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य हंसराज पप्पू, कृष्ण अवतार लोधी, रियासत अली खलील अहमद हर ज्ञान सिंह यादव संजय यादव मनोज कुमार सिंह देवेंद्र चौधरी खलील अहमद मीरा सिंह, अंजू गंगवार, जूही सिंह, अब्दुल अजीज आदि जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जनता दरबार लगाकर लोगों की सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के कैंप कार्यालय पर बहुत बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। सांसद नदवी ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और समस्याओं को शीघ्र विस्तार करने का लोगों को आश्वासन दिया।

नदवी ने ग्राम वजावाला में अख्तर प्रधान के भाई का इंतकाल हो जाने पर उनके घर जाकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की। ग्राम खिजरपुर में शौकत के इंतकाल हो जाने पर उनके घर जाकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने ग्राम इमरता में इशरत नेता के बेटी की शादी में शामिल हुए ग्राम मनकरा में महफूज एडवोकेट की बहन की शादियों में शामिल हुए।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी तराई किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष साहब सिंह गोटिया के घर जाकर उनकी मां का हाल-चाल जाना तथा अल्लाह से दुआ की साहब सिंह गोटिया की मां जल्दी ठीक हो जाएं।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी बिलासपुर क्षेत्र के टांडा हुर्मतनगर पहुंचे अभी 2 दिन पहले टांडा हुर्मतनगर नगर में अलाउद्दीन व उनकी पत्नी की रोड एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई थी। उनके



घर जाकर भी मरहूम कि मगफिरत की दुआ की दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट बिलासपुर नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि अथर अली खान, याकूब खान, हाफिज नूरी, जावेद एडवोकेट, नासिर शेख, जमील सैफी, अरशद अली एडवोकेट, ओवैस खान, आसिफ अली, जुबेर अहमद, अंबेडकर वहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर, रोहित, नरेश यादव, बदन सिंह यादव, कलवे अली, हाजी अयूब अली, मुशर्रफ मियां, नाजिम हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली परिसर में उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में थाना दिवस आयोजित किया गया।

इस दौरान फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायत अधिकारी के सामने रखी समाधान दिवस में आधा दर्जन शिकायतें आई।

जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया वहीं शेष शिकायतों के लिए संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह और समस्त लेखपाल उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। तहसील क्षेत्र के ग्राम पुरैना निवासी अजय (20) बाइक से अपने ग्राम से मिलक को आ रहा था की धमोरा बाईपास पर अज्ञात बहन ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिसके परिणाम स्वरूप अजय गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे नगर के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां से गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# दलित लड़की के यौन शोषण का मुकदमा न लिखने पर पुलिस के खिलाफ भावास ने सीओ ऑफिस पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस)के कार्यकर्त्ताओं ने राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर सीओ को ज्ञापन दिया। जिसमे मांग है कि नगर निवासी दलित लडकी पांच वर्षो से बाजपुर उत्तराखंड निवासी राकेश पुत्र छोटे लाल के साथ रिलेशनशिप मे थी।

इस दौरान आरोपी ने युवती का शरी. रिक शोषण कर इसकी अश्लील वीडियो वायरल कर दी।जिससे उसे समाज मे अपमानित होना पड रहा है। लडकी ने इस मामले मे मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाना टाण्डा में तहरीर दी। जिसे थाने से टरका दिया गया। फिर लडकी ने 10अक्टूवर को अपर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र दिया,



उस पर भी कोई कार्रवाई नही की गयी।पीड़िता ने फिर 17 अक्टूबर को सीओ टांडा को प्रार्थना पत्र दिया फिर भी आरोपी के खिलाफ कोई कानूनी कार्यावाही ना होने से परेशान होकर पीडिता भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मन्त्री दीप सिंह राही से मिली। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार एक तरफ तो महिला सशक्तिकरण की बात करती है,लेकिन पीड़ित युवती थाने पर अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए बीस दिन से भटक रही है। अगर जल्द मुकदमा दर्ज नही किया गया तो भावाधस पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।

धरना-प्रदर्शन मे प्रदीप राजहंस, राकेश चौधरी, सोनू वाल्मीकि, अरूण, गुड्डू वाल्मीकि, सन्दीप, उमेश, संजय, शनि वाल्मीकि, रविन्द्र उर्फ रिन्कू, राहुल आदि मौजूद रहे।

# उधार पैसे देने से मना करने पर युवक को मारपीट कर घायल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** उधार पैसे देने से मना करने पर शराब के नशे में धुत युवक ने मारपीट कर घायल कर दिया घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला अस्दुल्लापुर निवासी पंकज मौर्या पुत्र सुंदरलाल ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देते हुए कहा कि 20 अक्टूबर को रात्रि 10:00 बजे करीब उसके भाई धर्मेंद्र के पास रोहित पुत्र नवल गोस्वामी वधू अज्ञात व्यक्ति आये और उसके भाई से उधार पैसे मांगने लगे।

जब धर्मेंद्र ने पैसे देने से मना किया तब उक्त लोगों ने गाली करने लगे शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए तब यह लोग चले गए।

फिर थोड़ी देर बाद फिर उक्त गंदी गंदी गालियां देते हुए घर पर आ गए और पथराव करने लगे जब उनका विरोध किया तब यूके लोगों ने धर्मेंद्र के साथ मारपीट की और बाइक के बैग में रखी माइक आईडी भी निकाल कर सड़क पर फेंक दी।

शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए तब युक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गुप्त रोग लोगों ने आज सुबह 9:30 बजे फिर मेरे भाई धर्मेंद्र पर हमला किया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

# जोया चौराहे का होगा सौंदर्यकरण

## पुलिस सुरक्षा में हुई बोर्ड की बैठक, कई अन्य प्रस्तावित भी पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** नगर पंचायत जोया के इतिहास में पहली बार सभासदों के अनुरोध पर बोर्ड की बैठक पुलिस

### सभासद पतियों को किया बैठक से बाहर

सुरक्षा में हुई। इस दौरान सभासद पतियों को बैठक से बाहर कर दिया गया। चौराहे के सौदर्यकरण समेत कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए।

बोर्ड की मासिक बैठक जुबेर अहमद अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यालय सभा कक्ष में संपन्न हुई इससे पूर्व बोर्ड की बैठक 13 अक्टूबर को बुलाई गई थी जिसमें आठ सभासद उपस्थित नहीं हुए थे इस कारण बैठक स्थगित कर दिनांक 17 अक्टूबर की तिथि नियत की गई उक्त तिथि को सात सभासद उपस्थित नहीं हुए थे तो अध्यक्ष द्वारा बैठक स्थगित कर पुनः बैठक की तिथि 25 अक्टूबर को नियत की गई जिसका एजेंडा पंजीकृत डाक से सभासदों को भेजा गया निर्धारित तिथि 25 अक्टूबर को बैठक से पूर्व 8 सभासदों द्वारा शांति भंग होने की आशंका वह दबंगई का हवाला देते हुए एसडीएम अमरोहा से पुलिस बल की मांग की गई प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डिडौली द्वारा बैठक के समय पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया जिनकी मौजूदगी में बोर्ड की बैठक प्रारंभ हुई।



बैठक में जोया अमरोहा चौराहे के सौंदर्य करण का प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें लाइटिंग एलईडी लगाकर जनपद के प्रवेश द्वार सौंदर्य करण कराया जाना प्रस्तावित है इसके अतिरिक्त अमरोहा रोड पर कब्रिस्तान के आगे जी वी पी पॉइंट समाप्त कर पौधारोपण किया जाएगा। जोया नगर पंचायत के इतिहास में पहली बार कुछ सभासदों के अनुरोध पर पुलिस की मौजूदगी में बोर्ड की बैठक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई बैठक प्रारंभ होने से पूर्व अध्यक्ष जुबेर अहमद ने महिला सभासदों के साथ आए उनके पतियों को बैठक से बाहर कर महिलाओं को बैठक में उपस्थित रहकर कार्यवाही में भाग लेने का अनुरोध किया इस अवसर पर वीरवती सैनी मंगेश देवी मुगीस अहमद अताउररहमान मोहम्मद दानिश रफीक अहमद इरशाद परवीन अशरफी बेगम जायदा खातून मोहम्मद वाजिद भूरा मोहम्मद नसीम सभासद तथा विनीत गुप्ता जीशान अली प्रतिनिधि के अतिरिक्त विपिन कुमार सिंह सेंगर अधिशासी अधिकारी नदीम अख्तर जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय विजय प्रसाद शर्मा कार्यालय अधीक्षक उपस्थित रहे।

# विरोधी खेमे के सभासदों के हाथ नहीं लगी फूटी कौड़ी

## छड़ी मेले व बोर्ड की बैठक का बायकाट भी नहीं आया काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** लगातार छह माह से चेयरमैन व बोर्ड की बैठक का बायकाट कर रहे विरोधी खेमे के सभासदों को फूटी कौड़ी हाथ नहीं लगी।

बताते चलें कि नगर में कुछ माह पहले छड़ी मेला लगा था। विरोधी खेमे के आठ सभासद चेयरमैन से छड़ी मेला लगाने की एवज में पैसों की डिमांड कर रहे थे। इस दौरान उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि पिछले साल उन्हें प्रति सभासद 25 हजार रूपये मिले थे इस बार भी उन्हें उतने ही पैसे मिल जायेंगे। इसके बावजूद विरोधी खेमे के आठ सभासदों ने चेयरमैन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। वह कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने डीएम से छड़ी मेला बंद कराने की मांग की तो शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो व मुरादाबाद में अपर आयुक्त से मुलाकात कर छड़ी मेले को अवैध बताते तत्काल इसे बंद कराने की मांग की थी। इस सबके बावजूद छड़ी मेला सकुशल सम्पन्न हुआ। उधर चेयरमैन जुबैर अहमद ने मन बना लिया कि वह सभासदों को अब फूटी कौड़ी भी नहीं देंगे। जिस पर सभासदों ने बोर्ड की बैठक का बहिष्कार करना शुरू कर दिया। दरअसल सभासदों की चिंता विकास की नहीं बल्कि जेब गर्म करने की रही। नगर के मोहल्ला जोई से चुनाव जीते एक सभासद का कहना था कि उसने इस बार चुनाव में आठ लाख रूपये खर्च किये हैं। वह चुनावी खर्च को कहां से पूरा करे। दो बार कोरम पूरा न होने के कारण बोर्ड की बैठक स्थगित कर दी गयी। चूंकि आज बोर्ड की बैठक बुलायी गयी थी तो विरोधी खेमे के सभासदों ने प्रशासन से अपनी जान का खतरा बताते हुए पुलिस सुरक्षा में बोर्ड की बैठक कराये जाने की मांग की। पुलिस सुरक्षा में बोर्ड की बैठक हुई तो चेयरमैन ने महिला सभासद पतियों को बोर्ड की बैठक से बाहर करा दिया। चेयरमैन जुबैर अहमद का विरोध करने के बावजूद विरोधी खेमे के आठ सभासदों के हाथ कुछ नहीं लगा तथा वह हाथ मलते रह गये।

# चोरी की झूठी सूचना देने वाला ही निकला साजिशकर्ता

## बीस लाख रूपये चोरी की दी थी सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** 20 लाख रूपये चोरी होने की झूठी सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर पुलिस को चोरी की झूठी सूचना देने वाले ने ही कैश बरामद करा दिया।

शनिवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी समरपाल ने डायल 102 पुलिस को घर में चोरी होने की सूचना दी। चोरी की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीओ दीप कुमार पंत कोतवाल प्रेम पाल सिंह क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। समरपाल ने पुलिस को बताया कि चोरों ने भाई सोनू के घर से 16 लाख रुपये और सोने चांदी के जेवरात को चोरी कर लिया है। उसने एक बीघा जमीन बेचकर रकम घर में रख दी थी। उसने यह भी बताया कि चोरों ने रामवीर के घर से 20 हजार रुपये और आभूषण भी चुराये हैं। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने समरपाल से कड़ाई से पूछताछ की तो वह टूट गया। आटा चक्की में रखे 8 लाख रुपये पुलिस को बरामद करा दिये। पुलिस ने उसे व उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया। उसने बताया कि उसकी बहन का घर गांव भीमा ठीकरी में है। बाकी कैश को बरामद कराने के लिए पुलिस समरपाल को उसकी बहन के घर ले गई। पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से समरपाल ने रिश्ते के भाई रामवीर सिंह के घर के पिछले हिस्से में कूमल भी किया था। बताया जा रहा है कि समरपाल का भाई सोनू अपनी पत्नी पिंकी की मौत के मामले में जेल में बंद है। पिंकी का शव खेत पर फांसी पर फंदे पर लटका हुआ मिला था। पुलिस फर्जी चोरी का जल्द खुलासा करेगी।



### भाई की रकम हड़पने को रची थी साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** जेल में बंद सोनू के हिस्से की जमीन 12 लाख 25000 में बेची गई थी। इस पैसे को हड़पने के लालच से समरपाल ने चोरी की साजिश रच दी थी। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि 10 लाख रुपये का कैश बरामद कर लिया गया है। साथ ही समरपाल को हिरासत में लेकर उसका चालान कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। वहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

# आतिशबाजी के विवाद में पांच पर रिपोर्ट

## दिवाली के दिन दो पक्षों में हुआ था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** दीपावली के दिन रास्ते में पटाखे छोड़ने से मना करने पर कुछ लोगों ने किशोर के साथ मारपीट की। बचाव करने पर उसे के पिता का सिर फोड़ दिया, मारपीट करके नाक तोड़ दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते हालात संभाले। मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के बागड़पुर इम्मा गांव में नन्हे सिंह का परिवार रहता है। दीपावली की रात नन्हे सिंह का बेटा बिट्टू गांव में दीपक जलाने गया था। तभी गांव के रहने वाले अनुज, अनिल, राघव, गोल्डी उर्फ भूरे, सत्येंद्र रास्ते में पटाखे छोड़ रहे थे। पटाखों के साथ लोहे की संतरी से पटाखे फोड़ रहे थे। इस दौरान रास्ते से जा रहे बिट्टू ने पटाखे छोड़ने से रूकने के लिए कहा तो उन्होंने गालियां दीं। विरोध करने पर बिट्टू के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी गांव के रहने वाले अमित कुमार ने सभी लोगों को समझाकर शांत कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने रास्ते में जाते समय अमित के साथ मारपीट की। सूचना मिलते ही नन्हे सिंह मौके पर पहुंच गए तो आरोपियों ने उनकी भी पिटाई कर दी। इतना ही नहीं पटाखे छोड़ने की संतरी से सिर फोड़ दिया और हाथ का कड़ा मार कर नाक तोड़ दी। इस दौरान किसी तरह नन्हे सिंह जान बचाकर वहां से भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और बिगड़ते हालात संभाले। पुलिस को देखकर आरोपी वहां से भाग निकले। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में अनुज, अनिल, राघव, गोल्डी उर्फ भूरे और सत्येंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# नौ प्रतिशत ब्याज से भुगतान करे एजेंसी

## उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उपभोक्ता फोरम ने दिल्ली युनिवर्सिटी में एडमिशन न कराने पर एजेंसी को तीस हजार रूपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करने के आदेश दिये हैं।

जोया रोड स्थित आरजू कॉलोनी निवासी कारोबारी विशाल महेश्वरी के बेटे कार्तिकेय ने 12वीं की परीक्षा सीबीएसई बोर्ड से पास की थी। उन्हें कार्तिकेय का दिल्ली यूनिवर्सिटी में एडमिशन कराना था। लिहाजा, इसके लिए उन्होंने एक एजेंसी से संपर्क किया जो बड़ी यूनिवर्सिटियों में एडमिशन कराने में सहायता करती है और उसके बदले में अपनी फीस लेती है। 30 जुलाई 2023 को एजेंसी ने 30 हजार रुपये लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ साउथ कैंपस में एडमिशन कराने के लिए फाइल तैयार करा दी। लेकिन, बाद में एडमिशन नहीं कराया। विशाल माहेश्वरी ने जब एजेंसी से अपने पैसे मांगे तो 19 अगस्त 2023 को उन्हें ईमेल के भेजकर एडमिशन नहीं करा पाने की बात कही, 27 फरवरी 2024 तक पैसे लौटाने का दावा किया। लेकिन इसके बावजूद तय तारीख पर पैसे वापस नहीं किए। लिहाजा, कारोबारी विशाल माहेश्वरी और उनके बेटे कार्तिकेय माहेश्वरी ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेकर आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने एजेंसी के अधिकारियों को तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एजेंसी को सेवा में कमी का दोषी पाया। 30 हजार रुपये का भुगतान वाद दायर करने की तारीख से नौ प्रतिशत ब्याज समेत करने का आदेश दिया। साथ ही मानसिक व आर्थिक पीड़ा के लिए पांच हजार और वाद व्यय के रूप में भी एजेंसी को पांच हजार रुपये और देने होंगे।

# प्रेमी के घर पहुंच शादी की जिद पर अड़ी रामपुर की युवती

## सूचना पर युवती के परिजन भी पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** रामपुर जिले के एक गांव निवासी युवक की बेटी शनिवार को प्रेमी से शादी की जिद लेकर डिडौली कस्बे में उसके घर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, युवती की मुलाकात डिडौली निवासी युवक से एक रिश्तेदार के घर आयोजित शादी समारोह के दौरान हुई थी। इसी दौरान दोनों के बीच मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान हुआ और करीब पांच वर्षों से दोनों के बीच फोन पर बात. चीत चलती रही।युवती ने बताया कि वह बालिग है और युवक भी उसी समाज का है। उसके स्वजन उसकी शादी किसी अन्य स्थान पर तय करना चाहते हैंद्य जबकि वह अपने प्रेमी से ही विवाह करना चाहती है। शनिवार दोपहर युवती अचानक डिडौली पहुंची और प्रेमी के घर जाकर शादी की जिद पर अड़ गई। युवक के स्वजनों ने पूरे मामले की जानकारी युवती के स्वजनों को फोन पर दी। सूचना मिलते ही युवती के स्वजन डिडौली के लिए रवाना हो गए हैं। फिलहाल दोनों परिवारों के बीच बातचीत जारी है।

# पीडीए का मकसद समाज के हर तबके को जोड़ना: भाटी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों, नौजवानों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी जी अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह पार्टी है जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर और नौजवानों की सच्ची आवाज है। उन्होंने कहा कि पीडीए चौपाल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को जोड़ना और समाजवादी विचारधारा के माध्यम से समानता, न्याय और भाईचारे का संद. ेश देना है। श्री भाटी जी ने कहा कि समाजवादी पार्टी संघर्ष, सेवा और समर्पण की पार्टी है। जिसने हमेशा वंचितों और कमजोरों के हक की लड़ाई लड़ी है। कार्यक्रम में काँठ विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद कमाल अख्तर ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी आंदोलन सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति है। जो सबको साथ लेकर चलने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि पीडीए चौपाल का यह अभियान अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाज के हर तबके को जागरूक करने और पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुँचाने का कार्य कर रहा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव, नूर सबा, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष फैसल अल्वी, अखिलेश जाटव, नगर अध्यक्ष खालिद अंसारी, बदर कुरैशी, ब्रहमपाल सिंह पंवार, रूबी कौसर, सिंह यादव सुरेंद्र भाटी आलोक भारती डॉक्टर कैसर परवेज अखिल प्रधान यशवीर नगर अमित गुर्जर पूर्व विधायक प्रीतम सिंह जितेंद्र जी राहुल नगर मलखान सिंह गुर्जर आदि मौजूद थे।

# मोटर स्टार्टर चोरी करने वाले गैंग का खुलासा

## पुलिस ने तीन शातिरों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** नौगावां सादात पुलिस ने मोटर स्टार्टर चोरी वाले गिरोह का खुलासा किया है। शहर के रहने वाले तीन शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की है। जिनके कब्जे से सात स्टार्टर, बिजली के केबल, डोरी, तांबे का अर्ध जला तार, दो अधकटे लोहे के सरिया, प्लास, कटर आदि सामान बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

दरअसल, 24 अक्तूबर की सुबह थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा में रहने वाले नूर नबी व अन्य किसानों के अलावा गांव गजस्थल निवासी किसान संजीव कुमार ने थाने पहुंचकर नलकूप से स्टार्टर व अन्य सामान चोरी किए जाने की सूचना दी थी। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस चोरी की इन घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह की सुरागकशी में जुटी हुई थी। इसी कड़ी में संदिग्धों की धरपकड़ के लिए प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, दरोगा प्रमोद कुमार, हेड कांस्टेबल सुधीर कुमार, कांस्टेबल विजेंद्र व वैभव मलिक शाम में करीब साढ़े सात बजे गांव बहादुरपुर खुर्द से जोड़ने वाले तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान पुलिस टीम ने शक होने पर तिराहे से गुजर रहे तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम मुजम्मिल निवासी मोहल्ला रेता, सालिम व सुहैल निवासी मोहला मोहम्मदी सराय बताया। सख्ती बरतने पर तीनों ने गांव सैदपुर व गजस्थल में किसानों के नलकूप से स्टार्टर व अन्य सामान चोरी किए जाने की घटनाएं स्वीकार कर लीं। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि तीनों शातिर चोर हैं तथा इनका अपराधिक रिकॉर्ड भी है। आरो. पियों के कब्जे से सात स्टार्टर, केबिल व तांबे का तार के अलावा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, रिमांड मंजूर होने पर जहां से जेल भेज दिया गया है।

# चोर कहने का विरोध करने पर युवक को मारी गोली

### थाना क्षेत्र के गांव शहबाज पुर में देर रात हुई घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के सामने खड़े युवक को कुछ लोगों ने पहले चोर कहकर संबोधित किया, जब युवक ने उनकी हरकत का विरोध किया तो उसके साथ लाठी डंडो से मारपीट करते हुए तमंचे से गोली मारकर घायल कर दिया।

पुलिस ने पिता, दो पुत्रों समेत चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर निवासी शौकत का पुत्र पप्पू शुक्रवार की रात 11 बजे अपने घर के बाहर खड़ा था। आरोप है कि गांव के ही निवासी आबिद उर्फ चैम्पियन, उसके दो पुत्र ताज मोहम्मद व सोनू और मुस्तकीम ने पप्पू को चोर चोर कहना शुरू कर दिया। पप्पू ने इस बात का विरोध किया तो इन लोगों ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की और ताज मोहम्मद ने तमंचे से गोली मार दी, जो पप्पू की कमर पर लगी और वह घायल हो गया। घटना से काफी देर तक शोर-शराबे की स्थिति बनी रही। घटना को अंजाम देकर आरोपी भाग गए, जबकि परिजन घायल को अस्पताल ले गए, जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया। इस समय घायल का उपचार मेरठ के निजी अस्पताल में चल रहा है। हल्का दरोगा सुभाष चौहान ने बताया कि पप्पू के भाई ताहिर की तहरीर के आधार पर आबिद उर्फ चैम्पियन, उसके दो पुत्रों ताज मोहम्मद व सोनू और मुस्तकीम के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

### संवाद कर बढ़ाया हौंसला

**चिलकाना।** थाना मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला एसआई सुमन द्वारा नगर में महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।इस दौरान एसआई द्वारा सभी महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया तथा उनकी समस्याएं जानी गई एव योजना सम्बन्धी पंपलेट भी वितरित किये गए।

### पुलिस ने ठग को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता आदमपुर।** पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार कर 45 हजार रूपये की नकदी, एक मोबाइल व एक बाइक बरामद की है। 22 अक्टूबर को सरदार सिंह पुत्र जालिम सिंह निवासी गांव दमगढ़ा किसी काम से कहीं जा रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी बघिया से नकदी व गैस सिलेंडर दिलाने के बहाने ठग ने 57 हजार रूपये ठग लिये। जिसकी सूचना थाने में दी गयी। इससे पूर्व भी ठग कई लोगों को अपना शिकार बना चुका था। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि रिहान उर्फ मिंजार पुत्र अनवर निवासी गांव अचोड़ा जिला संभल इस मामले में संदिग्ध है। पूछताछ कर पुलिस ने उससे ठगी का सामान व नकदी बरामद की है।

### महिला की गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 50 वर्षीय पत्नी 28 सितंबर को अचानक घर से बिना किसी को कुछ बताए लापता हो गई। परिजनों ने रिश्तेदारों व आस-पास के क्षेत्रों में काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।काफी खोजबीन के बाद गुरुवार को परेशान पति कोतवाली पहुंचा और पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर महिला की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# धूमधाम से निकली महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा

## लोगों ने पुष्पवर्षा कर किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** महाराजा अग्रसेन जयंती पर शनिवार को नगर में श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकता का ऐसा रंग दिखा जिसने शहर को उत्सवमय बना दिया। अग्रवाल सभा के बैनर तले निकली शोभायात्रा का मार्गभर भव्य स्वागत किया गया। प्रेस क्लब धनौरा रजिस्टर्ड, सैनी समाज सहित अन्य संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा और पटका पहनाकर किया गया स्वागत विशेष आकर्षण रहा।

गढ़ी मंदिर धर्मशाला में पूजा-अर्चना और मंगल वैदिक ध्वनि के बीच शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। जैसे ही शोभायात्रा नगर मुख्य मार्गों से आगे बढ़ी, जय महाराजा अग्रसेन के जयघोष, ढोल-नगाड़ों एवं बैंड-बाजों की धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। यात्रा पुराना स्टेट बैंक तिराहा, अग्रसेन बाजार, हरदेव बाजार, कंचन बाजार, मुख्य चौक सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज पर पहुंची, जहां शोभात्मक समापन हुआ। शोभायात्रा में रथ पर विराजमान महाराजा अग्रसेन की भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा एक रुपयाख्रएक ईंट की प्रेरक झांकी के माध्यम से अग्रसेन के समाज सेवा और सामूहिक सहयोग सिद्धांत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा अध्यक्ष पंकज सिंघल, महिला सभा अध्यक्ष सिम्मी अग्रवाल, युवा अध्यक्ष अक्षय अग्रवाल, पालिक. ाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, सुशील गर्ग, विकास घरोटिया, अभिषेक गोयल, एडवोकेट कमल गुप्ता, मोहि. हत गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, चन्द्रशेखर गर्ग, शरद गर्ग, कुसुमलता गोयल, श्याम गर्ग, गितेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, ज्ञानेन्द्र कुमार उर्फ कमल सहित नगर के प्रबुद्धजन, व्यापारी व समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




मंडी धनौरा। नगर में निकली महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा में शामिल समाज के लोग।

# रोहित शर्मा की सेंचुरी, कोहली के रिकॉर्ड से जीता भारत



**● तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया, हर्षित को 4 विकेट सीरीज में 2-1 से हारे**

**सिडनी, वार्ता।** हर्षित राणा (चार विकेट) के बाद रोहित शर्मा (नाबाद 121) व कोहली (नाबाद74) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया।

237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में जॉश हेजलवुड ने शुभमन गिल को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। शुभमन गिल ने 26 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (24) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी विराट कोहली ने रोहित शर्मा के साथ ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। रोहित ने 33वें ओवर की आखिरी एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया।

यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित का नौवां शतक है। उन्होंने अपना शतक पूरा करने के लिए 105 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और दो छक्के लगाये। दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर खबर ली और दूसरे विकेट के लिए 168 रनों अविजित साझेदारी कर भारत को 38-3 ओवर में 237 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। रोहित शर्मा 124 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद121) रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली ने 81 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (नाबाद74) रन बनाये। विराट ने नेथन एलिस की गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों यह श्रृंखला 3-1 से जीती ली है। ऑस्ट्रेलिया की ओर एकमात्र कामयाब गेंदबाज हेजलवुड रहे। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरे ट्रैविस हेड और कप्तान मिचेल शर्मा की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 10वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने ट्रैविस हेड 25 गेंदों में (29) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मैथ्यू शॉर्ट ने मिचल मार्श के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान अक्षर पटेल ने 16वें ओवर में मिचेल मार्श (41) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मैट रेनशॉ ने मैथ्यू शॉर्ट के साथ चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। मैथ्यू शॉर्ट (30) को 23वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने आउट किया। एलेक्स(24), मिचेल ओवेन (एक) को हर्षित राणा ने आउट किया। मैट रेनशॉ ने 58 गेंदों का सामना किया और अपनी 56 रनों की पारी में दो चौके लगाये। उन्हें भी 37वें ओवर में हर्षित राणा ने आउट किया। मिचेल स्टार्क (दो) को कुलदीप तथा नेथन (16) को प्रसिद्ध ने आउट किया। हर्षित ने 47वें ओवर की दूसरी गेंद पर कूपर (23) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर हेजलवुड (शून्य) को आउटकर किया।

## जैमीसन इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से हुए बाहर

**लंदन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन बाएं हिस्से में अकड़न के कारण रविवार से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि काइल को आज (शनिवार) गेंदबाजी करने के बाद अपनी बांयी ओर थोड़ी अकड़न महसूस हुई और हम गर्मियों के इस स्टेज पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते थे। हमें लगा कि उसके लिए इस वनडे सीरीज से बाहर रहना और खुद को वेस्टइंडीज टूर के लिए तैयार करने का सबसे अच्छा मौका देना बेहतर होगा।

## रोहित वनडे में 100 कैच लेने वाले क्लब में शामिल

**● तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान रोहित ने यह उपलब्धि हासिल की**

**सिडनी, वार्ता।** रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 100 से ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय क्रिकेटरों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गए हैं, जिससे एक क्षेत्ररक्षक के रूप में उनकी कुशलता का पता चलता है। उन्होंने आज सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

भारत के शीर्ष क्षेत्ररक्षकों की सूची में विराट कोहली (163), मोहम्मद अजहरुद्दीन (156), सचिन तेंदुलकर (140), राहुल द्रविड़ (124) और सुरेश रैना (102) भी शामिल हैं। रोहित का प्रभाव मैच में पूरी तरह से दिखा, जहां उन्होंने दो महत्वपूर्ण कैच लपके। 37.4वें ओवर में, हर्षित राणा ने मिशेल ओवेन को एक तेज लेंथ की गेंद फेंकी, जो पीछे हटकर गेंद को किनारे से पहली स्लिप में ले गए। रोहित ने कैच को आसानी से पकड़ लिया, जिससे राणा को तीन ओवर में अपना दूसरा विकेट मिला। बाद में, 43.5वें ओवर में, प्रसिद्ध कृष्णा ने नाथन एलिस को धीमी यॉर्कर गेंद फेंकी, लेकिन वह लो फुल-टॉस में बदल गई। एलिस ने स्लॉग करने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और रोहित ने मिड-विकेट पर एक आसान कैच लपका।

### रोहित शर्मा ने जड़ा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना नौंवा शतक

**सिडनी, वार्ता।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने सभी आलोचनाओ को विराम देते हुए शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना नौंवा शतक जड़ा। यह उनके एकदिवसीय करियर का 33वां शतक है। यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में रोहित शर्मा ने 21वें ओवर की चौथी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। ये उनका इस सीरीज में लगातार दूसरा अर्द्धशतक था। इससे पहले एडिलेड में भी उन्होंने 73 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों की खबरा लेते हुए अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर का पचासवां शतक पूरा किया। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में 12, एकदिवसीय में 33 और टी-20 में पांच शतक बनाये है। वह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में यह कारनामा करने अकेले बल्लेबाज है। उन्होंने 105 गेंदों में 11 चौके और दो छक्कों की मदद से 100 रन बनाये। उन्होंने एडम जम्पा की गेंद पर एक रन लेकर अपने एकदिवसीय करियर का 33वां शतक पूरा किया।

## नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है: रोहित शर्मा

**● प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए रोहित**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को मैच विजयी नाबाद शतकीय पारी खेले वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए रोहित ने कहा कि यहां आकर खेलना हमेशा अच्छा लगता है।

2008 की यादें अब भी ताजा हैं। पता नहीं हम दोबारा ऑस्ट्रेलिया आएंगे या नहीं। हम क्रिकेट का आनंद उठाते हैं, चाहे हमें कितनी भी उपलब्धियां क्यों न मिलें। हमने पर्थ में नए सिरे से शुरुआत की थी। मैं चीजों को इसी तरह देखता हूं। पिछले 15-17 साल को भूल कर एक नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि आप ऑस्ट्रेलिया में मुश्किल परिस्थितियों की उम्मीद करते हैं। आपको कुछ बेहतरीन गेंदबाजो का सामना करना पड़ता है। चीजो को समझते हुए, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होता है। मैं लंबे समय से खेल से दूर था लेकिन मैंने तैयारी काफी अच्छी तरह से की। इससे थोड़ा आत्मविश्वास आया है। हम सीरीज जीत नहीं सके, फिर भी कई सकारात्मक चीजे हैं। युवा टीम है, उनके लिए बहुत कुछ सीखने को होगा। जब मैं टीम में आया था, मुझे याद है कि सीनियर्स ने कैसे हमारी मदद की थी, अब यह हमारा काम है कि हम भी वैसा ही करें।

## एशियन यूथ गेम्स में ओशिन व एडविना ने जीते रजत पदक

**● ओशिन अपने पहले ही प्रयास में 43.38 मी.का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रही**

**बहरीन, वार्ता।** भारत की ओशिन ने (डिस्कस थ्रो) और एडविना जेसन (400 मीटर) ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में रजत पदक जीते। बहरीन नेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को खेलते हुए ओशिन ने अपने पहले ही प्रयास में 43.38 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रही और चीन की शिनई वांग ने 55.38 मीटर की थ्रो के साथ डिस्कस थ्रो का स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे की युन-झेन शिह ने नौ एथलीटों के बीच 43-00 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। ओशिन ने पूरी सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, अपने छह थ्रो में से पांच में 40 मीटर का मार्क पार किया। वांग ने 50 मीटर से ज्यादा के लगातार प्रयासों से इस स्पर्धा पर दबदबा बनाए रखा। एशियन यूथ रिकॉर्ड 60.50 मीटर है, जो चीन की लियांग यान के नाम है। इस बीच एडविना जेसन ने बाद में दिन में लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में 55.43 सेकंड के समय साथ रजत पदक जीता। अमेरिका की आयशा तारिक ने 54.26 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चीनी ताइपे की चिया-यिंग वू ने 56.60 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। भारत की तन्नू 58.49 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पहले दिन में, पलाश मंडल ने लड़कों की 5000 मीटर वॉक में 24:48.92 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। चीन के हाओजे झांग ने 21:43:82 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता और उनके हमवतन युजी लू ने 22:28:64 के समय के साथ रजत पदक जीता। भारत के नितिन गुप्ता के नाम लड़कों की 5000 मीटर वॉक में 19:24:48 का एशियन यूथ रिकॉर्ड है, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था। लाइट्स में लड़कों की हाई जंप में, भारत के जुबिन गोहेन ने 2.03 मी. क्लियर करके कांस्य पदक जीता, वह चीनी ताइपे के काई-लुन से ठीक पीछे रहे।

**खेल विशेष**

## भारत विश्व कप ग्रुप चरण में जीत से अभियान समाप्त करने को तैयार

**नवी मुंबई, वार्ता।** आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय महिला टीम कल डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में बांग्लादेश महिला टीम से भिड़ेगी। यह आखिरी लीग मैच है, लेकिन इस दिन के लिए शांत रहने की उम्मीद न करें। पिछली हार से आहत मेजबान टीम अब लय में लौट आई है और ग्रुप चरण का अंत शानदार तरीके से करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, बांग्लादेश ने पूरे टूर्नामेंट में संघर्ष किया है।

छह मैचों में से केवल एक जीत के साथ वह तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। जज्बा? हां। निरंतरता? बिल्कुल नहीं। वे कोशिश करेंगे, संघर्ष करेंगे, लेकिन इतिहास उनके पक्ष में नहीं है क्योंकि भारत ने उन्हें वनडे में आठ में से सात बार हराया है। स्मृति मंधाना, प्रतीका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर भारत की बल्लेबाजी की रीढ़ रही हैं, जबकि दीप्ति शर्मा ने एक अनुशासित और खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। बांग्लादेश की नजरें सोभना मोस्तरी, शर्मिन अख्तर, निगार सुल्ताना और राबेया खान पर होंगी जो कोई सरप्राइज देंगी, लेकिन संभावनाएं प्रबल हैं। डीवाई पाटिल की पिच स्ट्रोक्स खेलने के लिए अनुकूल है।

यहां बल्लेबाजी काफी अच्छी हो सकती है, हालांकि बीच के ओवरों में स्पिनरों का बोलबाला रहेगा। लेकिन बारिश के कारण इस मैच पर खतरा मंडरा रहा है, कल दोपहर भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है, कोई भी रुकावट टीमों को अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार करने पर मजबूर कर सकती है। अच्छी फॉर्म में, आत्मविश्वास से भरी और स्पष्ट मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ, भारत से बांग्लादेश को आसानी से हराने की उम्मीद है। मेहमान टीम के लिए यह दिन गर्व से खेलने, एक शीर्ष टीम के खिलाफ खुद को परखने और सिर ऊंचा करके विदा लेने का होगा।

## लक्ष्य ने टॉप सीड खिलाड़ी को चौंकाया



**● अंडर-17 बालिका एकल क्वार्टरफाइनल में थाइलैंड की ललिता को 11-21, 21-16 व 21-19 से हराया**

**चेंगदू, वार्ता।** चेंगदू में चल रही बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को नए मुकाम पर पहुंच गया, जहां पांच भारतीय शटलरों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और पदक भी पक्के किए। दिन का मुख्य आकर्षण लक्ष्य राजेश का रहा, जिन्होंने अंडर-17 बालिका एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड की ललिता सत्तायाथाकून को 11-21, 21-16, 21-19 से हराकर जबरदस्त वापसी की। उनकी जीत ने भारतीय दल के लिए एक शानदार ऑल-राउंड दिन का समापन किया, जो अब कई सेमीफाइनल श्रेणियों में खेल रहा है। लक्ष्य के साथ अंतिम चार में छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा सुधाकर भी पहुंच गईं, जिन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया की रईस्या अफ्फातुनिसा को 21-17, 21-8 से हराया। लड़कों के एकल वर्ग में, जगशेर सिंह खंगुरा ने हांगकांग के झान शिंग युई को सीधे गेमों में 21-13, 21-14 से हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। भारत ने युगल वर्ग में भी अपनी प्रगति का जश्न मनाया, जहां जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश अपने चीनी प्रतिद्वंद्वियों के रिटायर होने के बाद अंडर-17 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए। इससे पहले, शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना मणिमुथु ने जापान की युबुकी अजुमाया को 21-14, 21-16 से हराकर अंडर-15 बालिका एकल सेमीफाइनल में आसानी से प्रवेश किया। दोनों आयु वर्गों में पांच सेमीफाइनलिस्टों के साथ, भारत के युवा शटलरों ने अब तक के अपने सबसे यादगार महाद्वीपीय अभियानों में से एक का प्रदर्शन किया है।

## दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन भारत ने जीते पांच स्वर्ण सहित 14 पदक

**रांची, वार्ता।** दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 (सैफ) के पहले दिन भारतीय एथलीटों ने पांच स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार से शुरु हुई दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप (सैफ) 2025 के पहले दिन पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में उत्तर प्रदेश पुलिस के कांस्टेबल और अखिल भारतीय पुलिस चैंपियनशिप 2024 के विजेता प्रिंस कुमार ने 14:22:17 का समय निकालकर स्वर्ण पदक हासिल किया। श्रीलंका के वक्षण विकनराज ने (14:23:21) और नेपाल के मुकेश बहादुर पाल ने (14:25:54) समय के साथ क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में, भारत ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया जब संजना सिंह (15:38:70) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमवतन सीमा (15:40:55) ने रजत पदक जीता, जिससे मेजबान टीम पहले-दूसरे स्थान पर रही। समरदीप सिंह गिल ने पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा में 19-59 मीटर की थ्रो के साथ खिताब जीता, जबकि हमवतन रवि कुमार ने 17.95 मीटर के साथ रजत और श्रीलंका के मिथुनराज ने 14.68 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में योगिता ने 15.85 मीटर के थ्रो के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमवतन शिक्षा ने 15.83 मीटर के थ्रो के साथ रजत और श्रीलंका की चंद्रशेखर ओविने ने 13.03 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। राशिद, नीरू पाठक, मोहम्मद अशफाक, ओलिम्बा और स्टेफी की भारतीय टीम ने मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा जीतकर पांचवां स्वर्ण पदक जीता। अन्य परिणामों में, श्रीलंका के योदासिंघेगे चामो ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ 10:30 सेकंड के समय के साथ जीती, जबकि भारत के प्रणव गौरव (10:32 सेकंड) और हर्ष राउत (10:42 सेकंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में, श्रीलंका ने दबदबा बनाया, जिसमें मोहम्मद यामिक (11:53 सेकंड) और थानुजी अमाशा (11:72 सेकंड) ने स्वर्ण और रजत और भारत की सुदेशना शिवंकर ने 11:78 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की ट्रिपल जंप में श्रीलंका की हेराथ मुदियांस ने 13:36 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की पूर्वा सावंत (13:03 मीटर) दूसरे स्थान पर रहीं।

## विश्व कुश्ती में भारतीय महिला पहलवानों ने जीते पांच कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** सर्बिया में चल रही अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में 5 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता इस प्रकार हैं:- 55 किग्रा: निशु, 57 किग्रा: नेहा शर्मा, 65 किग्रा: पुलकित, 68 किग्रा: सृष्टि, 76 किग्रा: प्रिया, इसके अलावा, दो भारतीय पहलवानों ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है और कल जापानी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी: 53 किग्रा: हंसिका लांबा, 59 किग्रा: सारिका मलिक।

## लियोनेल मेसी का अर्जेंटीना फुटबॉल फ्रेंडली मैच हुआ स्थगित



**कोच्चि, वार्ता।** लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल टीम का अगले महीने केरल में होने वाला फ्रेंडली मैच स्थगित कर दिया गया है।

स्पर्धा स्पॉन्सर ने शनिवार को मैच स्थगित किये जाने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना को 17 नवंबर को कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक फ्रेंडली फुटबॉल मैच खेलना था।

अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सितम्बर में वेन्यू का निरीक्षण किया था। कोच्चि का दौरा इस साल फीफा अंतर्राष्ट्रीय सत्र के दौरान फ्रेंडली मैचों के लिए ला एल्बिसेलेस्टे की नवंबर के अस्थायी कार्यक्रम का हिस्सा था। स्पॉन्सर ने फीफा से अनुमति मिलने में देरी का हवाला देते हुए कहा कि मैच अगले अंतर्राष्ट्रीय सत्र के दौरान पुनर्निर्धारित किया जाएगा। तारीखों की घोषणा नहीं की गई।

## सिडनी वनडे में अय्यर हुए चोटिल



**सिडनी, वार्ता।** यहां तीसरे वनडे मैच में भारतीय मैदान पर तनाव और चिंता का माहौल देखने को मिला। हर्षित राणा की गेंद पर शानदार कैच लेने के लिए दौड़े श्रेयस अय्यर गेंद को पकड़कर जमीन पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोट लग गई। यह घटना 34वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जिससे एलेक्स कैरी और मैट रेनशॉ के बीच चौथे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी टूट गई। फिजियो दौड़े, टीम के साथी खिलाड़ी इकट्ठा हुए, और इसी चिंता के बीच, भारत के पूर्व वनडे कप्तान रोहित शर्मा आगे आए। उन्होंने अय्यर की हालत का जायजा लिया और उन्हें खुद बाउंड्री तक ले गए। यह एक ऐसा इशारा था जो आंकघें और विवादों से कहीं आगे जाकर बहुत कुछ कहता है। भारतीय ड्रेसिंग रूम से अभी तक अय्यर की हालत पर कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आया है। युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी के बाद श्रेयस अय्यर भारत की चोट की नई चिंता बन गए हैं, जो एडिलेड में दूसरे वनडे में लगी बायीं कोहनी की चोट के कारण सिडनी वनडे से बाहर हो गए थे।

## भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष पर एक साथ खेले जाएंगे कई मैच

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सात नवंबर 2025 को प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक ही समय कई मैचों का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि यह आयोजन भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। सात नवंबर 1925 को देश में पहली हॉकी प्रशासनिक संस्था का गठन हुआ था। इसके बाद 1928 में एम्स्टर्डम ओलंपिक में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। तब से अब तक भारतीय हॉकी टीम ने कुल आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। यह किसी भी देश द्वारा हॉकी में जीते गए सबसे अधिक स्वर्ण पदक हैं। उन्होंने बताया कि 1928 से 1959 का काल भारतीय हॉकी का स्वर्णिम युग माना जाता है। 1980 और 90 के दशक में प्रदर्शन में गिरावट के बाद 1998 से भारतीय हॉकी ने पुनरुत्थान की राह पकड़ी। टोक्यो ओलंपिक 2020 में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीतकर गौरवशाली वापसी की, जिसे 2024 के पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर दोहराया गया जब भारत ने फिर से पदक जीतकर इतिहास रचा। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि भारत अब तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में कुल आठ स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीत चुका है। इसके अलावा, भारत ने 1975 में विश्व कप भी जीता है तथा एशियाई खेलों में चार स्वर्ण, नौ रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किए हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी एशियाई खेलों में सात पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।

# पाक ने अमेरिका को सौंप दिए थे एटमी हथियार

## खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू बोलेः हमने परवेज मुशर्रफ को 'खरीद' लिया था

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जान किरियाकू ने यह दावा किया है। किरियाकू ने कहा कि अमेरिका ने मुशर्रफ को लाखों डॉलर की मदद के जरिए 'खरीद' लिया था। उनके शासनकाल में अमेरिका को पाकिस्तान की सुरक्षा और सैन्य गतिविधियों तक लगभग पूरी पहुंच थी। उन्होंने कहा, हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी। बदले में मुशर्रफ ने हमें सब कुछ करने दिया। किरियाकू ने यह बयान न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि मुशर्रफ ने दोहरे खेल खेले। उन्होंने एक तरफ अमेरिका के साथ दिखावा किया और दूसरी ओर पाकिस्तान की सेना और चरमपंथियों को भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां जारी रखने दिया। किरियाकू ने बताया कि 2002 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे। उन्होंने कहा, इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों के परिवारों को निकाल लिया गया था। हमें लगा कि भारत और पाकिस्तान युद्ध में उतर सकते हैं।

उन्होंने 2001 में संसद हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन पराक्रम का जिक्र किया। किरियाकू ने दावा किया कि अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया। 2008 मुंबई हमलों पर बात करते हुए किरियाकू ने कहा कि मुझे नहीं लगता था कि यह अल-कायदा है। मुझे हमेशा लगता रहा कि ये पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह थे। और ऐसा ही साबित हुआ। असली कहानी यह थी कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैला रहा था और किसी ने कुछ नहीं किया। किरियाकू ने कहा कि भारत ने संसद और मुंबई हमलों के बाद संयम दिखाया पूर्व सीआईए अधिकारी ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान को अमेरिकी कार्रवाई से बचाने में सऊदी अरब का अहम रोल था। सऊदी ने अमेरिका को कहा कि खान को न छेड़ा जाए, जिससे अमेरिका ने अपने प्लान को छोड़ दिया। किरियाकू ने अमेरिकी विदेश नीति पर भी सवाल उठाया और कहा कि अमेरिका लोकतंत्र का ढोंग करता है, लेकिन वास्तव में अपने स्वार्थ के अनुसार काम करता है। उन्होंने यह भी बताया कि सऊदी और अमेरिका का रिश्ता पूरी तरह लेन-देन पर आधारित है, अमेरिका तेल खरीदता है और सऊदी हथियार। किरियाकू ने कहा कि वैश्विक ताकतों का संतुलन बदल रहा है और सऊदी अरब, चीन और भारत अपनी रणनीतिक भूमिका को नया आकार दे रहे हैं। किरियाकू ने खुलासा किया है कि 9/11 आतंकी हमले का जिम्मेदार और अल कायदा का लीडर ओसामा बिन लादेन तोरा बोरा की पहाड़ियों से महिलाओं के कपड़े पहनकर भागा था। किरियाकू ने बताया कि उस समय उन्हें यह भी नहीं पता था कि सेंट्रल कमांड के कमांडर के लिए काम करने वाला ट्रांसलेटर असल में अल-कायदा का एजेंट था, जिसने अमेरिकी सेना में घुसपैठ की थी। उन्होंने कहा कि हम अफगानिस्तान पर बमबारी शुरू करने से पहले एक महीने से अधिक इंतजार कर रहे थे। अक्टूबर 2001 में हमें लगा कि हमने बिन लादेन और अल-कायदा के नेताओं को तोरा बोरा में फंसा लिया है। हम उन्हें पहाड़ी से उतरने के लिए कह रहे थे। ट्रांसलेटर ने जनरल फैंक्स को आश्वस्त किया कि उन्हें सुबह तक इंतजार करने दिया जाए ताकि महिलाएं और बच्चे सुरक्षित बाहर निकल सकें।




- हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी
- अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया

## अमेरिका में एंट्री-एग्जिट के समय हर बार विदेशियों की तस्वीर ली जाएगी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सख्त इमिग्रेशन पालिसी के तहत अमेरिका में अब हर विदेशी की एंट्री और एग्जिट के समय तस्वीर ली जाएगी। यह काम नई फेस रिकग्निशन तकनीक से होगा। इसका मकसद नकली दस्तावेजों को रोकना और देश को सुरक्षित रखना है। अमेरिकी बॉर्डर सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (सीबीपी) ने बताया कि हवाई अड्डों, समुद्री बंदरगाहों और जमीन सीमाओं पर तस्वीरें और जानकारी इकट्ठा की जाएगी। सीबीपी का कहना है कि यह नया सिस्टम आतंकवाद, फर्जी दस्तावेज, वीजा से ज्यादा समय रुकने और गलत जानकारी जैसे खतरों से निपटेगा। यह नियम सभी गैर-नागरिकों पर लागू होगा, चाहे वे अवैध आप्रवासी हों या ग्रीन कार्ड होल्डर्स। यह नियम 2021 में पहली बार सुझाया गया था, लेकिन अब यह ट्रम्प सरकार की सीमा सुरक्षा को मजबूत करने की बड़ी योजना का हिस्सा है।



तमिलनाडु। कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल में बारिश के बीच पानी से भरी सड़क के एक ऊंचे हिस्से पर इंतजार करता एक यात्री।

## हूती विद्रोहियों ने सात और संयुक्त राष्ट्र सहायताकर्मियों को लिया हिरासत में

**सना।** यमन की राजधानी सना में हूती विद्रोहियों ने सात और संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मियों को उनके घरों से हिरासत में लिया है। हूती सूत्रों ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ का यह जानकारी दी।

सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गिरफ्तार सात संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मियों में से चार को आज रात (शुक्रवार) हिरासत में लिया गया, जबकि बाकी को कल (गुरुवार) गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले बुधवार को संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हंस ग्रंडबर्ग ने एक बयान में कहा कि हूती विद्रोहियों के हिरासत से रिहा होने के बाद 12 संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहायता कर्मियों को सना हवाई अड्डे से विमान से बाहर ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार रिहाई में ईरान और ओमान के विदेश मंत्रालयों की मध्यस्थता की थी, दोनों ही हूती समूह के साथ संबंध रखते हैं।

## वियतनाम नेशनल असेंबली ने दो नए उप प्रधानमंत्री की नियुक्ति की

**हनोई।** वियतनाम की 15वीं नेशनल असेंबली ने शनिवार को 2021-2026 के कार्यकाल के लिए गुयेन ची डुंग और माई वान चिन्ह को उप प्रधानमंत्री नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। नेशनल असेंबली की 448 प्रतिनिधियों ने पक्ष में मतदान किया जो राष्ट्रीय असेंबली प्रतिनिधियों की कुल संख्या के 93.72 प्रतिशत के बराबर है।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का निधन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का किंग चुलालोंगकोर्न मेमोरियल अस्पताल में निधन हो गया। वह 93 वर्ष की थी। शाही परिवार के कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक आधिकारिक घोषणा में कहा कि डॉक्टरों की एक टीम सात सितम्बर, 2019 से अस्पताल में राजमाता के स्वास्थ्य की निंगरानी और उपचार कर रही थी, ने पाया कि वह कई शारीरिक प्रणालियों में कई बीमारियों और असामान्यताओं से पीड़ित थीं, जिसके लिए निरंतर चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी।

### चीन में 916 साल पुराना जुनिपर का पेड़ मिला

**शीनिंग।** उत्तर-पश्चिमी चीन के किंघई प्रांत में एक सर्वेक्षण के दौरान 916 साल पुराने जुनिपरस प्रेजेवाल्स्की पेड़ की पहचान की गई है। इसे आमतौर पर किलियन जुनिपर के नाम से जाना जाता है। स्थानीय वन अधिकारियों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। कैदम बेसिन के भीतर बैशुशान में स्थित यह पेड़ अब अपनी प्रजाति का सबसे पुराना पेड़ है। मंगोलियाई-तिब्बती स्वायत्त प्रान्त हाइक्सी के डेलिंघा शहर के वानिकी और चरागाह ब्यूरो द्वारा किए गए इस सर्वेक्षण में दो प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### फ्रांस 2026 में यूक्रेन में तैनात कर सकता है सेना

**पेरिस।** फ्रांस के सेना प्रमुख जनरल पियरे शिल ने कहा है कि सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित करने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो फ्रांस 2026 में यूक्रेन में अपने सैनिकों की तैनाती कर सकता है। फ्रांसीसी न्यूज चैनल बीएफएमटीवी ने शिल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि यदि यूक्रेन का समर्थन करना आवश्यक हुआ तो हम सुरक्षा गारंटी के तहत अपनी सेना तैनात कर सकते हैं। वर्ष 2026 गठबंधन सेनाओं द्वारा चिह्नित होगा।

### श्रीलंका में नशीली दवाओं पर कार्रवाई में दो लाख लोग गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में पुलिस मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के विरुद्ध देशव्यापी अभियान चला रही है जिसके तहत एक जनवरी से 22 अक्टूबर के बीच इससे संबंधित अपराधों के लिए 190000 से जयादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

## ट्रम्प के सीक्रेट दोस्त ने यूएस आर्मी की सैलरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने बताया कि उसने सैनिकों की सैलरी के लिए 130 मिलियन डॉलर (लगभग 1100 करोड़ रुपये) का एक सीक्रेट डोनेशन स्वीकार किया है। यह डोनेशन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक अनजान 'दोस्त' ने दिया है, ताकि सरकारी शटडाउन के दौरान सैनिकों को तनख्वाह मिल सके।

हालांकि इस डोनेशन से कई सवाल खड़े हो गए हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस डोनेशन की बात बताई और दानदाता को देशभक्त कहा। उन्होंने दानदाता का नाम नहीं बताया, क्योंकि वह अपनी पहचान छुपाना चाहता है। अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन को 25 दिन हो गए हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई गई है। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। पेंटागन के प्रवक्ता शान पार्नेल ने कहा कि यह पैसा सैनिकों के वेतन और अन्य सुविधाओं के लिए इस्तेमाल होगा। उन्होंने डेमोक्रेट्स पर सैनिकों का वेतन रोकने का इल्जाम भी लगाया।

- 1100 करोड़ डोनेशन दिया शटडाउन की वजह से अमेरिकी सरकार के खजाने खाली

## अमेरिकी कार्रवाई में ड्रग तस्कारी में शामिल नाव डूबी, छह की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार सुबह बताया कि कैरिबियाई सागर में रात भर चली अमेरिकी सेना की कार्रवाई में ड्रग तस्करी में शामिल एक नाव डूब गई जिससे उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। सितम्बर के बाद इस दसवीं अमेरिकी कार्रवाई में मरने वालों की संख्या 40 से अधिक हो गई है। हालांकि यह किसी संदिग्ध मादक पदार्थ जहाज पर रात में किया गया पहला हमला था। हेगसेथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि इस नाव में मादक पदार्थ थे और वह नाव ऐसे मार्ग से गुजर रही थी जिसे तस्कर इस्तेमाल करते हैं। यह क्षेत्र ट्रेन डी अरागुआ के कब्जे में है जो वेनेजुएला-मूल का कार्टेल है।

# जर्मनी-यूके को छूट, भारत पर निशाना क्यों

## उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलॉग सम्मेलन में पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया

**बर्लिन।** रूस से तेल खरीद को लेकर और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की चर्चा के बीच केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलाग सम्मेलन में पश्चिमी देशों करारा जवाब दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब जर्मनी खुद ही अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मांग रहा है और ब्रिटेन को पहले ही मिल चुका है, तो भारत को क्यों निशाना बनाया जा रहा है।

गोयल की ये बात सुनकर वहां मौजूद यूके की ट्रेड मंत्री क्रिस ब्रायंट ने कहा कि उनकी छूट केवल रासनेफ्ट की एक सहायक कंपनी के लिए है। ऐसे में गोयल ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पास भी तो रासनेफ्ट की एक सहायक कंपनी है, फिर हमें क्यों? उनकी बात सुनकर बैठक में नेता कुछ देर के लिए चुप रह गए। गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत अपनी आर्थिक नीतियों में स्वतंत्र और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखता है और किसी बाहरी दबाव में समझौता नहीं करेगा। गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय आई जब अमेरिका और उसके सहयोगी भारत पर रूस से सस्ता तेल खरीदने को लेकर दबाव बढ़ा रहे हैं। पिछले महीने ट्रम्प प्रशासन ने भारत के कुछ उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाकर कुल टैरिफ लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। भारत ने इसे अनुचित और अन्यायपूर्ण करार दिया है। बता दें कि रूस तेल से खरीद को लेकर अमेरिका लगातार प्रतिबंधों की धमकी दे रहा है। कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड का मानना है कि भारत जैसे देशों पर दबाव डालने से रूस कमजोर होगा और यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर मजबूर होगा, जबकि हाल ही में यूरोपीय संघ ने तीन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए और अमेरिका ने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों रासनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए। इस दौरान पीयूष गोयल ने इस बात भी जोर दिया कि भारत हमेशा से ही अपनी स्वतंत्र व्यापार नीति पर चलता है और हमारे लिए हमारा राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि हम कभी किसी 'डेडलाइन' या 'सिर पर तनी बंदूक' के दबाव में समझौता नहीं करेंगे। गोयल ने दो टूक अंदाज में कहा कि अगर कोई टैरिफ लगाए, तो लगाए। हम नए बाजार खोज रहे हैं, घरेलू मांग मजबूत कर रहे हैं और दीर्घकालिक लचीलापन विकसित कर रहे हैं। गोयल ने भरोसा जताया कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है, 1.4 अरब युवा देश की ताकत हैं, और देश किसी दबाव में आकर कमजोर या अल्पकालिक सौदे नहीं करेगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया कि भारत किसी भी बाहरी दबाव या समयसीमा में व्यापार समझौते नहीं करेगा।

- भारत अपनी आर्थिक नीतियों में स्वतंत्र और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखता है: गोयल



# रंगून से दिल्ली लाई जाएं बहादुर शाह जफर की अस्थियांः बदरे आलम

## अस्थियां रंगून से दिल्ली लाने की मांग को लेकर ज्ञापन शोहरत गढ़ तहसील के एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिद्धार्थनगर।** बहादुर शाह जफर की अस्थियां रंगून से दिल्ली लाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन शोहरत गढ़ तहसील के एसडीएम को सौंपा गया। बहादुर शाह जफर के 251 वीं जयंती पर तहसील शोहरत गढ़ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अब्दुल कयूम रहमानी फाउंडेशन अध्यक्ष बदरे आलम की अगुवाई में भारी संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।



ज्ञापन में मांग किया गया कि 1857 के जंग-ए-आज़ादी के सर्वोच्च सम्राट बहादुर शाह ज़फर की अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव अवशेषों को सम्मान पूर्वक रंगून से लाकर दिल्ली लाया जाए और यहां उनका भव्य राष्ट्रीय स्मारक बनाया जाए। लाल किला पर बहादुर शाह जफर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाये और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बहादुर शाह जफर के नाम पर किया जाये। बहादुर शाह जफर के त्याग एवं बलिदान को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाए जिससे आने वाली पीढ़ियां आज़ादी में उनके द्वारा दिए गए बलिदान को स्मरण कर सकें। देश की आजादी में मुग़ल सल्तनत के आखिरी बादशाह बहादुर शाह जफर के योगदान और उनकी कुर्बानी को देश के महान नेताओं ने महसूस और स्वीकार किया है। इसका उदाहरण है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेई, डा. मनमोहन सिंह, पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज सहित म्यांमार जाने वाला हर सरकारी प्रतिनिधिमंडल महान सेनानी बहादुर शाह जफर के मजार पर जाकर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करता रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं म्यांमार यात्रा के दौरान ऐसे महान सेनानी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1943 में सेनानी बहादुर शाह जफर के मजार पर पहुंच कर वहां की सरकार को पचास हजार रुपये मजार की देखभाल के लिए दान किया था और मजार स्थल से ही दिल्ली चलो का नारा भी दिया था। बदरे आलम ने 1857 के क्रांतिकारी बहादुर शाह जफर पर आधारित पुस्तक एसडीएम को भेंट की। इस दौरान कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष काजी सुहैल अहमद, कैलाश नाथ बाजपेयी, दीपक यदुवंशी, अतहर अलीम, राममिलन भारती, दीपक राजभर, श्यामलाल शर्मा, हरिराम यादव, अनिरूद्ध पाठक, मोहम्मद असलम, सनाउल्लाह, अकबर, हाफिज एजाज अहमद, सबरे आलम, तारिक शानी आदि लोग मौजूद रहे।

## पेंटागन लैटिप अमेरिका में भेज रहा है विमानवाहक पोत

**वाशिगटन।** अमेरिकी सेना, दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में अमेरिकी सेना गेराल्ड आर-फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और एम्बार्क्ड कैरियर एयर विंग को देश के दक्षिणी कमान के जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में भेज रही है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर घोषणा की।

पेंटागन ने कल घोषणा की थी कि अमेरिकी सेना, दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में एक विमानवाहक पोत भेज रहा है। यह उस क्षेत्र में सैन्य शक्ति में नवीनतम वृद्धि है, जहां ट्रंप प्रशासन ने हाल के दिनों में उन नौकाओं पर और भी तेजी से हमले किए हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी दक्षिणी कमान के दायित्व क्षेत्र में मेक्सिको के दक्षिण में लैटिन अमेरिका का भूभाग, मध्य और दक्षिण अमेरिका से सटे जलक्षेत्र और कैरिबियन सागर शामिल हैं। पार्नेल ने कहा कि यह तैनाती राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश के अनुरूप की गई है। वह चाहते हैं कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक संगठनों (टीसीओ) को खत्म करें और नार्को-आतंकवाद का मुकाबला करें। उन्होंने कहा कि ये बल मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और टीसीओ को कम करने तथा खत्म करने के लिए मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाएंगे। स्थानीय विश्लेषक इस कदम को इस बात का संकेत मान रहे हैं कि ट्रम्प प्रशासन अपने कार्टेल-विरोधी अभियान का विस्तार करना चाहता है।

## रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार रात में 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी मनावरहित विमानों को आसमान में रोका और उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया।

मंत्रालय के अनुसार, ड्रोन कई क्षेत्रों में मार गिराए गए। जिसमें रोस्तोव में 20, वोल्गोग्राड में 19, ब्रांस्क में 17, कलुगा में 12, स्मोलेंस्क में 11, बेलगोरोड और मॉस्को में नौ-नौ, वोरोनिश और लेनिनग्राद में आठ-आठ, नोवगोरोड, रियाज़ान और तांबोव में दो-दो, और त्वेर और तुला में एक-एक ड्रोन को हवा में मार गिरया। इस बीच, विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए रूसी राष्ट्रपति के विशेष दूत और रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिव ने कहा कि रूसी और अमेरिकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर सम्मेलन होगा, लेकिन अभी नहीं वह बाद में होगा। दिमित्रिव ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक होगी, लेकिन संभवतः बाद में। उन्होंने कहा कि बैठक रद्द होने के बजाए स्थगित होना बेहतर होता।

# वेनेजुएला पर हमला कर सकता है अमेरिका

## सबसे बड़ा जहाजी बेड़ा भेजा, वेनेजुएला ने भी 5000 मिसाइलें तैनात की

**वाशिंगटन।** अमेरिका जल्द ही वेनेजुएला पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प वेनेजुएला के भीतर ड्रग ठिकानों और उनके तस्करी रूट्स पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं।

हालांकि अभी इस पर आखिरी फैसला नहीं लिया गया। यह जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने व्हाइट हाउस के 3 अधिकारियों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने अमेरिकी नौसेना के सबसे बड़े और एडवांस एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप यूएसे जेराल्ड आर फोर्ड को यूरोप से कैरिबियाई क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ट्रम्प ने सीआईए को वेनेजुएला में सीक्रेट आपरेशन्स करने की अनुमति भी दी है। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी कहा है कि वेनेजुएला के साथ कूटनीतिक बातचीत का विकल्प भी खुला है ताकि अमेरिका में ड्रग्स की आवाजाही को रोका जा सके। अमेरिका के खिलाफ रूसी मिसाइलें तैनात वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मदुरो ने कहा-हमारे पास 5000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी। ये मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है। यूएएस जेराल्ड आर फोर्ड एक न्यूक्लियर-पावर्ड एडवांस्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है।




- ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई

## एलएनए ने अपहृत नाइजीरियाई नागरिकों को रिहा किया

**त्रिपोली।** पूर्वी लीबिया पर नियंत्रण रखने वाली लीबियाई राष्ट्रीय सेना (एलएनए) ने सशस्त्र समूह द्वारा अपहृत नाइजीरिया के नागरिकों को रिहा कर दिया है। एलएनए ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन लोगों को 16 महीने पहले नाइजर के एक सशस्त्र समूह ने अपहृत कर लिया था। एलएनए के युद्ध सूचना प्रभाग ने अपने फेसबुक पेज पर एक बयान में कहा कि लीबिया-नाइजीरियाई सीमा से लगभग 180 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम लीबिया में अल-कतरुन के पास एक गैरकानूनी सशस्त्र समूह द्वारा अपहृत नाइजीरियाई नागरिकों को बचाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था।

# अहमद खान बनाम शाह बानो के किरदार में दिखेंगे इमरान व यामी





**मुंबई।** जंगली पिक्चर्स ने इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म हक का नया पोस्टर रिलीज़ कर दिया है। फिल्म हक को जंगली पिक्चर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। यामी गौतम धर और इमरान हाशमी के नए जारी किए गए किरदार पोस्टर हक की दुनिया की एक दमदार पहली झलक देते हैं। जंगली पिक्चर्स ने इनसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के साथ मिलकर फिल्म हक का निर्माण किया है।

यह एक दमदार ड्रामा है, जो मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम मामले में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहा. सिक फैसले से प्रेरित है। फिल्म में यामी गौतम धर और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं और इसका निर्देशन सुपर्ण एस- वर्मा ने किया है। मध्य प्रदेश के इंदौर की शाह बानो बेगम को 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। इसके बाद शाह बानो ने सर्वोच्च न्यायालय में एक आपराधिक मुकदमा दायर किया, जिसमें उन्होंने अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार जीता। सात साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद, 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया। फिल्म हक 7 नवम्बर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# सायमी ने रोमन हॉली-डे को बनाया एक यादगार मैराथन अनुभव

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेती सायमी खेर ने अपने रोमन हॉलीडे को यादगार मैराथन अनुभव बनाया और रोम 2025 मैराथन में हिस्सा लिया। अभिनेत्री और फिटनेस लवर सायमी खेर ने इस बार अपनी छुट्टियों को दो खुशियों के साथ जोड़ा, परिवार के साथ वक्त बिताना और दौड़ना।

अपनी फिटनेस और एंड्योरेंस स्पोर्ट्स के प्रति जुनून के लिए जानी जाने वाली सायमी इस बार अपने माता-पिता और बहन के साथ छुट्टियां मनाने रोम पहुंची। रोम की खूबसूरत गलियों, इतिहास और खाने का मज़ा लेते हुए उन्होंने हाफ रोम मैराथन में हिस्सा लेने का मौका भी नहीं छोड़ा। सायमी पहले भी आयरनमैन ट्रायथलॉन और कई लंबी दूरी की दौड़ों में भाग ले चुकी हैं। वह हमेशा कहती हैं कि फिटनेस उनके लिए सिर्फ एक रूटीन नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यात्रा के दौरान भी वह किसी न किसी रूप में एक्टिव रहना पसंद करती हैं और इस बार उनकी यह कोशिश उनके परिवार के साथ एक खूबसूरत याद में बदल गई। सायमी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि किसी भी शहर को देखने का सबसे अच्छा तरीका है उसके बीचोंबीच पैदल दौड़ना-उसकी गलियों से होकर, उसकी ऊर्जा को महसूस करते हुए।

जब भी मैं किसी नए शहर में जाती हूं, कोशिश करती हूं वहां एक हाफ मैराथन दौड़ लूं। यह मेरा पसंदीदा तरीका है किसी जगह को जानने का। रोम की दौड़ अब तक की सबसे खूबसूरत रन रही। स्पेनिश स्टेप्स से लेकर ट्रेवी फाउंटेन और अंत में कॉलेजियम तक, ऐसा लग रहा था जैसे किसी पोस्टकार्ड के अंदर दौड़ रही हूं। मौसम बेहत. रीन था, हवा में ठंडक थी और हर मोड़ पर इतिहास बोल रहा था।

कई बार तो भूल गई कि मैं रेस में हूं-बस मुस्कुराते हुए दौड़ती रही और सब महसूस करती रही और 21 किलोमीटर की दौड़ के बाद वो पिज्ज़ा और जेलाटो का हर बाइट वाकई डिज़र्व करती थी। सायमी के लिए यह रोम ट्रिप सिर्फ सैर-सपाटे तक सीमित नहीं रही। यह उनके रनिग के जुनून और परिवार के साथ बिताए अनमोल पलों का संगम थी। परिवार और फिटनेस, दोनों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए, वह लगातार अपने चाहने वालों को एक एक्टिव, खुशहाल और प्रेरणादायक जीवन जीने की प्रेरणा देती रहती हैं - चाहे वे दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हों।

# एस.एस. राजामौली की बाहुबली फिर से दिखेगी सिनेमाघरों में



**मुंबई।** जानेमाने फिल्मकार एस.एस. राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एस. एस. राजामौली की फिल्म बाहु. बली सिनेमाघरों में लौटने को है तैयार है। फिल्म बाहुबली का ट्रेलर अब रिलीज़ हो चुका है, और देश फिर से उस खुशी में डूब गया है, जिसे सिर्फ यह फिल्म ला सकती है। दर्शक फिर से उस भव्यता और भावनाओं को महसूस कर रहे हैं, जिसने एक युग को खास बनाया था और 31 अक्टूबर को फिल्म के ग्रैंड री-रिलीज़ के लिए उत्सुकता अपने चरम पर है। यह ऐसा दिन है जब यह फिल्म देश के सिनेमाघरों में दोबारा दिखाई जाएगी। भारतीय सिनेमा के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखी गई फिल्म, बाहुबली ने कहानी कहने और बॉक्स ऑफिस पर सफलता की परिभाषा ही बदल दी। इसकी फिल्मी महानता और बड़े सांस्कृतिक प्रभाव ने पैन-इंडिया फिल्मों का दौर शुरू किया, जिससे केजीएफऔर पुष्पा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए रास्ता बना। अपनी शानदार तस्वीरों और जबरदस्त कहानी के साथ, बाहुबली सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि भारतीय सिनेमा की असीम संभावनाओं का जश्न है। जहां शोले सबसे लंबी चलने वाली फिल्मों में से एक है, वही बाहुबली 2 अब भी सबसे बड़े बॉक्स ऑफिस हिट्स में से एक है और ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं जो आज भी टूटना मुश्किल हैं।



# कृति खरबंदा ने हाउसफुल 4 की सालगिरह पर जताई खुशी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा ने फिल्म हाउसफुल 4 की छठवीं सालगिरह पर खुशी जताई है। कृति खरबंदा ने अपनी ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 4 की छठवी सालगिरह पर यादों के सफर में एक मनमोहक यात्रा को याद करते हुए अपने सोशल मीडिया स्टोरी पर अपने सह-कलाकारों अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, बॉबी देओल, पूजा हेगड़े और कृति सेनन के साथ न सिर्फ एक पोस्ट शेयर किया है, बल्कि फिल्म को मिल रहे प्यार के लिए दिल से आभार भी व्यक्त किया है। कृति ने अपनी स्टोरी पर एक यादगार तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, ओएमजी। वापस आ गई एनिवर्सरी। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में दिवाली के दौरान रिलीज हुई फिल्म हाउसफुल 4 आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे सफल कॉमिक फिल्मों में गिनी जाती है, जो विशेष रूप से अपनी पुनर्जन्म की कहानी, शानदार सेट और हंसी से भरपूर पलों के लिए दर्शकों की मोस्ट फेवरेट फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म में कृति खरबंदा ने राजकुमारी मीना और नेहा के किरदार में दोहरी भूमिका निभाते हुए अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिग और आकर्षक ऑन-स्क्रीन प्रेजेंस से काफी तारीफें बटोरी थी। कृति खरबंदा उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने अपने चार्म के बल पर कम समय में ही बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई है, उनकी फिल्मों का इंतजार है।

## थामा की सफलता हमारे लिए किसी दिव्य रोशनी से कम नहीं: आयुष्मान खुराना

**मुंबई।** बॉलीवुड के आयुष्मान ने अपनी हालिया रिलीज़ थामा की सफलता पर एक भावनात्मक नोट साझा किया है। फिल्म थामा लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है और अपनी रिलीज के बाद से ही दर्शकों के दिलों में जगह बना रही है। थामा के साथ आयुष्मान ने मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की ऑरिजिन स्टोरीज़ स्त्री, भेड़िया और मुंज्या में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दी है। आयुष्मान ने इंस्टाग्राम पर अपने परिवार और परेश रावल के साथ कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनके साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन लिखा, इस परिवार ने पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ देखा है।

# 31 अक्टूबर से शुरू होगा शाहरुख फिल्म फेस्टिवल



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की कुछ सुपरहिट फिल्म 31 अक्टूबर से सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। शाहरुख खान ने जब से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा है, तब से वह अपने चार्म, बुद्धि और प्यार से लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। दो दशक से भी ज्यादा समय से उन्होंने आइकॉनिक फिल्में और यादगार किरदार दिए हैं, और आज भी वह बॉलीवुड के बादशाह बने हुए हैं। शाहरुख खान ने एक बड़ा एलान किया है कि 31 अक्टूबर से शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल शुरू होगा। शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया पर, अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल का ऐलान किया। उन्होंने लिखा है, मेरी कुछ पुरानी फिल्में दोबारा थिएटर में आ रही हैं। उनमें जो शख्स है, वो ज्यादा बदला नहीं है-बस बाल थोड़े बदल गए हैं और दिल से थोड़ा ज्यादा हैंडसम हो गया है। शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल शुरू हो रहा है 31 अक्टूबर से।

# द ताज स्टोरी 31 अक्टूबर को पूरे भारत में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता परेश रावल की आने वाली फिल्म द ताज स्टोरी नया पोस्टर रिलीज हो गया है।

परेश रावल द्वारा अभिनीत, स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. और सीए सुरेश झा द्वारा प्रस्तुत तथा तुषार अमरीश गोयल द्वारा लिखित और निर्देशित द ताज स्टोरी, अपने धमाकेदार और सोचने पर मजबूर करने वाले ट्रेलर के चलते लगातार चर्चा में बनी हुई है।

इस फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेश्याम हैं। फिलहाल रिलीज से पहले मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें परेश रावल के हाथ में न्याय का तराजू है, जिस पर ताज महल संतुलित है। इस फिल्म का संगीत रोहित शर्मा और राहुल देव नाथ ने तैयार किया है। द ताज स्टोरी भव्य पैमाने पर 31 अक्टूबर 2025 को पूरे भारत में रिलीज होने जा रही है।

